

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, अंग्रेजों को सीधी चुनौती थी अगस्त क्रांति व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण कृष्ण पक्ष अमावस्या विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 259, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम | 35.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान | बादल छाए रहेंगे। बारिश की संभावना | सूर्योदय 05 : 34 सूर्यास्त 18 : 54

बरेली, रविवार, 4 अगस्त 2024




अर्जुन को पसंद आयी जान्हवी कपूर की फिल्म उलझ...16

# भारतीय कृषि वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए उम्मीद की किरण : मोदी

## कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री का स्वागत करते केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान।

- सम्मेलन में दुनिया भर के करीब 1000 प्रतिनिधि भाग ले रहे
- हमारे किसान देश की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में छोटे किसानों को देश की खाद्य सुरक्षा की ताकत बताते हुए शनिवार को कहा कि भारतीय कृषि की विविधता इस देश को विश्व की खाद्य सुरक्षा के लिए आशा की किरण बनाती है। मोदी ने दिल्ली में आयोजित कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) का उद्घाटन करते हुए ये बातें कहीं। यह सम्मेलन भारत में 65 साल बाद आयोजित किया गया है। सात दिवसीय इस सम्मेलन में दुनिया भर के करीब 1000 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जिसमें 40 प्रतिशत से अधिक महिला प्रतिनिधि हैं। सम्मेलन को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी संबोधित किया।

मोदी ने अपने भाषण में कहा कि 65 साल पहले जब भारत ने मैसूर में इस सम्मेलन का आयोजन किया था। उस समय भारत की खाद्य सुरक्षा दुनिया की चिंता का विषय था, आज भारत दुनिया की खाद्य सुरक्षा की चिंता कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व की चुनौतियों को एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के समग्र दृष्टिकोण से ही ही निपटा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत, अपनी जरूरत से अधिक अन्न पैदा करने वाला देश है। दूध, दाल और मसालों के साथ ही अनाज, फल, सब्जियों, कपास, चीनी, चाय, जलीय मछली का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। आज भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा और पोषण सुरक्षा के समाधान देने में जुटा है।

### किसानों के सहयोग के लिए तैयार कर रहे वातावरण

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम अपने किसानों का सहयोग करने के लिए एक पूरा वातावरण विकसित कर रहे हैं। भारत का बहुत जोर जलवायु परिवर्तन के प्रति सहनशील फसलों से जुड़ी अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने पर है। मोदी ने प्रतिनिधियों को बताया कि बीते 10 वर्षों में भारत ने फसलों की करीब 900 ऐसी नई किस्मों का विकास कर किसानों को दिया है जो वातावरण के बढ़ते तापमान को सहन करने में समर्थ हैं। उन्होंने कहा कि हमारे यहाँ धान की कुछ किस्में ऐसी भी हैं, जिनको परंपरागत किस्मों के मुकाबले, एक चौथाई कम पानी चाहिए।

### कृषि का देश की आर्थिक नीति में बड़ा महत्व

प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र भारत की आर्थिक नीति में केंद्रीय महत्व रखता है। हमारे यहां, करीब 90 प्रतिशत कृषक परिवार ऐसे हैं, जिनके पास बहुत कम जमीन है। ये छोटे किसान ही भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं। यही स्थिति एशिया के कई विकासशील देशों में है। इसलिए, भारत का मॉडल कई देशों के काम आ सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ कृषि के लिए भारत में बड़े पैमाने पर रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है और इसके अच्छे परिणाम भी आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में भी स्वस्थ और जलवायु परिवर्तन को सहन करने में समर्थ कृषि पर बड़े पैमाने पर ध्यान दिया गया है।

# सपा नेता की बेकरी व निर्माण पर चला बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**भदरसा सामूहिक दुष्कर्म मामला**



- चेयरमैन समेत तीन अन्य सपा नेताओं पर मामला दर्ज
- मुख्यमंत्री ने भेजी पीड़ित परिवार को 5 लाख की मदद

**अमृत विचार** : भदरसा में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी सपा नेता की बेकरी के साथ अन्य निर्माण बुलडोजर से ध्वस्त कर दिए गए। पीड़िता को धमकी देने के आरोप में नगर पंचायत भदरसा के चेयरमैन सहित तीन के खिलाफ नगर कोतवाली में रिपोर्ट भी दर्ज की गई है।

आरोपी सपा नेता मोईद खान ने अवैध कब्जा करके कई हजार वर्ग फिट में बेकरी सहित अन्य निर्माण कराया था। कार्रवाई शनिवार की सुबह शुरू हुई। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध सिंह, एसडीएम सोहावल अशोक कुमार सैनी, एसपी सिटी मधुबन सिंह, एसपी देहात अतुल सोनकर कई क्षेत्राधिकारियों, सुरक्षा बलों, पीएसी जवानों, पुलिस कर्मियों और तीन जेसीबी के साथ भदरसा पहुंचे। भदरसा की सीमाओं को सील कर दिया गया। बेकरी का सामान और बांधी गई बकरियों को निकलवा कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। लगभग तीन घंटे तक लगातार चले बुलडोजर में लगभग पांच हजार वर्ग फिट मे बनाई गई बेकरी, दो स्टोर रूम, मशीनों के कक्ष, बाउंड्री वाल को ढहा दिया गया। एसडीएम सोहावल अशोक कुमार सैनी ने बताया कि बेकरी सहित अन्य निर्माण को ध्वस्त करा दिया गया है। अन्य मामलों की जांच की जा रही है। वहीं जिला महिला चिकित्सालय में भर्ती पीड़िता को गुरुवार रात लगभग 11 बजे धमकाने पहुंचे नगर पंचायत भदरसा के चेयरमैन मो. राशिद, जय सिंह राणा सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। उधर मुख्यमंत्री योगी ने पीड़िता के परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। विधायक अमित सिंह चौहान ने पीड़िता के घर जाकर परिजनों को पांच लाख रुपये का चेक सौंपा।

### पीड़िता से मिले मंत्री शाही और संजय निषाद

मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद और कृषि व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही शनिवार को अस्पताल में पीड़िता का हालचाल लिया। सुरक्षा और सहयोग का आश्वासन दिया। मुलाकात के बाद मंत्री संजय निषाद फफक-फफक कर रो पड़े।

# आजम की जौहर यूनिवर्सिटी के दो भवन किए गए सील

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



- शत्रु संपत्ति पर बने थे म्यूजियम व सुरक्षा अधिकारी के आवास

**अमृत विचार** : सपा नेता आजम खां की जौहर यूनिवर्सिटी में शत्रु संपत्ति पर बने दो भवनों को शनिवार को सील कर दिया गया। सपा सरकार में मंत्री रहते हुए आजम खां ने यह निर्माण कराया था। जांच के बाद 13.8 हेक्टेयर जमीन शत्रु संपत्ति मिली थी। शत्रु संपत्ति अभिरक्षक विभाग ने शत्रु संपत्ति के दायरे में आए दो भवनों को एक सप्ताह में खाली करने की नोटिस दी थी। अवधि पूरी होने पर टीम ने दोनों भवनों को सील करा दिया।

> जौहर यूनिवर्सिटी में 13.8 हेक्टेयर शत्रु संपति है। इस पर म्यूजियम और सुरक्षा अधिकारी के आवास बने थे। दोनों भवनों को लखनऊ से आई शत्रु संपति अभिरक्षक विभाग की टीम ने सील कर दिया है। अधिकारी जरूरी कागजात लेकर लखनऊ रवाना हो गए हैं।
>
> – **मोनिका सिंह**, एसडीएम सदर

# नाबालिग ने महिला को कार से उड़ाया, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- बेटी भी गंभीर पुलिस ने नाबालिग और उसके पिता को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार** : किदवई नगर थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर स्कूल बंक कर 100 से अधिक की रफ्तार में कार दौड़ा रहे इंटर के नाबालिग छात्र ने स्कूटी सवार मां-बेटी को उड़ा दिया। कार की टक्कर से महिला स्कूटी समेत 20 मीटर दूर जा गिरी, उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर नाबालिग व उसके पिता को गिरफ्तार किया। कार में नाबालिग के साथ उसका साथी व दो छात्राएं भी थीं। केशव नगर बांके बिहारी इंक्लेव निवासी अनूप मिश्रा नवीन मार्केट स्थित एचडीएफसी बैंक में सीनियर मैनेजर हैं। परिवार में पत्नी भावना मिश्रा (42) व बेटी मेधावी मिश्रा हैं। शनिवार दोपहर भावना बेटी को डॉक्टर को दिखाने के लिए स्कूटी से जा रही थी।









# मेडिकल छात्रों ने परीक्षा छोड़ी तो नहीं होगा प्रवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले पांच लाख रुपये का जुर्माना भरकर ले लेते थे प्रवेश

**अमृत विचार** : मेडिकल व डेंटल कालेजों में बीच में पढ़ाई छोड़ी तो अगले शैक्षिक सत्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। स्नातक, स्नातकोत्तर व सुपरस्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों में यह नियम लागू कर दिया गया है।

महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा किंजल सिंह ने निर्देश जारी किए। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के निर्देश पर नियमों को लागू कर दिया गया है। बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों से अब पांच लाख रुपये जुर्माना नहीं लिया जाएगा। अब एमबीबीएस, एमडी, एमएस, एमसीएच, बीडीएस और एमडीएस जैसे पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को बीच में पढ़ाई छोड़ने से पहले कई बार सोचना होगा। अभी तक वह पांच लाख जुर्माना भरकर अगले सत्र में दूसरे पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले लेते थे। अब उनको प्रवेश के लिए एक वर्ष इंतजार करना होगा क्योंकि अगले सत्र में प्रवेश के लिए वह डिबार होंगे। एनएमसी ने इस नियम को सत्र 2024-25 से लागू किया है। पूर्व के सत्र में प्रवेश ले चुके विद्यार्थियों पर यह नियम लागू नहीं होगा।

# दलजीत चौधरी बने बीएसएफ के डीजी

**नई दिल्ली।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। केंद्र ने शुक्रवार को बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) नितिन अग्रवाल और उनके डिप्टी विशेष डीजी (पश्चिम) वाईबी खुरानिया को तत्काल प्रभाव से उनके मूल राज्य कैडर में वापस भेज दिया था। अग्रवाल 1989 बैच के केरल कैडर के अधिकारी हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी चौधरी बीएसएफ महानिदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे।

## एक नजर

### भरतनाट्यम नृत्यांगना कृष्णामूर्ति का निधन



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना यामिनी कृष्णमूर्ति (84) का शनिवार को अपोलो अस्पताल में निधन हो गया। वह उम्र संबंधी समस्याओं के चलते सात महीनों से आईसीयू में थीं।

### ग्रैमी पुरस्कार विजेता को इकॉनमी क्लास में बैठाया

**नई दिल्ली।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी केज ने शनिवार को शिकायत की कि एयर इंडिया ने मुंबई-बेंगलुरु उड़ान के लिए उनके बिजनेस क्लास के टिकट को निचली श्रेणी में बदल दिया। एयरलाइन ने कहा कि तकनीकी कारणों से विमान को इकॉनमी क्लास में बदला गया था।

# 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- राष्ट्रभक्ति के कार्यक्रम, सेनानी के परिजनों का होगा सम्मान

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर उच्च स्तरीय बैठक में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव और हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। आह्वान किया कि इस बार भी में हर घर तिरंगा अभियान में 13 से 15 अगस्त तक सर्वाधिक झंडे फहराने का रिकॉर्ड प्रदेश के नाम करना है। लेकिन, प्लास्टिक के झंडों का उपयोग कतई न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष राष्ट्रनायकों के प्रति सम्मान का पर्व है। इस महोत्सव की शुरुआत नौ अगस्त से होगी। निर्देश दिया कि प्रदेश के शहीद स्मारकों, स्मृति स्थलों, अमृत सरोवरों के तट पर वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जाए। समारोह में शहीदों के परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाए।

मुख्यमंत्री योगी कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन, 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं, स्थलों व आजादी के ज्ञात-अज्ञात नायकों के संबंध में बुकलेट तैयार कराई जाए। प्रभातफेरी, सामान्य ज्ञान, चित्रकला, सुलेख-निबंध, वाद-विवाद, भाषण आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को जनपद व राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाए।

# आठ इकाइयां ठप, बिजली संकट गहराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## घटा 2200 मेगावाट विद्युत उत्पादन, गांवों-शहरों में नहीं मिल रही भरपूर बिजली

- 4000 मेगावाट उत्पादन, 28006 मेगावाट की मांग
- एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से ली जा रही बिजली

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश के बाद भी लोगों को भरपूर बिजली नहीं मिल पा रही है। उत्पादन इकाइयों के निरंतर ठप होने का सिलसिला जारी है। न तो फुंके ट्रांसफार्मर समय पर बदले जा रहे हैं और न ही लाइनों की खराबी दूर हो पा रही है। ऐसे में शहरों से लेकर गांवों तक बिजली की भारी किल्लत बनी हुई। शनिवार को आठ उत्पादन इकाइयां ठप होने से विद्युत उत्पादन लगभग 2200 मेगावाट घट गया। इस बीच, बिजली संकट को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम कार्यालय पर प्रदर्शन कर विरोध जताया।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बारा व मेजा बिजलीघरों की 660-660 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां ठप हो गईं। इसी तरह, ऊंचाहर की 210 मेगावाट, अनपरा की 210 मेगावाट, हरदुआगंज की 250 मेगावाट, ओबरा की 200 मेगावाट और पारीछा की 210 मेगावाट की दो इकाइयों में उत्पादन बंद हो गया। इससे लगभग 2200 मेगावाट उत्पादन घट गया। शाम के वक्त राज्य के बिजलीघरों में लगभग 4000 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा था, जबकि अधिकतम बिजली मांग 28,006 मेगावाट दर्ज हुई। मांग को पूरा करने को एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से आपूर्ति की जा रही है।

### गांवों में मिल पा रही 10-12 घंटे बिजली

गांवों और शहरों में समुचित बिजली नहीं मिल पा रही है। लखनऊ के इलाकों में दो-तीन घंटे रोजाना बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। रायबरेली में बिजली कटौती चरम पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में 10 से 12 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। अयोध्या में नगर क्षेत्र में 18 से 20 घंटे आपूर्ति हो रही है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे की जगह 15 से 16 घंटे आपूर्ति मिल रही है। मुरादाबाद में 15-16 घंटे आपूर्ति मिल रही है, ग्रामीण क्षेत्र में केवल 8-10 घंटे बिजली मिल पा रही है। रामपुर में शहरी क्षेत्र में 18 घंटे व ग्रामीण क्षेत्र में 10 घंटे बिजली मिल रही है। कासगंज में बिजली कटौती से त्राहि-त्राहि मची है। बदायूं में तीन दिन से सदर तहसील के करीब सौ गांवों में मात्र तीन-चार घंटे बिजली मिली है। शाहजहांपुर में बिजली कटौती से ग्रामीण व शहरी परेशान हैं। पीलीभीत में पिछले करीब दस दिन से बिजली की अघोषित कटौती की समस्या बढ़ी है। ओवरलोड के चलते जर्जर तार और ट्रांसफार्मर में खराबी आ रही है।




## लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल

# तिकुनियां चौराहे पर जली जर्जर बंच केबल, मची भगदड़

संवाददाता, खुटार

- खुटार में शनिवार सुबह 10:20 की घटना, रोडवेज बस के पास खड़े थे यात्री, बाल-बाल बचे
- जले केबल की चपेट में आने से बचे दुकानदार व्यापारियों ने बिजली विभाग की बताई लापरवाही

**अमृत विचार :** तिकुनियां चौराहे पर जर्जर बंच केबिल मौत का साया बनकर लटक रही है। यहां किसी भी समय हादसा हो सकता है लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों का जरा भी इस ओर ध्यान नहीं है।

शनिवार सुबह करीब 10:20 बजे बिजली सप्लाई के दौरान बंच केबिल में फिर से फॉल्ट होने से वह तेजी से जलने लगी। केबल के नीचे खड़ी शाहजहांपुर रोडवेज बस के पास खड़े यात्री और आसपड़ोस में बैठे दुकानदार बाल-बाल बच गए। तार जलने और तड़पड़ की आवाज से भगदड़ मच गई। चालक ने बस को आगे लाकर खड़ा कर लिया। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया। इस बीच लोगों ने अपने मोबाइल फोन में घटना का वीडियो कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

लोगों ने बिजली विभाग की लचर व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर कर घोर निंदा की है। जबकि व्यापारी हादसों को लेकर पहले ही बिजली विभाग के अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा चुके है। इसके बावजूद जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए है। हालांकि खुटार जेई रामऔतार सिंह ने नई बंच केबिल डालने का आश्वासन दिया है। शनिवार को बंच केबल में फिर से फॉल्ट होने से केबल तेजी से जलने लगी।



स्पार्किंग के बाद जलती बंच लाइन और पास में खड़ी रोडवेज व यात्री। ● अमृत विचार

### शुक्रवार को तमाम व्यापारी पहुंचे थे उपकेंद्र, की थी शिकायत

शुक्रवार को तिकुनियां व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव शर्मा के नेतृत्व में तमाम व्यापारी एकत्र होकर विद्युत उपकेंद्र पहुंचे थे। जहां एसडीओ हरिओम कुमार का घेराव किया था। व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव शर्मा ने बताया था कि नगर के तिकुनियां चौराहे पर बंच केबिल पड़ी है। जो काफी जर्जर हालत में है। आए दिन केबिल फुंक रही है और हादसा हो सकता है। यह बंच केबिल सड़क के ऊपर से गुजरी है और रोडवेज बस, प्राइवेट बस आदि वाहन खड़े होते हैं। इसके अलावा इस जर्जर लाइन के नीचे करीब दस दुकानदार बैठे रहते हैं। यह स्थिति करीब 25 दिनों से बनी है।

> मामले में जानकारी हुई है। दिखवाया जा रहा है। कर्मचारियों को मौके पर भेजकर लाइन सही कराई जाएगी।
> –**हरिओम कुमार**, एसडीओ विद्युत उपकेंद्र, खुटार

> बंच केबल में फॉल्ट होने की सूचना आई है। टीम गठित कर मौके पर भेजा जाएगा और केबल को बदलवा कर नई केबल डाली जाएगी। इस समस्या का समाधान जल्द कर दिया जाएगा।
> – **रामऔतार सिंह** जेई, विद्युत उपकेंद्र, खुटार

# राहत की उम्मीद...50 गांवों के डेढ़ लाख उपभोक्ताओं को मिलेगी 24 घंटे बिजली

## निगोही के संडा खास में वित्त मंत्री खन्ना ने बिजली उपकेंद्र निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

- निगोही बिजली उपकेंद्र से सुचारू रूप से नहीं मिल रही थी बिजली
- 12 करोड़ की लागत से आठ माह में बनकर होगा तैयार
- 10-10 केवी के दो ट्रांसफार्मर रखे जाएंगे



भूमिपूजन करते कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना व अन्य। ● अमृत विचार



संडाखास में बिजली उपकेंद्र की स्थापना के मौके पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शनिवार को संडा खास में विद्युत उपकेंद्र का शिलान्यास के साथ ही भूमि पूजन किया। इस दौरान आयोजित जनसभा में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विद्युत उपकेंद्र का निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों को 24 घंटे बिजली मिलेगी।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की बिजली जरूरतों को पूरा करने के लिए निगोही के अलावा दूसरे बिजली उपकेंद्र के निर्माण को मंजूरी दी गई थी। जिसके लिए संडाखास में भूमि चिन्हित की गई थी। जिसके निर्माण के लिए शिलान्यास के साथ ही भूमि पूजन किया गया है। इस मौके पर उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और जनता के हित में किए गए कार्यो को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र की सरकार समाज के सभी वर्गो के हित के लिए काम कर रही है। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है। वहीं अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा ने बताया कि इस बिजली उपकेंद्र के बन जाने से करीब 50 गांव लाभांवित होंगे। लगभग डेढ़ लाख उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से 24 घंटे बिजली मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि 12 करोड़ रुपये की लागत से बिजली उपकेंद्र का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें 10-10 केबी के दो ट्रांसफार्मर रखे जाएंगे और प्रत्येक ट्रांसफार्मर से 25-25 गांवों को सप्लाई दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह बिजली उपकेंद्र आठ माह में बनकर तैयार हो जाएगा। बता दें कि निगोही बिजली उपकेंद्र से सुचारू रूप से बिजली नहीं मिल पा रही थी। इस वजह से क्षेत्र में दूसरे बिजली उपकेंद्र की जरूरत महसूस की जा रही थी। जिस पर काम शुरू हो गया। बिजली उपकेंद्र बन जाने से रामनगर, नकटिया, खेरा संडा, गंगाजमुनी, मौहरतला, ऊन खुर्द, ऊनकला, धुल्लिया, जिन्दपुरा, लोहरगवां, तालगांव, नरायनपुर, बनासदेवी, पतराजपुर आदि 50 गांवों को बिजली मिलेगी।

### ये लोग रहे मौजूद

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा ने वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को हनुमान जी की प्रतिमा भेंट की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम नरायण मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन अरुण सिंह भदौरिया ने किया।

## एक लाख के लिए बहू से मारपीट, घर से निकाला

**खुटार, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव बिजौरा-बिजौरिया निवासी ताराचंद की पुत्री नीरज देवी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पिता ताराचंद ने लगभग 6 वर्ष पूर्व उसकी शादी बंडा थाना क्षेत्र के गांव इंदलपुर निवासी रामविलास के बेटे अमर सिंह के साथ की थी। शादी के दो वर्ष बाद पति अमर सिंह व ससुर रामविलास दहेज में एक लाख की नगदी मायके से लाने की जिद पर अड़ गए और उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे। जिस पर नीरज ने अपने पिता ताराचंद को जानकारी दी। कई बार पंचायतें भी हुई लेकिन ससुराली एक लाख की नगदी लाने पर अड़े रहे। जिसके बाद 10 जून को ससुरालियों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। वह पुत्री व पुत्र को लेकर मायके में रह रही थी। एक अगस्त को पति अमर सिंह बिजौरा बिजौरिया पहुंचा और नीरज देवी के साथ मारपीट की और जान से मार देने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने पीड़िता नीरज देवी की तहरीर पर पति अमर सिंह व ससुर रामविलास के खिलाफ मारपीट व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सीएमओ ने किया पुवायां सीएचसी का निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सीएमओ डॉ आरके गौतम ने शनिवार को पुवायां सीएचसी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सात अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह दिवस मनाया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्र पर जन्म लेने वाले बच्चों के माताओं को स्तनपान के फायदे के बारे में जागरूक किया जाए। बुखार के मरीजों की ब्लड की जांच करके तत्काल अधीक्षक को सूचित करें। डायरिया रोको अभियान के तहत एएनएम और आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर ओआरएस पैकेट का वितरण करें। अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## वित्त मंत्री ने किया कांवड़ियों का स्वागत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वीआईपी ग्रुप के तत्वावधान में सुभाष चौराहा पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सुभाष चौराहा स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पौधरोपण किया। पौधों में मुख्यता अमलतास, चांदनी व इक्सोरा के 50 पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर वित्त मंत्री ने कांवड़ियों का तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कावंड़ यात्रियों को पानी, फल, बिस्किट आदि खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ वाल्मीकि, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, पार्षदगण, वीआईपी ग्रुप के ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता अध्यक्ष नीतू गुप्ता, पौधारोपण प्रभारी ज्योति गुप्ता, संयोजक रिद्धि बहल, विजय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# ऊर्जा मंत्री के 24 घंटे आपूर्ति के दावे की हवा निकाल रहे अधिकारी

- बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन, अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अभिषेक प्रताप को सौंपा। इससे पूर्व पार्टी कार्यालय पर हुई बैठक में पदाधिकारी सरकार पर बरसे। पार्टी जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि 24 घंटे विद्युत आपूर्ति का दावा करने वाले ऊर्जा मंत्री की हवा उनके ही अधिकारी निकाल रहे है। अघोषित कटौती से आमजनता के साथ कामगार, विद्यार्थी, व्यापारी वर्ग परेशान है, इसलिए विद्युत कटौती बंद की जाए।

टाउन हॉल स्थित राजीव भवन में हुई बैठक में महानगर अध्यक्ष पवन सिंह ने कहा कि जिले के मंत्री, सांसद, विधायक भाजपा के है लेकिन शाहजहांपुर का यह दुर्भाग्य है कि सुविधाओं के नाम पर सिर्फ दिखावा और वादे ही मिलते है क्योंकि यह जुमलेबाजो की सरकार है। बैठक के बाद सभी लोग अधीक्षण अभियंता कार्यालय कृष्णा नगर पहुंचे। वहां कोई भी अधिकारी उपस्थित नहीं मिला। जिस पर कांग्रेस कार्यकर्ता वही जमीन पर धरने पर बैठ गए और जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस पदाधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे, जहां राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। प्रदर्शन करने वालों में नवाब फैजान अली खान, अनस इकबाल, पूनम पांडेय, कृष्ण विनोद मिश्रा, सुरेश शुक्ला, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी, एनएसयूआई अध्यक्ष रफी उल हसन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि, अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष सईद अंसारी, गौरव त्रिपाठी, फुरकान अहमद कुरैशी, नौशाद कुरैशी, फरमान खान, राहिल अंसारी, मोहसिन खान, सुधांशु मिश्रा, कमल किशोर मिश्रा, अनवर जमाल अंसारी, अतीत बागी, अंश शर्मा, धीरेंद्र पाल, अखिलेश पाल, संजना सिंह, शाहिना खातून, अनुभव कटारिया सहित तमाम कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### पूरे दिन ट्रिपिंग ने किया परेशान

**शाहजहांपुर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से बिजली कटौती के विरोध में ज्ञापन दिए जाने के बाद भी बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। शनिवार सुबह से लेकर शाम बिजली की ट्रिपिंग होती रही। एक से दो घंटे बाद कभी पांच मिनट तो कभी पंद्रह मिनट और आधा घंटा के लिए बिजली जाती रही।

## लापरवाही: डीओ और ब्लॉक प्रमुख में रार से विकास कार्य ठप, फाइलों में हो रहा क्षेत्र का विकास

# खाते में पड़ी चार करोड़ की धनराशि, विकास की राह देख रहे लोग



कलान की एक गली का हाल (फाइल फोटो)

संवाददाता, कलान

- बोले लोग, कब पूरा होगा सपना कुछ पता नहीं

**अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी व ब्लॉक प्रमुख के बीच रार छिड़ी हुई है। जिस कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। क्षेत्र पंचायत की बैठक में काफी प्रस्ताव आए लेकिन वह भी लटके हुए हैं। इसकी वजह अपनी मनचाही फर्मों से काम कराना बताया जा रहा है।

कलान विकास क्षेत्र के गांव में विकास के काम नहीं हो पा रहे हैं। नागरिकों का आरोप है कि विकास की योजनाएं इस क्षेत्र में कागजों में कैद होकर रह जाती हैं, अगर विकास होता है तो वह सिर्फ फाइलों में। हकीकत और नजारा देखना हो तो गांवों में देखा जा सकता है कि विकास योजनाएं सरकारी कारिंदों के लिए कमाई का जरिया बनी हुई हैं।

क्षेत्र पंचायत द्वारा विकास कार्यों की जो उम्मीद लोगों को थी वह उन उम्मीद पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में शासन द्वारा क्षेत्र पंचायत के खाते में विकास कार्य कराने के लिए करोड़ों रुपये की धनराशि भेजी गई लेकिन इसका खर्च सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। वजह यह है कि ब्लॉक प्रमुख व खंड विकास अधिकारी के बीच रार ठनी हुई है। बताया जा रहा है कि ब्लॉक प्रमुख अपने चहेते ठेकेदारों द्वारा क्षेत्र पंचायत का काम कराना चाहते हैं जबकि खंड विकास अधिकारी अपने चाहने वालों की फर्मों को काम देने के मूड में हैं। इसी बात को लेकर दोनों के बीच में रार है, जिससे विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। लंबे समय से क्षेत्र पंचायत द्वारा होने वाले विकास कार्यों की राह ग्रामीण देख रहे हैं। लेकिन उनके सपने कब पूरे होंगे या एक सवाल है।

### क्षेत्र पंचायत की बैठक में पारित हुए प्रस्ताव भी लटके

जुलाई में क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विकास करने को लेकर दर्जनों प्रस्ताव आए और पास भी हुए लेकिन प्रस्ताव अधर में लटके हुए हैं। बताया जाता है कि क्षेत्र पंचायत के खाते में लगभग चार करोड़ रुपये की धनराशि पड़ी हुई है लेकिन रार की वजह से धनराशि का सही ढंग से खर्च नहीं हो पा रही है।

> ब्लॉक प्रमुख के पति व ससुर अपने तरीके से काम कराना चाहते है। मेरे द्वारा नियमानुसार काम किया जा रहा है। हमारा किसी से कोई विवाद नहीं है जो सही होगा वहीं करेंगे।
> – **मुन्नालाल**, खंड विकास अधिकारी, कलान

> मेरा प्रयास है कि क्षेत्र में विकास के काम कराकर विकास कार्यों को गति मिले। कुछ लोग बेवजह बाधा डालने का काम कर रहे हैं।
> – रुचि वर्मा, ब्लॉक प्रमुख, कलान

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

S.R. INSTITUTIONS
Approved by PCI, AICTE, INC, DGT New Delhi
Affiliated to AKTU, BTE, UPSMF, ABV Medical University, Uttar Pradesh Lucknow
Registration Open 2024-25
B.Sc. (Nursing) GNM DPT
B.PHARMA D.PHARMA
ITI Courses
ELECTRICIAN 2 Years Course | COPA 1 Year Course | H.S.I. 1 Year Course | RADIOLOGY TECHNICIAN 2 Years Course
Add. : Maikpur, Bhuta-Faridpur Road, Bhuta, Bareilly, UP-243503
Contact : 9720456885, 9837464606

सांई पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एण्ड सांई अस्पताल
(UP State Medical Faculty Lucknow)
प्रवेश सत्र : 2024–25
छात्रवृत्ति उपलब्ध
• Diploma OT • Diploma Dialysis • Diploma Cardio
Stadium Road, Bareilly
Call us : 6399449913, 7253077077

ADMISSION OPEN
SARDAR BALLABH BHAI PATEL DEGREE COLLEGE
BHOJIPURA, BAREILLY
Courses
B.Ed. | D.El.Ed. Code 080014 | B.El.Ed. Code 148
POLYTECHNIC Code 2253 | D. Pharma Code 2079/2143
नि:शुल्क प्रवेश सत्र 2024–25 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. | B.Sc. | B.Com | B.Sc. Home Science | B.B.A. | B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. | M.Sc. | M.Sc. Home Science | M.A. Home Science | M.A. Drawing & Painting
9412288876, 9412288878, 9412287776, 9457507777
चेयरमैन डा. हरीशंकर गंगवार 9412287777

उत्तर प्रदेश सरकार व नीति आयोग द्वारा रजिस्टर्ड Reg. No.201900787012235
Social Welfare Service Trust (NGO)
एक कदम समाज की ओर.... (समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट)
समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट NGO द्वारा बरेली के टॉप कॉलेज व यूनीवर्सिटी में सीधे प्रवेश लें
Admission Open 2024
NGO द्वारा SC/ST छात्र/छात्राओं के लिए फ्री प्रवेश किताबे व यूनीफार्म फ्री
Polytechnic/GTI | B.B.A | B.C.A | B.Tech | M.B.A | M.C.A
PARAMEDICAL PHARMECY
DPT | D.R.(Opt) | OT | X-RAY | GNM Note: Paid Course | ANM Note: Paid Course | B. Pharma | D. Pharma नोट: JEECUP परीक्षा अनिवार्य
AAYURVEDIC COURSE
GNM | ANM | B. Pharma
EDUCATION COURSE
B.Ed | M.Ed | BTC
नोट:- किसी भी कोर्स में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों के 60% अंक व 2 लाख सालाना आय से कम का आय प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है।
OBC/Gen./Other छात्र/छात्राओं को प्रवेश लेने पर विशेष छूट मिलेगी
Office Add. Mahanagar Colony Gol Chakkar, Near PNB ATM Gate No.1,Pilibhit bypass, Bareilly
M. 9045350563, 7310916076, 9027260563
ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। Website - www.sksa.org.in Email: skseva6@gmail.com

SSVGI SHRI SIDDHI VINAYAK
GROUP OF INSTITUTIONS
Creating Winners for Life
Enroll Now
ADMISSION OPEN 2024-25
B.TECH | M.TECH | MBA
BBA | BCA | B.Com/B.Com(H) | Polytechnic
B.Sc (PCM/ZBC) | B.Sc (Biotech) | B.Sc (Home Sci.)
GNM/ANM | B.PHARMA | D.PHARMA
Paramedical courses
Diploma in Optometry / Emergency & Trauma
X-Ray Tech/ Dialysis/ Physiotherapy / O.T. Technician
7599471144, 7599471145
10th km, Bareilly - Nainital Rd, U.P.







# लेखपाल और सचिव पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप, डीएम बोले- निलंबित कर दो

## पुवायां में डीएम, एसपी व विधायक ने सुनीं जनता की समस्याएं, 82 शिकायतें आईं

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** तहसील पुवायां में जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, पुवायां विधायक चेतराम ने फरियादियों की शिकायतों व समस्याओं को सुना। साथ ही उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। लेखपाल और सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने पर डीएम ने निलंबित करने के निर्देश दिए।

शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पूर्ति, विकास, पुलिस, विद्युत, विकलांग कल्याण विभाग, समाज कल्याण आदि विभागों से संबंधित कुल 82 शिकायतें आईं। जिनमें से आठ का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया। जिलाधिकारी ने शौचालय निर्माण में लेखपाल विपिन मधुकर की ओर से रुपये मांगने व ग्राम पंचायत अधिकारी स्वतंत्रता पटेल द्वारा परिवार नकल लंबित रखने की शिकायत मिलने पर दोनों को निलंबित करने के निर्देश दिए। राशन वितरण से संबंधित शिकायत मिलने पर एआरओ अनिल कुमार व सप्लाई इंस्पेक्टर वीरपाल पवन पर कार्रवाई करने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिए। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में सहायक निदेशक मत्स्य के अनुपस्थित होने व तहसील की विद्युत व्यवस्था ठीक न होने पर अधिशासी अभियंता विद्युत का जवाब तलब करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में ही जिलाधिकारी, विधायक पुवायां चेतराम, पुलिस अधीक्षक ने दैवीय आपदा से हुई जनहानि पर 04-04 लाख रुपये पांच परिवारों को दिए। इसके साथ ही पशु हानि पर 37500-37500 रुपये के चेक चार पशुपालकों को मुख्यमंत्री दैवीय आपदा राहत कोष से वितरित किए। जिलाधिकारी ने जनता की शिकायतों को सुना। इस दौरान अधिक शिकायतें राजस्व संबंधित आईं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर राजस्व की 28, पुलिस 24, विकास 20 व अन्य भागों की 10 शिकायतें आईं। आठ का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।


संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा और विधायक चेतराम। ● अमृत विचार

- राशन वितरण की शिकायत पर एआरओ अनिल कुमार व सप्लाई इंस्पेक्टर वीरपाल पवन पर कार्रवाई के निर्देश
- सहायक निदेशक मत्स्य के अनुपस्थित होने व विद्युत व्यवस्था ठीक न होने पर अधिशासी अभियंता से जवाब तलब

### किसान सरकार ने समाधान दिवस में सौंपा पत्र पात्रों को आवास दिलाए जाने की उठाई मांग

**पुवायां।** भारतीय किसान यूनियन (किसान सरकार) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कश्यप ने समाधान दिवस में पत्र देकर पात्र ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने की मांग की। समाधान दिवस में दिए पत्र में पवन कश्यप ने कहा ग्राम पंचायत भरतापुर, लखनापुर, धर्मगदपुर खुर्द, गंगसरा, गुधनी, मुकीमपुर आदि गांव में तमाम पात्रों को अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका। पवन कश्यप ने डीएम से पुनः सर्वे कराकर पत्रों को लाभ दिए जाने की मांग की।

### डीएम ने जुझारपुर में चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**पुवायां।** जुझारपुर गांव में डीएम उमेश प्रताप सिंह ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और पौधरोपण कर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के बाद जुझारपुर गांव के सचिवालय में डीएम उमेश प्रताप सिंह ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं के बारे में बताया और लाभार्थियों से जानकारी ली, इसके साथ ही डीएम ने ग्रामीणों से पूछा कि गांव में जल जीवन शक्ति मिशन के अंतर्गत पानी आपूर्ति की जा रही है जिसमें सभी ग्रामीणों को पानी मिल पा रहा है या नहीं यदि किसी भी ग्रामीण को कोई समस्या हो तो वह बता सकता है। चौपाल में मौजूद कुछ किसानों ने विद्युत कटौती के संबंध में शिकायत की जिस पर डीएम ने तत्काल विभागीय अधिकारियों से जवाब तलब किया और समस्या का तत्काल समाधान करने को कहा। चौपाल में ग्राम प्रधान, सचिव राजेश कुमार, बीडीओ संजय यादव समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

# अचानक पहुंचीं कमिश्नर, सुनीं शिकायतें

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** शनिवार को तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस चल रहा था अचानक लगभग 1 बजे कमिश्नर सौम्या अग्रवाल पहुंच गईं। उन्होंने सबसे पहले उपस्थिति रजिस्टर और पुरानी शिकायतों के निस्तारण रजिस्टर का निरीक्षण किया। पुरानी शिकायतों के निस्तारण में उन्होंने कई विभाग के अधिकारियों को तलब कर जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी गुणवत्ता के साथ समस्याओं का निस्तारण करें जिससे कि बार-बार शिकायतकर्ता को अधिकारियों के पास न आना पड़े। इसमें किसी भी अधिकारी की लापरवाही सामने आई तो उसे अधिकारी के खिलाफ शासन स्तर से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की जर्जर बिजली की लाइनों को ठीक कराया जाए। ऐसा न हो कि कोई बड़ा हादसा हो जाए। इस दौरान एसडीएम अंजलि गंगवार, सीओ प्रयांक जैन, पूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।


तिलहर में फरियाद सुनतीं कमिश्नर सौंया अग्रवाल व सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह।

- जिले भर में हुआ समाधान दिवस का आयोजन, ज्यादातर जगह कम दिखे फरियादी

### सदर में आईं 26 शिकायतों में सिर्फ तीन का निस्तारण



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर तहसील में एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस हुआ। जनसामान्य से जुड़ी शिकायतों में किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड, दाखिल खारिज, बिजली कटौती, पुलिस विभाग व साफ सफाई व्यवस्था सहित अन्य विभागों की शिकायतें दर्ज की गई। कुल 26 शिकायतें आईं, जिनमें एसडीएम की ओर से मौके पर 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समाधान को संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस दौरान सीओ सदर बीएस वीर कुमार, तहसीलदार/ प्रभारी आशीष, नायब तहसीलदार निवेदिता ठाकुर, निशि सिंह आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम से की लेखपाल की शिकायत

**जलालाबाद, अमृत विचार :** गांव कुइरी निवासी सुशील कुमार ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह एक लघु सीमांत कृषक है और तहसील जलालाबाद में दस्तावेज लेखक है। उसने आवश्यक कार्य के लिए आय प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। जिसके बाद हल्का लेखपाल के पास गया। आरोप है कि लेखपाल ने सुविधा शुल्क की मांग की। सुविधा शुल्क नहीं देने के कारण आवेदन को निरस्त कर दिया। पीड़ित ने लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



### आज का मौसम



| 36.0° | 29.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## एक नजर

### युवक को पीटा, नगदी छीनने का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान कस्बा के मुकेश गुप्ता ने बताया कि 31 जुलाई को दिन में साढ़े दस बजे उसका भाई रवि गुप्ता लेबर का हिसाब करने गोदाम पर जा रहा था। कस्बे के श्यामू, मोहित, पवन आदि ने उसे रास्ते में घेर लिया और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके भाई को डंडों से पीटकर घायल कर दिया। उसका भाई बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। शोर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उसका आरोप है कि उसके भाई की जेब से आरोपियों ने 25 हजार रुपये निकाल लिए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। उप निरीक्षक यशपाल ने बताया कि आरोपी श्यामू, मोहित, पवन, आदेश के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### रंजिशन युवक को किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव पेहना निवासी कृष्णपाल ने बताया कि 30 जुलाई को शाम पांच बजे जलालाबाद से अपने गांव कार से वापस आ रहा था। गांव के बाहर जुन्नू, सोनू, छुट्टे ने उसकी कार को रोक लिया। गाली का विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मेड़ काटने के विवाद में दो महिलाओं सहित कई लोग घायल


थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे घायल। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

- तिलहर में यूकेलिप्टस के पेड़ लगाने के दौरान हुई मारपीट

**अमृत विचार :** यूकेलिप्टस के पेड़ मेड़ के करीब लगाने को लेकर हुए विवाद में दो महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी का मेडिकल करवाया।

शनिवार को कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव रैना निवासी रूप सिंह पुत्र सियाराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने खेत की मेड़ के करीब यूकेलिप्टस के पेड़ लगा रहा था। इस दौरान भैया लाल, कन्हैयालाल पुत्र रामकृष्ण, पुष्पा देवी, रामादेवी ने एक राय होकर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। हमले के दौरान रूप सिंह, दशरथ, निर्भन सिंह, गुड्डू देवी के गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने सभी घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भिजवाया। उधर, दूसरे पक्ष के भैया लाल ने बताया कि तेरे भाई रूप सिंह, दशरथ, निर्माण सिंह, गुड्डू देवी आए दिन हमारे खेत की मेड काट देते हैं। शनिवार को भी वह यूकेलिप्टस के पेड़ मेड़ काट कर लगा रहे थे, जिसका विरोध किया तो उन्होंने हमला बोल दिया। हमले में हम लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। शनिवार शाम तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी।

### सांड़ के हमले में ग्रामीण घायल

**खुदागंज, अमृत विचार :** गांव नवादा तालुके पलिया निवासी जोरावर शुक्रवार शाम पांच बजे घर के पास चबूतरे पर बैठे थे, इसी समय दो सांड़ आपस में लड़ने लगे। जिनकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव के लोगों ने दोनों सांड़ को भगाया। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि खुले में घूम रहे इन गोवंशीय पशुओं की वजह से हर वक्त खतरा बना रहता है।

# मेड़ के विवाद में युवक को गोली मारकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खेत की मेड़ काट देने के विवाद में दो लोगों ने एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिर्जापुर थाना क्षेत्र के सिंगहा युसुफपुर निवासी सुनील कुमार ने बताया कि गुरुवार की दोपहर बाद उसका भाई 30 वर्षीय सुरेश खेत पर था। उसके खेत की मेड़ बड़े उर्फ बड़कन्नू और राम कुमार से विवाद हो गया था। दोनों लोग रंजिश मानने लगा। उसका भाई सुरेश शनिवार की शाम खेत पर था। दोनों आरोपी आए और जान से मारने की नीयत से उसके भाई के ऊपर फायर कर दिया। उसके भाई के दाहिने पैर में गोली लगी है। आरोपी जाने से मारने की धमकी देकर भाग गए। सूचना पर सुनील खेत पर गया। घायल भाई को सीएचसी पर लेकर आया। उसने थाना पर तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी रामकुमार व बड़कन्नू के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।


घायल सुनील कुमार।

# शिक्षक व भाजपा नेता पर अभद्रता का आरोप, सफाई कर्मचारियों ने घेरी कोतवाली

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** चौक क्षेत्र में सफाई नायक और शिक्षक का ठिलिया पलटने को लेकर विवाद हो गया। सफाई नायक ने आरोप लगाया कि शिक्षक ने ठिलिया को धक्का देकर पलट दिया। शिक्षक व उसके भाई ने अभद्रता की और जातिसूचक शब्द कहे। जानकारी होने पर नगर निगम के सफाई कर्मचारी उत्तेजित हो गए और चौक कोतवाली गेट पर प्रदर्शन करके रास्ता जाम कर दिया। सफाई कर्मचारियों ने कोतवाली का घेराव कर लिया। दोनों पक्षों की बातचीत के बाद समझौता हो गया।

नगर निगम के सफाई नायक रमेश चंद्र शनिवार को दूसरी शिफ्ट में चार बजे मोहल्ला चौक में सफाई कर्मचारियों से सफाई करवा रहे थे। सफाई कर्मचारी ने एक शिक्षक के दरवाजे के बाहर कूड़े की ठिलिया खड़ी कर दी। शिक्षक ने कर्मचारी से कहा कि यहां ठिलिया क्यों खड़ी कर दी है। सफाई नायक रमेश चंद्र ने कहा कि कूड़ा हटाने के बाद ठिलिया हटा लेंगे। इस बात पर शिक्षक व सफाई नायक की कहासुनी हो गयी। सफाई नायक का आरोप है कि शिक्षक ने ठिलिया को धक्का देकर पलट दिया। आरोप है कि शिक्षक ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए सफाई नायक को जान से मारने की धमकी दी। शिक्षक के भाजपा नेता भाई भी आ गए और उन्होंने भी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। सफाई नायक ने निगम के कर्मचारियों को फोन किया और बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मोहल्ला चौक में एकत्रित हो गए। इस दौरान सफाई कर्मचारी चौक कोतवाली पहुंचे। सफाई नायक रमेश चंद्र ने प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर को घटना से अवगत कराते हुए शिक्षक व उनके भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। सफाई कर्मचारियों ने चौक कोतवाली गेट पर प्रदर्शन करके नारेबाजी की और जाम लगा दिया। इधर, शिक्षक व उनका भाई भी चौक कोतवाली अन्य लोगों के साथ पहुंचे। दोनों भाइयों ने प्रभारी निरीक्षक को बताया कि जाति सूचक शब्दों का प्रयोग नहीं किया गया है। बैक करते समय कार ठिलिया से टकरा गई थी। इसी बात से सफाई नायक नाराज हो गए। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि दोनों पक्षों का समझौता हो गया है।


कोतवाली पहुंचे सफाई कर्मचारी व अन्य लोग। ● अमृत विचार

- सफाई नायक और शिक्षक के बीच ठिलिया पलटने को लेकर हुआ विवाद
- कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंचे बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी
- थाना गेट पर किया प्रदर्शन, बाद में दोनों पक्षों में हुआ समझौता


सफाई कर्मचारियों को समझाने पहुंचे पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

> चौक क्षेत्र में शाम को एक व्यक्ति कार बैक कर रहा था। इस दौरान ठिलिया को टक्कर लग गई, जिससे ठिलिया पलट गई। इसी बात से सफाई नायक व कार मालिक में विवाद हो गया था। पुलिस मौके पर गई और जांच की। दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।
> – **सौम्या पांडे**, सीओ सिटी

**मंथन**

## अधिकारियों को दिए सुधार के निर्देश, सुधार न होने पर होगी कार्रवाई

# सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग बहुत खराब, सीडीओ नाराज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सीएम डैशबोर्ड में जिले की रैंकिंग अत्यधिक खराब होने के चलते सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने गहरी नाराजगी जताई। शनिवार को विकास भवन सभागार में सीडीओ की अध्यक्षता में विकास कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की गई।

सीडीओ ने बैठक में शासन की समस्त महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन आपरेशन कायाकल्प, गोवंश संरक्षण, मनरेगा आदि के कार्यों में गति लाए जाने के निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने विद्यालयों के टायलीकरण, दिव्यांग शौचालय, बाउंड्रीवाल की फोटो सहित डिजिटल डायरी के रूप में सूचना उपलब्ध कराने के लिए डीपीआरओ को निर्देश दिए। इसी क्रम में जर्जर भवन की नियमानुसार नीलामी अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण की ओर से कराए जाने और विद्यालयों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने को कहा। इसके अतिरिक्त सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों की रैंकिंग अत्यधिक खराब होने पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग में तत्काल सुधार कराए जाने के लिए कार्य करने को लेकर निर्देशित किया। सीडीओ ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड में अपेक्षित प्रगति न होने व जनपद में रैंक में सुधार न होने की दशा में संबंधित उत्तरदायी अधिकारी, कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

समीक्षा बैठक में डीडीओ पवन कुमार सिंह, पीडी डीआरडीए अवधेश राम, डीसी मनरेगा बाल गोविंद शुक्ला, डीपीआरओ घनश्याम सागर, बीएसए दिव्या गुप्ता, सीवीओ डा.मनोज कुमार अग्रवाल, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा मौजूद रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करतीं सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह। ● अमृत विचार

- विकास भवन में विकास कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

### 20 सालों से बिजली को तरस रहे बड़ी बस्ती के लोग

**बंडा, अमृत विचार :** करीब बीस सालों से बड़ी बस्ती में बिजली की लाइन नहीं पहुंच सकी है, जिससे परेशान होकर मोहल्लेवासियों ने तहसील समाधान दिवस में उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। बंडा के गांव सैदापुर निवासी राजेश, निर्मल, सुखवीर, हरीराम, प्रकाश, अर्जुन यादव सहित ग्राम प्रधान जितेंद्र ने शनिवार को समाधान दिवस में उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनके मोहल्ले को बसे हुए करीब 20 वर्ष से अधिक समय हो चुका है, लेकिन अब तक उनके मोहल्ले में बिजली की लाइन नहीं बिछ सकी है। जिसके संबंध में कई बार अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से भी शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिसके चलते मोहल्ले के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले वासियों ने उच्च अधिकारियों से समस्या का समय से निस्तारण कराए जाने की मांग की है।

# रास्तों पर दलदल, नालियां हो गईं चोक


प्रदर्शन करते बसखेड़ा बुजुर्ग गांव के ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** गांव में गंदगी की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग को लेकर बसखेड़ा बुजुर्ग के ग्रामीणों ने शनिवार को समाधान दिवस में प्रदर्शन कर डीएम को पत्र दिया।

डीएम को दिए पत्र में ग्रामीणों ने समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए बताया कि गांव के सभी रास्तों पर जलभराव व दलदल है, नालियां चोक हैं। पानी के निकास का रास्ता नहीं है। बच्चों को स्कूल जाने में बहुत परेशानी होती। डीएम उमेश प्रताप सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर बीडीओ संजय यादव को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। प्रदर्शन कर पत्र देने वालों में आदित्य सिंह चौहान, शुभम सिंह, जय सिंह, प्रदीप सिंह, अजय सिंह, उपेंद्र सिंह, राजीव सिंह, मोहित सिंह, प्रमोद सिंह, दीपक सिंह, अजीत सिंह, दुर्गेश सिंह, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# मकसूदापुर नहर में नियमों को ताक पर रखकर चल रहे कुलावे

## प्रभावशाली किसानों ने लगा दिए मनमाने साइज के कुलावे

मकसूदापुर/शाहजहांपुर



नहर के अवैध कुलावों से निकलता पानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** हरदोई ब्रांच की शारदा नहर पर बंडा में मनमाने तरीके से कुलावे (नहर से पानी खेतों को ले जाने वाले पाइप) चल रहे हैं। मकसूदापुर पुल से लेकर सिंगापुर पुल तक मांग पर सिंचाई के लिए कुलावों से पानी निकासी बढ़ाने की आड़ में प्रभावशाली किसानों ने मनमाने साइज के कुलावे लगा दिए और पानी पर कब्जा कर लिया। पीड़ित किसानों की शिकायत पर नहर विभाग के अधिकारियों ने ऐसे किसानों को नोटिस भेज कर कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

- **पीड़ित किसानों की शिकायत पर नहर विभाग के अधिकारियों ने नोटिस भेज कर कार्रवाई की बात कही**

मकसूदापुर क्षेत्र में धान की फसल में सिंचाई के लिए पानी की बढ़ती मांग को देखकर कुलावों का दयन (पाइपों से पानी निकासी की क्षमता) बढ़ाए जाने की मांग की गई थी। जिसे देखते हुए नहर विभाग से कुछ कुलावों पर दयन बढ़ाने की स्वीकृति दी गई, लेकिन विभाग की लापरवाही के चलते कुछ प्रभावशाली किसानों ने स्वीकृत साइज से कहीं बड़े साइज के कुलावे लगा दिए हैं। यही नहीं क्षेत्र के अधिकतर किसानों ने शिकायत की है कि लगाए गए नए कुलावों के साथ-साथ पुराने कुलावों के पानी पर भी उन्होंने कब्जा कर लिया है। जिससे गरीब किसानों को पानी न मिलने से उनकी फसलें खराब हो रही हैं। इसी तरह नटिउरा झाल पर एक कुलावा का दयन बढ़ा हुआ है, जिन पर कुछ प्रभावशाली लोगों का कब्जा है। जिस पर नहर विभाग ने ग्रामीणों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कैप्टन सिंह, जगजीत सिंह, निर्मल सिंह, गुरमेल सिंह, नरेंद्र सिंह आदि प्रभावशाली किसानों को नोटिस भेजा गया।

यह जानकारी देते हुए जिलेदार देवेंद्र सिंह ने बताया कि नोटिस भेज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में सहायक अधिशासी अभियंता विपिन कुमार वर्मा ने कहा अगर कुलावे से सभी किसानों को पानी नहीं मिला तो उसे उखड़वा दिया जाएगा।

### हादसे के मामले में बाइक चालक पर रिपोर्ट

**जैतीपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव कीरतपुर बिहारी निवासी धर्मवीर सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 31 जुलाई की शाम साढ़े सात बजे उसका भाई पिंकू सिंह खेत से घर लौट रहा था। जैतीपुर-तिलहर मार्ग पर बाइक ने उसके भाई को टक्कर मार दी थी। जिससे उसका भाई घायल हो गया था। घायल पिंकू सिंह को तिलहर अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक बाइक लेकर भाग गया था। उप निरीक्षक संजीव कुमार ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## अंश निर्धारण में सरल हो गड़बड़ी दूर करने की प्रक्रिया



एसडीएम रविंद्र कुमार को ज्ञापन देते लेखपाल संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने खतौनी व खसरा के संशोधन के संबंध में शनिवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

जलालाबाद इकाई के उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के अध्यक्ष इकबाल हुसैन के नेतृत्व में लेखपालों ने राजस्व परिषद के सचिव को संबोधित ज्ञापन एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार को दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि अंश निर्धारण के दौरान हुई खतौनी में त्रुटि के संशोधन की प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाए ताकि आम किसानों को अनावश्यक रूप से कोर्ट व अधिकारियों के चक्कर न काटने पड़े। साथ ही उन्होंने ऑनलाइन खसरा फीडिंग व ई-खसरा पड़ताल फसल सर्वे कार्य में लेखपालों के समक्ष उत्पन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं का समाधान करने की भी मांग की। इस दौरान तहसील मंत्री कमलेश राजपूत, दुर्गेश मिश्रा सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

### लाखों की लागत से बने सीसी रोड पर दबंगों का कब्जा

**बंडा/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बंडा के गांव धर्मापुर में लाखों की लागत से सीसी रोड बनाया गया जिस पर दीवार उठाकर कुछ दबंगों ने कब्जा कर लिया। ग्रामीणों ने निकास अवरुद्ध होने की बात करते हुए सरकारी रास्ते से बनी दीवार को हटाए जाने की मांग की है। धर्मापुर निवासी दिनेश शुक्ला ने समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके गांव में मोहल्ले के निकास के लिए सरकारी मार्ग पर लाखों रुपये की लागत से सीसी रोड बनाया गया था। जिस पर कुछ दबंगों ने बीचों-बीच दीवार खड़ी कर रास्ते को बंद कर दिया है। जिससे सरकारी लागत से बना रास्ता लोगों के लिए निष्प्रयोज्य साबित हो रहा है। दबंगों ने रास्ते पर कब्जा कर उसे अपने निजी प्रयोग में लेना शुरू कर दिया है। शिकायतकर्ता ने निकास में बाधा होने का हवाला देते हुए सीसी रोड पर बनाई गई दीवार को हटवाकर जनहित में रास्ता खुलवाए जाने की मांग की है।

### सट्टे की पर्ची समेत सटोरिया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह को शुक्रवार की शाम सात बजे सूचना मिली कि अशफाक नगर तिराहे पर सटोरिया सट्टे की पर्ची लिख रहा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया सटोरिया हिमांशु निवासी गौटिया मंदिर थाना सदर बाजार है। पुलिस ने सटोरिये के कब्जे से 370 रुपये व सट्टे की पर्ची बरामद कर चालान कर दिया।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।
BRACHYTHERAPY
24 Channel
PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन
FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gynaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
आँवला IFFCO HOSPITAL मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003, 0581-2530800/700
HELPLINE: 9760701234
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
कैंसर के उच्चस्तरीय उपचार की उपलब्धता अब खुशलोक हॉस्पिटल में
डॉ. तूलिका त्यागी
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. रेडियेशन ऑन्कोलॉजी
कैंसर रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक
कमला नेहरू मेमोरियल हॉस्पिटल, प्रयागराज
पूर्व चिकित्सक
ओमेगा कैंसर हॉस्पिटल विशाखा पटनम
- सभी प्रकार के कैंसर रोगों की जाँच एवं निदान एक ही स्थान पर
- महिलाओं में होने वाले कैंसर जैसे स्तन कैंसर बच्चेदानी का कैंसर के लिये परामर्श एवं इलाज की व्यवस्था
- सभी प्रकार के कैंसर रोगों के लिए Chemotherapy (कीमोथैरेपी) की व्यवस्था
- कैंसर रोगों से बचाव के लिये परामर्श एवं टीकाकरण (Vaccination)
- आनुवांशिक रूप से होने वाले कैंसर रोगों के लिये स्क्रीनिंग (Screening) की व्यवस्था
24 घण्टे इमरजेंसी
आई.सी.यू. व वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582
डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393
डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448
डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव
प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली
ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रात: 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

## एक नजर

### आठ अगस्त को धरना प्रदर्शन की चेतावनी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जनपद के 1695 विद्यालयों पर एकतरफा कार्रवाई से शिक्षकों में भारी रोष है। शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने बीएसए दिव्या गुप्ता को नोटिस देकर बताया कि आठ अगस्त को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। संयुक्त मोर्चा में 5000 से ज्यादा शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक सम्मिलित होगे। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष रविंद्र पाल प्रजापति, यशपाल सिंह यादव, राजकुमार तिवारी, केके सिंह, राजकुमार सिंह , नफीस अहमद, अश्वनी अवस्थी, नितिन मिश्रा, विकास मिश्रा आदि थे।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान थाना क्षेत्र के गांव इकरीखेड़ा निवासी अमीर सिंह ने बताया कि 24 जून को दोपहर 12 बजे बाइक लेकर बिजली घर कलान के पास आया था। वह दाढ़ी बनवाने नाई की दुकान पर चला गया। वह लौटकर आया तो उसकी बाइक गायब मिली। वह तलाश करता रहा लेकिन उसे बाइक नहीं मिली। पुलिस ने अज्ञात में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस चोरी गई बाइक की तलाश कर रही है।

# सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत, 11 लोग घायल

## सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में बाइक से टकराया चाट विक्रेता रूपलाल, जैतीपुर में पिकअप पलटी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत और 11 लोग घायल हो गए। सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में बाइक ने ठेली को टक्कर मार दी, जिससे चाट विक्रेता की मौत हो गयी। इधर जैतीपुर क्षेत्र में पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गयी, जिससे 11 लोग घायल हो गए। घायलों को पीएचसी पर लाया गया।

**सेहरामऊ दक्षिणी।** थाना क्षेत्र के गांव भरगवां निवासी रूपलाल(50) भरगवां चौराहे पर चाट का ठेला लगाता था। शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे वह ठेली लेकर घर रहा था। रास्ते में बाइक ने ठेली को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार वाले मौके पर पहुंचे और घायल को मेडिकल कॉलेज लेकर आए। इलाज के दौरान चाट विक्रेता की रात साढ़े दस बजे मौत हो गई। बाइक सवार बाइक लेकर भाग गया। एसओ रोहित सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया है और तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। उसकी पत्नी का नाम मीना देवी है और तीन बच्चे है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।


घटनास्थल पर पलटी पिकअप और घायल लोग। ● अमृत विचार

**जैतीपुर।** दिल्ली से सवारियां भरकर पिकअप शनिवार की सुबह छह बजे हरदोई जा रही थी। अगरोली गांव के सामने पिकअप अनियंत्रित हो गई और बाइक सवार को टक्कर मारती हुई सड़क के किनारे पलट गई। सूचना पर जैतीपुर पुलिस पहुंची और घायलों को पिकअप से बाहर निकाला। जबकि चालक मौका पाकर भाग गया। बताते हैं कि बालामऊ की मीना और हरदोई की निशा परिवार के साथ दिल्ली में रहकर मजदूरी करते है।

● दिल्ली से हरदोई जा रहे थे बालामऊ के दो परिवार

दोनों परिवारों ने दिल्ली से एक पिकअप किराए पर की और सामान लेकर हरदोई आ रहे थे। पिकअप में सवार मीना, उसका पुत्र शिवांशु(11), पुत्री प्रियांशी(9) व मानसी(7) घायल हो गई। दूसरे परिवार का निशा, उसका बेटा तस्लीम(30), बहू रिदा(28), पोता शफीक(7), नसीमुल(8) घायल हो गए। हादसे में गौहावर के रहने वाले बाइक सवार सतेंद्र व उनका बेटा विपिन घायल हो गए। पिता व पुत्र दवा लेने के लिए निकले थे। सभी घायलों को पीएचसी पर लाया गया। कुछ घायलों को मेडिकल कॉलेज और हरदोई रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पिकअप अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गई थी। घायल पिकअप से दिल्ली से हरदोई जा रहे थे।

### पिकअप की टक्कर से तीन कांवड़ियां सहित पांच घायल



**अल्हागंज, अमृत विचार :** कांवड़ियां पांचाल घाट फर्रुखाबाद से छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर पर जल अर्पित करने के लिए पैदल जा रहे थे। शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे गांव सुगसुगी के पास पहुंचते ही पीछे से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। जिसमें तीन कांवड़ियां सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद पहुंचाया। जहां से हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया गया। घायलों में रामजी पुत्र रामनिवास निवासी गांव सीतापुर थाना खुटार, लकी पुत्र राजीव निवासी विलंदापुर थाना पुवायां, चरन जीत पुत्र आशाराम वेला मदारपुर एवं गांव सुगसुगी स्कूल से पढ़ कर लौट रहे दहेना निवासी उदित पुत्र श्याम मुरारी, रोली पुत्री जोगेंद्र हैं। सभी घायलों कोजिला अस्पताल रेफर किया गया। इन दोनों को पीछे से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी।

# ग्रह से संबंधित दोषों और रोगों से छुटकारा दिलाता है रुद्राभिषेक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● शिव महापुराण कथा का दूसरा दिन

**अमृत विचार:** खिरनी बाग रामलीला मैदान में चल रही शिव महापुराण कथा में व्यास पीठ पर उपस्थित संत अतुल कृष्ण भारद्वाज ने रुद्राभिषेक का वर्णन करते हुए कहा कि जीवन में कोई कष्ट हो या कोई मनोकामना होने पर सच्चे मन से रुद्राभिषेक करने से अभीष्ट लाभ की प्राप्ति होती है। रुद्राभिषेक ग्रह से संबंधित दोषों और रोगों से भी छुटकारा दिलाता है।


कथा सुनाते संत अतुल कृष्ण भारद्वाज।

कथा व्यास ने कहा एक बार भगवान शिव सपरिवार वृषभ पर बैठकर विहार कर रहे थे। उसी समय माता पार्वती ने मृत्युलोक में रुद्राभिषेक कर्म में प्रवृत्त लोगों को देखा, तो भगवान शिव से जिज्ञासावश पूछा कि हे नाथ! मृत्युलोक में इस इस तरह आपकी पूजा क्यों की जाती है और इसका फल क्या है। भगवान शिव ने कहा हे प्रिये! जो मनुष्य शीघ्र ही अपनी कामना पूर्ण करना चाहता है वह आशुतोषस्वरूप मेरा विविध द्रव्यों से विविध फल की प्राप्ति हेतु अभिषेक करता है। जो मनुष्य शुक्लयजुर्वेदीय रुद्राष्टाध्यायी से अभिषेक करता है उसे मैं प्रसन्न होकर शीघ्र मनोवांछित फल प्रदान करता हूं। वाहन प्राप्ति की इच्छा को दही से अभिषेक, रोग दुःख से छुटकारे को कुशा के जल से अभिषेक करना चाहिए। भगवान शिव को जलधारा प्रिय माना जाता है क्योंकि वह अपनी जटा में गंगा को धारण किये हुए हैं। जिस उद्देश्य की पूर्ति हेतु रुद्राभिषेक करा रहे हैं उसके लिए किस द्रव्य का इस्तेमाल करना चाहिए इसका उल्लेख शिव पुराण में किया गया है।

कथा विश्राम पर डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख निगोही रजनी भानु सिंह, उमा सिंघल, सोनिया गुप्ता, शैली गुप्ता, महिमा शुक्ला, सुमन अग्निहोत्री, अनिल बाथम, ब्लॉक प्रमुख कांट श्री दत्त शुक्ला, जितेंद्र नाथ तिवारी, जेपी मिश्रा, उमेश चंद अग्निहोत्री आदि ने व्यासपीठ की आरती पूजन किया।

# विकास प्रधानमंत्री, श्याम बने सेनापति

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गठित की गई छात्र संसद

● मुख्य निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र ने छात्र सांसदों को ग्रहण कराई शपथ

**अमृत विचार :** संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को छात्र संसद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह मनाया गया। जिसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार वैश्य ने सभी छात्र सांसदों को शपथ ग्रहण कराई गई। विकास शर्मा प्रधानमंत्री और श्याम सक्सेना ने सेनापति पद की शपथ ली। उसके पश्चात प्रधानमंत्री ने अपने मंत्री परिषद के लिए कुल 18 विभागों की घोषणा करते हुए शपथ दिलाई ।


संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शपथ ग्रहण करते छात्र।

जिसमें वंदना विभाग में श्रद्धा सिंह एवं वाणी, संस्कृति विभाग में रिमझिम एवं प्रियांशु , स्वच्छता विभाग में राजू राणा, अनुशासन में अंश अवस्थी, रितिक यादव, पुरस्कार विभाग में प्रथम भारती, प्रतियोगिता विभाग में जय, अतिथि विभाग में उमंग शर्मा, जल विभाग में अच्युत अवस्थी, चिकित्सा विभाग में अंश सक्सेना, उद्यान में अभिज्ञान शुक्ला, वाहन में अभय प्रताप सिंह, पुस्तकालय में आर्यन वर्मा, विद्युत में लव शुक्ला, पाठ्य सामग्री में अथर्व शुक्ला, खोया पाया में दिव्यांशु पाल, क्रीड़ा विभाग में सक्षम पांडे, विज्ञान विभाग में शिवम ने मंत्री पद की शपथ लेकर अपने पद की गोपनीयता व सदन की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया।सदन की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने की तथा मंत्रिमंडल के सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही नवीन दायित्वों को ग्रहण करने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में समस्त छात्र सांसद एवं आचार्यगण उपस्थित रहे।

# सुलह-समझौते के आधार पर वाद निपटाने को दें प्रार्थना पत्र

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीयूष तिवारी ने बताया कि जो भी अपने मामले सुलह के आधार पर करवाना चाहते हैं वह प्रार्थना पत्र दे दें।

जिसमें जनपद न्यायालय व समस्त राजस्व, चकबंदी व उपभोक्ता फोरम न्यायालयों में लघु फौजदारी वाद, शमनीय फौजदारी वाद, सिविल वाद, दुकान व वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम चालान, धारा-34 पुलिस एक्ट चालान, मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर वाद, धारा 138 एनआई एक्ट, उत्तराधिकार वाद, चकबंदी, स्टांप, राजस्व, श्रम अधिनियम, दाखिल- खारिज, एआरटीओ चालान, ट्रैफिक चालान, बांट और माप चालान, चलचित्र अधिकनयम, नगर पालिका आदि समेत ऐसे सभी प्रकार के वाद जो न्यायालय के समक्ष नहीं आए हैं उनका भी प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौता के आधार पर अदालत में निस्तारण किया जाएगा। ऐसे फौजदारी वाद जो 7 वर्ष तक की सजा से दंडनीय हैं और अभिभावक सौदेबाजी के आधार पर मुकदमा निपटवाना चाहते हों, उनका भी निस्तारण किया जाएगा।

### वेतन मांगने पर स्कूल प्रबंधक ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**कांट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मोहल्ला पट्टी पूर्वी निवासी कुलदीप सिंह ने बताया कि वह एमएससी व बीएड उत्तीर्ण है। एक अप्रैल से यूनिटी कांवेट स्कूल कांट में अध्यापक के पद पर था। स्कूल प्रबंधन से वैचारिक मतभेद होने के कारण दो अगस्त को उन्होंने प्रधानाचार्य को इस्तीफा दे दिया था। शनिवार की सुबह साढ़े आठ बजे वेतन लेने स्कूल गए थे। स्कूल प्रबंधक रेहान अली ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए जाति सूचक शब्द कहे। विरोध करने पर पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार:** घर में घुसकर दो लोगों ने महिला के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट करने के साथ ही पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की। शोर मचाने पर आरोपी भाग गए। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

● पेट्रोल डालकर जलाने के प्रयास का भी आरोप

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि पति बाहर काम करते हैं, वह घर में बच्चों के साथ रहती है। शुक्रवार रात करीब एक बजे गांव के दो लोग जीने के रास्ते घर में घुस आए और उसे पकड़ लिया। छेड़छाड़ करने के साथ ही दुष्कर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर उसकी पिटाई कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने पेट्रोल डालकर उसे जलाने का भी प्रयास किया। शोर मचाने पर आरोपी भाग गए। पीड़िता ने मामले की तहरीर थाने पर दी लेकिन पुलिस ने उसकी नहीं सुनी, तब फिर उसने एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय में तहरीर दी। वहीं थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### आपत्तिजनक टिप्पणी पर अनुदेशक के खिलाफ रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के एक मोहल्ले की महिला ने बताया कि ब्लॉक भावलखेड़ा में एक पूर्व माध्यमिक विद्यालय चौढ़ेरा शिक्षिका के पद पर कार्यरत है। उसके विद्यालय में आशीष कुमार भी कार्यरत है, जो अनुदेशक के पद पर है। 24 जुलाई को आरोपी ने अनुदेशक संघ नामक व्हाटसएप ग्रुप पर उसके खिलाफ अभद्र, आपत्तिजनक, अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए अनेक मैसेज किए। उसका आरोप है कि सार्वजनिक प्लेटफार्म पर खुलेआम उत्पीड़न किया गया है। उसकी समाज में छवि खराब हुई। आरोपी ने दोबारा मैसेज किया तो उसका नाम उल्लेख नहीं किया। यह लिखा है कि उसका पति सरकारी नौकरी करता है। उसका अन्य महिला शिक्षकों से भी विवाद होता रहता है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि अनुदेशक राजीव कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### छात्रा से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री कक्षा 12 की छात्रा है। उसकी पुत्री शुक्रवार को दोपहर बाद कोचिंग पढ़ने के लिए एक कालोनी में गयी थी। वह शाम को साढ़े छह बजे कोचिंग से पढ़कर साइकिल से घर आ रही थी। अजीजगंज में एक अस्पताल के पीछे नहर की पटरी पर मोहम्मद फैजान समेत चार लोगों ने उसकी पुत्री का पीछा करके छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें की। उसकी पुत्री ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# दोस्तों को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर प्रगाढ़ की मित्रता


मित्रता दिवस पर खुशी का इजहार करते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● संत कृपाल अकादमी में धूमधाम से मनाया गया मित्रता दिवस

**अमृत विचार:** संत कृपाल अकादमी में शनिवार को मित्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

स्कूल की निदेशक श्वेता रस्तोगी ने कहा कि मित्रता एक ऐसा संबंध है जो निस्वार्थ भाव से निभाया जाए, तो ऐसा संबंध वर्षों तक कायम रहता है और जरूरत पड़ने पर साथ भी निभाता है। इस दौरान बच्चे पीले रंग के वस्त्र पहन कर आए थे और अपने-अपने मित्रों के हाथ पर फ्रेंडशिप बैंड बांधकर अपनी मित्रता को और प्रगाढ़ किया। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को सच्ची मित्रता का संदेश दिया। साथ ही साथ उन्हें मित्रता से होने वाले लाभ के बारे में बताया। सच्चा मित्र वक्त पड़ने पर साथ देता है और स्कूल में जब कभी बच्चों को सच्चे मित्र की जरूरत पड़ती है तो वह हर तरीके से उनका साथ देता है। स्कूल की निदेशक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# शीशम के दो हरे पेड़ काटे, वन विभाग की टीम पहुंची

**जैतीपुर, अमृत विचार :** शीशम के दो हरे भरे पेड़ काटे जाने की जानकारी होने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दो लोगों को अपने साथ लेकर चली गई।

जहां एक तरफ सरकार करोड़ो रुपये पेड़ लगाने पर खर्च कर रही है, वहीं उनके रखवालों की मिलीभगत से लगातार क्षेत्र में कटान चल रहा है। पिछले 15 दिनों में अमरेडी, जिगनिया पलीहुरा, गोविंदपुर का मामला सामने आया, जिसमे गोविंदपुर में कटरा के ठेकेदार पर जुर्माना लगाया गया था। फिर भी कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जानकार बताते हैं कि यहां 15 वर्षों से एक वन कर्मी तैनात है, जिसके इशारे पर धड़ल्ले से कटान किया जाता है। कटान की उच्चाधिकारियों को शिकायत करने पर खानापूर्ति कर दी जाती है। शनिवार को कीरतपुर गांव में सड़क किनारे दो हरे शीशम के पेड़ काट दिए गए। जिसकी किसी ने शिकायत कर दी। जिस पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम को पेड़ कटे मिले, जिस पर टीम दो लोगों को अपने साथ लेकर चली गई।

रेंजर घनश्याम शुक्ला ने बताया कि टीम गई थी। पता चला कि बिजली विभाग के किसी कर्मी ने जड़ से दो शीशम के पेड़ काट दिए हैं। जानकारी की जा रही है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पौधे रोपकर बच्चों ने जाना हरे रंग का महत्व


पौधरोपण के लिए पौधे उठाते बच्चे। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** तक्षशिला पब्लिक स्कूल में शनिवार को प्री प्राइमरी के बच्चों ने प्लांटेशन वीक मनाया गया। जिसमें बच्चों ने पेड़-पौधों का परिचय उनकी उपयोगिता, उनकी ज़रूरतें, उनका उपयोग, बीजारोपण व पौधरोपण करके मनाया।

बच्चों ने शिक्षिकाओं से औषधीय पौधों की उपयोगिता जानी। इसका उदाहरण, शिक्षिकाओं ने भिन्न-भिन्न प्रकारों की औषधियों व उनसे होने वाले फायदे के बारे में समझाकर बताया। प्लांटेशन वीक के अंतिम दिवस पर बच्चों ने एक पेड़ मां के नाम के तहत शिक्षिकाओं के सहयोग से विद्यालय के बगीचे में भिन्न-भिन्न प्रकार के पौधे लगाए। साथ ही पौधे अपने साथ ले गए जिन्हें घर में लगाकर उनकी देखभाल करेंगे। प्री नर्सरी कक्षा के बच्चों ने इस वीक में बच्चे हरे फल, सब्जियां, ऑब्जेक्ट, पेपर क्राफ्ट की एक्टिविटी व हरे रंग के भोज्य पदार्थ घरों से लाए। आपस में मैत्री भावना के साथ अपनी वस्तुएं आपस में साझा कर हरे रंग के बारे में जाना। विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार खंडेलवाल ने उत्साहवर्द्धन कर बच्चों को बताया कि पेड़ पौधों की क्या उपयोगिता है। कार्यक्रम में सहसंयोजिका निधि तिवारी, शिक्षिका सुशीला, बुशरा ,सोनम, राधिका,अपर्णा, प्रियंका ,आशा , राखी ,अनामिका, प्रीति, नीलू, सुरभि, एकता, अनुप्रिया, नुजहत का सहयोग रहा।

● तक्षशिला पब्लिक स्कूल में शिक्षिकाओं ने वृक्षों की उपयोगिता के बारे में दी जानकारी

# हत्या के प्रयास का वांछित गिरफ्तार चालान किया

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** एसओ रोहित सिंह ने बताया कि एक अगस्त को सुमित कुमार निवासी पचौली थाना सेहरामऊ दक्षिणी ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कांट थाना क्षेत्र के गांव मुड़िगवा निवासी फहीम ने उस पर पुरानी रंजिश में जान से मारने की नीयत में तमंचे से फायर किया था।

जिसमें वह बाल-बाल बच गया था। आरोपी फहीम फरार चल रहा था। पुलिस को शनिवार को सुबह साढ़े दस बजे सूचना मिली कि आरोपी नागरपाल तिराहे पर खड़ा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा बरामद किया है। पूछताछ के दौरान बताया कि अभियुक्त ने बताया कि वह खेत पर देखने के लिए गया था। उसके पड़ोस में सुमित का खेत है। सुमित ने उसके भाई के साथ मारपीट की थी। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक वीकेश कुमार, राहुल कुमार आदि थे।

# आज निरस्त रहेंगी राज्यरानी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● रोजा में नॉन इंटरलाकिंग कार्य के चलते सात घंटे का मेगा ब्लॉक ट्रेनें निरस्त रहने से यात्री परेशान

**अमृत विचार:** रोजा में नॉन इंटरलाकिंग को लेकर सात घंटे का मेगा ब्लॉक हुआ। इस दौरान सियालदह एक्सप्रेस आदि ट्रेनें विलंब से पहुंची। यात्रियों ने प्लेटफार्म पर सोकर दिन गुजारी। आज राज्यरानी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें आज निरस्त रहेंगी।

बता दे कि रोजा रेलवे स्टेशन पर नान इंटरलाकिंग का कार्य चल रहा है। मंडल के अधिकारियों ने रोजा स्टेशन पर डेरा डाल रखा है। यह कार्य छह अगस्त तक चलेगा। शनिवार को अधिकारियों ने कंट्रोल से ब्लॉक मांगा। कंट्रोल ने डाउन व अप लाइन पर पौने दस बजे से सात घंटे का ब्लॉक दिया। जिसके बाद अधिकारियों के निर्देश पर कार्य शुरू किया गया। ब्लॉक को लेकर डाउन लाइन की राज्यरानी एक्सप्रेस, त्रिवेणी एक्सप्रेस, गुवाहाटी एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस निरस्त रही। जबकि सियालदह एक्सप्रेस शाम को पौन सात बजे आई। अप लाइन की सियालदह एक्सप्रेस दो घंटे विलंब से आई। डाउन व अप लाइन की ट्रेन के इंतजार में यात्रियों ने प्लेटफार्म पर सात घंटे सोकर गुजारी। आज राज्यरानी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें आज निरस्त रहेंगी। एसएस ने बताया कि रोजा में कार्य को लेकर मेगा ब्लॉक मांगा था और कुछ ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया था।

### सिटी मजिस्ट्रेट ने देखी कांवड़ रूटों सुरक्षा व्यवस्था

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सावन माह में कावंड़ियों को किसी तरह की दिक्कतें न आएं और कांवड़ रूटों पर साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। इसके मद्देनजर डीएम के निर्देश पर शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र सिंह ने कांवड़ रूटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं। उन्होंने बरेली मोड़, हरदोई बाईपास, सराय काइयां, आरसी मिशन क्षेत्र व रेती, हथौड़ा चौराहा पर जाकर धरातल पर सुरक्षा व्यवस्था को देखकर दिशा निर्देश दिए।

निपुण भारत मिशन

## अंतिम दो दिनों में अंग्रेजी की पाठ्य पुस्तक मृदंग पर की गई चर्चा, प्रतिभागियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

# विद्यार्थी को सक्षम बनाना ही प्रशस्त करता है सफलता का मार्ग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** डायट प्राचार्य हरिवंश कुमार के निर्देशन में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत नवीन पाठयपुस्तक आधारित ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाताओं (एआरपी) का प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को जिला शिक्षा एवं शिक्षा संस्थान में हुआ।


शिक्षिका ममता शुक्ला को प्रमाण पत्र वितरित करते डायट प्रवक्ता बीएल मौर्य व अतुल शुक्ला।

अंतिम दो दिनों में कक्षा एक में एनसीईआरटी की अंग्रेजी की पाठ्य पुस्तक मृदंग पर चर्चा की गई। ममता शुक्ला ने अंग्रेजी भाषा को प्रारंभिक स्तर पर बच्चों के समक्ष कैसे प्रस्तुत करें ? पर सत्र संचालन किया। प्रतिभागियों ने समूह कार्य के माध्यम से एनसीईआरटी की कक्षा एक व दो की अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक मृदंग की समीक्षा की और नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पुस्तक में समाहित विशेषताओं को इंगित किया। कक्षा चार व पांच के लिए फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमर्सी पर सत्र का संचालन प्रथम संस्था के अमित कुमार ने किया। डॉ. अरुण कुमार गुप्ता, अश्वनी कुमार अवस्थी ने सहयोगात्मक पर्यवेक्षक कैसे करें ? मेंटर की भूमिका ? आदि विषयों पर सत्र का संचालन किया। सत्रों की समाप्ति के उपरांत सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने विकास क्षेत्र में शिक्षक प्रशिक्षण की कार्य योजना का निर्माण किया तथा डेमो सत्र का संचालन किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

● शिक्षकों के प्रशिक्षण शिविर में बोले डायट प्रवक्ता अतुल शुक्ला

संस्थान के प्रशिक्षण प्रभारी प्रवक्ता बीएल मौर्य ने कहा कि प्रशिक्षण की सार्थकता इसी में है कि यह शिक्षक तक सही ढंग से पहुंचे। अगर प्रशिक्षण की मूलभूत धारणाओं को हमने शिक्षक तक सही से पहुंचाने में सफलता प्राप्त की तो विद्यालय को निपुण बनने से कोई नहीं रोक सकता। डायट प्रवक्ता अतुल शुक्ला ने कहा कि कक्षा एक में पढ़ने वाले विद्यार्थी को सक्षम बनाना ही आगे की कक्षाओं में सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। डायट प्रवक्ता बीएल मौर्य व अतुल शुक्ला ने संयुक्त रूप से सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। प्रशिक्षण में पल्लवी वर्मा अमित शुक्ला, सुखमीत कौर , शैलेंद्र सिंह, पंकज अवस्थी, अजय माथुर आदि का योगदान रहा।



अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मदीना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः- 04 अगस्त 2024, रविवार
18 अगस्त 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

Dr. M. Nadeem®
(BUMS)
यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709

पुरूषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैक्स पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोड़ों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोड़ों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
9634499693
9837338306

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# निष्क्रिय कार्यकर्ता होंगे आउट, सक्रिय का बढ़ेगा कद

## सपा ने संविधान मान स्तंभ किया स्थापित



बैठक में मौजूद सपा जिलाध्यक्ष व शामिल हुए नये सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में संपन्न हुई। संविधान मान स्तंभ स्थापित किया गया। आगामी रणनीति तय की गई। लगातार अनुपस्थित चल रहे पदाधिकारियों पर अनुशात्मक कार्यवाही कर पदमुक्त करने का निर्णय लिया गया। जिनके स्थान पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। सपा नेताओं ने संविधान मान स्तंभ स्थापना के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आरक्षण की संकल्पना महात्मा ज्योतिराव फुले की है। बहुजन समाज को राजनीतिक जमात बनाने के लिए उनमें से ही प्रशासक वर्ग निर्माण करना था। ये भी कहा कि पीडीए की लड़ाई जारी रहेगी। जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि यह सरकार युवकों को नौकरियां भी सिर्फ इसलिए नहीं दे रही है, ताकि कहीं आरक्षण न देना पड़ जाए। इस मौके पर बालकराम सागर, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कटटर आदि मौजूद रहे।

### पूर्व जिपं सदस्य कार्यकर्ताओं संग सपा में शामिल

बैठक के दौरान सपा नेत्री दिव्या गंगवार के नेतृत्व में पूर्व जिला पंचायत सदस्य मलखान सिंह वर्मा अपेन दर्जनों साथियों संग समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। बता दें कि मलखान सिंह 2005 से 2015 तक लगातार तीन बार जिला पंचायत सदस्य रहे थे।

# जांच टीम के सामने दो पक्ष भिड़े, सात लोग घायल

संवाददाता, गजरौला

● गजरौला क्षेत्र की ग्राम पंचायत महुआ में हुई घटना

**अमृत विचारः** रोड पर अवैध कब्जे की पूर्व में की गई शिकायत पर पीडब्ल्यूडी की टीम जांच करने पहुंची। टीम के नाप शुरू करते ही दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमलावर हो गए। लाठी डंडे और पत्थर बरसाए। मौके पर मौजूद पीडब्ल्यूडी की टीम बमुश्किल बचकर निकली।

बताते हैं कि गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम महुआ में गांव के बीच से रोड गया है। इसमें आसपास तमाम गांव के लोगों का आवागमन रहता है। कुछ लोगों ने मार्ग के दोनों तरफ कब्जा कर रखा है। गांव के ही धर्मेंद्र पुत्र रामलाल ने बीते दिनों संपूर्ण समाधान दिवस में इसकी शिकायत की थी। शनिवार को पीडब्ल्यूडी की टीम मौके पर पहुंची और रोड की नाप शुरू कराई। इस बीच दोनों पक्षों के लोग जमा हो गए और झगड़ा शुरू कर दिया। एक दूसरे पर लाठी डंडे और पत्थर बरसाए। झगड़ा देख पीडब्ल्यूडी की टीम मौके से बचकर निकली। एक पक्ष से मोहन स्वरूप, देवांश, मनजीत जबकि दूसरे पक्ष से सीमा देवी, धर्मेंद्र, जसवंत, राजेंद्र, और राजू घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह ने बताया कि रोड पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। मामले की जांच कराई जा रही है।

## सार-संक्षेप

### पालकी यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़



**पीलीभीत।** महाकाल बाबा की पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। भजनों पर थिरकते हुए भक्त चल रहे थे। कई जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। पर फल, पानी और शरबत का भी वितरण किया। इस मौके पर महंत दीपेश, उद्योग व्यापार मंडल युवा विंग के जिला अध्यक्ष शैली शर्मा, सागर सैनी, राजन श्रीवास्तव, आशीष लोधी, गौरव राणा, नितिन, हरीश आदि मौजूद रहे। किन्नर पिंकी, दीपा, मुस्कान , अंजलि आदि ने भी यात्रा का स्वागत किया।

### बच्चों ने भारतीय संस्कृति को दर्शाया



**मझोला।** एसके पब्लिक स्कूल बिरहनी में भारतीय संस्कृति पर आधारित एक विशेष गतिविधि का आयोजन शनिवार को किया गया। छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। भारतीय संस्कृति से संबंधित विभिन्न चित्र बनाए और अपनी कला के माध्यम से भारत की विविधता व समृद्ध धरोहर को दर्शाया। छात्रों ने पेंटिंग के माध्यम से भारत की लोक कलाओं, धार्मिक स्थलों, पारंपरिक वेशभूषाओं और त्योहारों को रंगों और रेखाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया। उनके चित्रों में भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली, जिससे सभी दर्शक प्रभावित हुए। निरीक्षण स्कूल के प्रधानाचार्य जीवन शर्मा ने किया। उन्होंने छात्रों की कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां छात्रों में रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं। उन्हें अपनी सांस्कृतिक धरोहर के प्रति गर्व महसूस करने का अवसर प्रदान करती हैं। अंत में समस्त प्रतिभागी छात्रों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

### 51 पार्थिव शिवलिंग का होगा रुद्राभिषेक

**पूरनपुर।** सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। शिवालयों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूरनपुर में सावन माह में पहली बार 51 पार्थिव शिवलिंग का भव्य रुद्राभिषेक किया जाएगा। यह महारुद्राभिषेक सदाशिव रूद्र पूजन आठ अगस्त को असम रोड पर एक होटल में होगा। इस दौरान मिट्टी से 51 शिवलिंग तैयार किए जाएंगे। शास्त्रीय पद्धति से विधिवत पूजन अर्चन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 51 यजमान शामिल होंगे। वृंदावन के आचार्य पंडित मोहन शास्त्री के निर्देशन में कानपुर के आचार्य इस धार्मिक कार्यक्रम को संपन्न कराएंगे। दोपहर तीन बजे से पूजन शुरू होगा। शाम सात बजे भगवान शिव का दिव्य श्रृंगार किया जाएगा और महाआरती होगी।

# सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट

आरोग्य सदन बरेली 9837007202


राष्ट्रीय स्तर पर बना चुके हैं पहचान, 25 साल पहले 13 हजार से शुरू किया कारोबार अब हर साल दस लाख के आसपास पहुंचा

# शहद उत्पादन में नौगवां पकड़िया के कदीर का जवाब नहीं...

सौरभ सिंह, पीलीभीत

- यूपी, उत्तराखंड के अलावा दिल्ली समेत कई अन्य प्रदेशों में लोगों के जीवन में मिठास घोल रहा शहद
- समूह की महिलाओं को भी बना रहे आत्मनिर्भर, सिखा रहे शहद उत्पादन के तरीके

**अमृत विचार :** शहद...इसका नाम ही स्वाद में मिठास घोल देता है। इसका इस्तेमाल शरीर की इम्युनिटी बढ़ाने से लेकर पूजा पाठ, चाय-दूध और पकवानों तक में होता है। जितनी आसानी से यह बाजार से हमारे घरों में मुहैय्या हो जाता है, उतना ही कठिन इसका उत्पादन है। मगर, बदलते दौर में पीलीभीत के नौगवां पकड़िया के किसान कदीर बक्श ने इसे अपनी जिंदगी में शामिल कर लिया। ढाई दशक पूर्व 13 हजार रुपये से शुरू किया शहद का कारोबार आज लाखों में पहुंच चुका है। इतना ही नहीं यह शहद यूपी, उत्तराखंड के अलावा दिल्ली समेत दूसरे प्रदेशों में भी मिठास खोल रहा है।

50 वर्षीय कदीर बक्श बताते हैं कि ललौरीखेड़ा ब्लॉक से उनको वर्ष 1998 में सात दिवसीय मुधमक्खी पालन का प्रशिक्षण सहारनपुर में कराया गया था। यही से उन्होंने पारंपरिक खेती से हटकर मधुमक्खी पालन करने की ठानी। किसी तरह रुपये की जुगाड़ कर वर्ष 1998 में ही एक छोटे से स्थान पर 13 हजार रुपये खर्च कर 20 बॉक्सों से मुधमक्खी पालन शुरू किया। पंजाब से मधुमक्खी लाकर उनकी सेवा की, तो पहले ही साल में करीब पांच क्विंटल शहद मिला। जिसे पीलीभीत के बाजार में ही बेच दिया। आज शहद करीब 300 रुपये प्रति किलो की दर बिक रहा है, जबकि उस दौरान 80 रुपये किलो का बिकता था। शहद बेचने के बाद जब 35 से 40 हजार रुपये की इनकम हुई, तो वह पूरी तरह से शहद के काम में जुट गए। आज 150 बॉक्स के माध्यम से शहद की उत्पादन कर रहे हैं। कदीर बताते हैं कि शहद अब लोकल बाजार से उठकर अन्य प्रदेशों समेत दिल्ली के बाजारों में पहुंच चुका है। दवा बनाने वाली कंपनियों ने भी उनसे संपर्क साधा है। शहद का नमूना लेने के बाद लखनऊ भेजा गया था। जहां उन्हें एफएसएसआई का हॉलमार्क भी मिल चुका है। कदीर दिल्ली के प्रगति मैदान पर लगने वाले इंटरनेशनल ट्रेडफेयर में भी अपने शहद का काउंटर लगाते हैं। ट्रेड फेयर में कंपनी प्रतिनिधियों से हुई मुलाकात के बाद अब कुछ कंपनियों ने उनसे सीधे शहद लेना भी शुरु कर दिया है। जिससे उनको खासा मुनाफा हो रहा है। पिछले साल उनका शहद दिल्ली में गया था। जहां करीब 300 टिन माल एक्सपोर्ट हुआ था। अब वह शहद से प्रति साल करीब सात से 10 लाख रुपये कमा रहे हैं। कदीर बताते हैं कि मेहनत और लगन के दम पर एक बीघा जमीन पर मुधमक्खी का पालन कर रहे हैं। वह पूरी तरह से ऑर्गेनिक शहद पैदा कर रहे हैं।



एक बीघा जमीन पर बॉक्स में मधुमक्खी पालन करते कदीर बक्श। ● अमृत विचार

### सिर्फ सर्दी में शहद देती है मुधमक्खी

मुधमक्खी को साल में तीन बार प्रवास कराना जरुरी होता है। प्रथम प्रवास अक्टूबर माह से लेकर होली तक होता है। इस समय सरसों की फसलों या यूकेलिप्टिस के फूल निकलते हैं। उसके बाद मार्च से अप्रैल लेकर लीची के बगान में फूल खिलते हैं। फिर जुलाई और अगस्त माह में मधुमक्खियों को ऐसी जगह ले जाया जाता है, जहां पर मधुमक्खी शहद आसानी से बना लें। मधुमक्खी सिर्फ सर्दी में ही शहद देती है। जोक उनका सीजन अक्टूबर से मार्च तक का होता है। इस दौरान शहद अधिक मात्र में मिलता है। बाकी के समय में उनका पालन करना होता है। उन्हें जिंदा रखने के लिए चीनी खिलाई जाती है। जिसे खाने से उन्हें ऊर्जा मिलती है। साल में सिर्फ चार माह ही शहद प्राप्त होता है।

### समूह की महिलाओं को भी बना रहे आत्मनिर्भर

शहद के इस कारोबार से कदीर अब साधन संपन्न हो चुके हैं। उन्हें देखकर गांव की कुछ महिलाओं ने मुधमक्खी पालन करने का मन बनाया तो कदीर मदद करने में जुटे हुए है। कदीर सहेली स्वंय सहायता समूह की 10 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें शहद की पैदावार करना सीखा रहे हैं। एनआरएलएम की ओर से इस समूह के लिए काम शुरु करने के लिए 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी दी गई है। जिससे वह उन्हें प्रशिक्षण देकर कामयाब बना रहे हैं।

# कांवड़ ड्यूटी से लौट रहे हेड कांस्टेबल की सड़क हादसे में मौत, दो घायल

## टनकपुर हाईवे पर पुलिस अधीक्षक के आवास के पास शुक्रवार रात हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, एसपी ने परिवार को बंधाया ढांढस

**अमृत विचार :** कांवड़ ड्यूटी से वापस लौट रहे हेड कांस्टेबल की बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसा हाईवे पर एसपी आवास के पास हुआ। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों बाइकों पर सवार तीन लोगों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया।जहां हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। जबकि अन्य दो घायलों को रेफर कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। मृतक की बेटी पल्लवी ने हादसे की तहरीर पुलिस को दी है।

हादसा शुक्रवार रात करीब दस बजे हुआ। शाहजहांपुर पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल गाजीपुर के थाना व गांव बरेसर के रहने वाले उदय नारायण (58) पुत्र सूर्यनाथ सिंह बदायूं स्थित कछला घाट से ड्यूटी कर पीलीभीत पुलिस लाइन आ रहे थे। पीलीभीत पुलिस लाइन स्थित आवास में ही उनका परिवार रहता है। टनकपुर हाईवे पर एसपी आवास के नजदीक पहुंचते ही उनकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में हेड कांस्टेबल और दूसरी बाइक पर सवार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेर मोहम्मद शरीफ खां चौराहा निवासी मोहम्मद जीशान और मोहिद घायल हो गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। एसपी आवास पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी भी बाहर आ गए। उन्होंने ही घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया।जहां डॉक्टर ने हेड कांस्टेबल को मृत घोषित कर दिया। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि मृतक की पुत्री से तहरीर मिली है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



शुक्रवार देर रात हादसे के बाद इमरजेंसी के बाहर लगी भीड़। ● अमृत विचार

### दो साल पहले शाहजहांपुर हो गया था तबादला

हेड कांस्टेबल उदय नारायण पहले पीलीभीत में ही तैनात थे। दो साल पहले शाहजहांपुर तबादला हो गया था। इसके बाद हेड कांस्टेबल ने ड्यूटी ज्वाइन कर ली थी। मगर परिवार पुलिस लाइन स्थित आवास पर ही रह रहा था। हादसे की रात वह ड्यूटी करने के बाद परिवार के पास ही आ रहे थे। बताते हैं कि उनकी पत्नी भी बीमार रहती हैं। एक बेटा एसएसबी में है जबकि दूसरा एमबीबीएस कर रहा है।

### सूचना मिलने पर मेडिकल कॉलेज पहुंचे अफसरों ने जुटाई जानकारी

हेड कांस्टेबल की मौत की सूचना मिलने के बाद पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। एसपी अविनाश पांडेय, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, कोतवाल नरेश त्यागी, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय मेडिकल कॉलेज पहुंच गए और हादसे के बारे में जानकारी की। सूचना मिलने पर परिवार वाले भी आ गए थे। उनको पुलिस अधिकारियों ने ढांढस बंधाया। शनिवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। शव परिजन गाजीपुर ले गए।

# अलीगढ़ हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या पहुंची छह

संवाददाता, पूरनपुर

- घायल हुए एक और श्रमिक ने इलाज के दौरान दम तोड़ा
- सोनीपत से वापस आते वक्त अलीगढ़ में हुआ था हादसा

**अमृत विचारः** अलीगढ़ में हुए सड़क हादसे में पीलीभीत के चार श्रमिक समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। अब इस हादसे घायल एक और श्रमिक ने शुक्रवार रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, मनीष की मौत का पता लगने के बाद से परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक मनीष।

बता दें कि सेहरामऊ गांव के दर्जनभर श्रमिक एक माह पूर्व हरियाणा के सोनीपत इलाके में मजदूरी करने गए थे। काम निपटाने के बाद बुधवार देर रात ईको में सवार होकर घर आ रहे थे। अलीगढ़ में ईको में कंटेनर ने टक्कर मार दी थी। जिसमें हरिओम, लालता प्रसाद, विपिन और अर्जुन की मौके पर ही मौत हो गई थी। एक अन्य ईको सवार की भी जान गई थी। गांव के ही मनीष सहित अन्य पांच श्रमिक घायल हो गए थे। शुक्रवार को मृतकों के शवों का अंतिम संस्कार कर दिया था। कुछ देर बाद ही हादसे में घायल मनीष (28) पुत्र जगदीश की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिवार में मातम छा गया। शनिवार को पुलिस घर पहुंची और जानकारी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते हैं कि अलीगढ़ से लौटने के बाद मनीष का घर पर रखकर ही परिजन इलाज चला रहे थे। शुक्रवार रात अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। मृतक मनीष विवाहित था। उसके दो बेटे निहाल और कुणाल हैं। एक बहन बहन रूबी है। रक्षाबंधन पर्व से पहले भाई की मौत से बहन का रोकर बुरा हाल रहा।

# गैंग लीडर कटकवारा के ग्राम प्रधान की 8.30 लाख की संपत्ति जब्त

संवाददाता, बरखेड़ा

- डीएम के निर्देश पर एसडीएम और सीओ ने की कार्रवाई
- गैंगस्टर एक्ट के मामले में पुलिस प्रधान को भेज चुकी है जेल

**अमृत विचारः** गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार कर बीते दिनों जेल भेजे गए ग्राम कटकवारा के प्रधान अमित गंगवार पर पुलिस प्रशासन ने शिकंजा कसा। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम-सीओ ने उसकी 8.30 लाख की संपत्ति जब्त की है। जिसमें दो चार पहिया वाहन कब्जे में लिए गए हैं। पुलिस की कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा।

बरखेड़ा पुलिस ने बीते दिनों कटकवारा गांव के प्रधान अमित गंगवार उर्फ मन्नू व उसके साथियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसमें आपराधिक इतिहास का हवाला दिया था। ये भी बताया था कि आरोपी गिरोह बनाकर अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित करता है। इस गिरोह का लीडर खुद ग्राम प्रधान है।

पुलिस ने बीते दिनों आरोपी प्रधान को जेल भेज दिया था। इसके बाद अब जिलाधिकारी के निर्देश पर संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई की गई है। बीसलपुर एसडीएम महिपाल सिंह, सीओ प्रतीक दहिया पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। इसके बाद आरोपी प्रधान की ईको और सियाज कार जब्त की गई है।इसकी कीमत 8.30 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस बल ने कार्रवाई के दौरान मुनादी भी कराई। इस दौरान हड़कंप मचा रहा। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के आरोपी अमित गंगवार उर्फ मन्नू की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की गई है।



संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई कराने पहुंचे एसडीएम-सीओ। ● अमृत विचार

# विवाहिता को पीटकर निकाला पांच पर रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचारः** दहेज मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट की और थाना क्षेत्र के ग्राम बिठौराकलां की आरती देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी दियोरियाकलां क्षेत्र के ग्राम चितहरी बरखेड़ा के प्रेमशंकर से 16 फरवरी 2023 में हुई थी। दिए गए दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। सोने की चेन और 20 हजार रुपये की मांग शुरू कर दी। इसके पूरा न होने पर बंधक बनाकर मारपीट की जाने लगी। आरोप है कि जिंदा जलाकर मारने की कोशिश की गई। इसके बाद घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति प्रेम शंकर, ससुर जगदीश, सास ज्ञानवती, नंद ज्योति और नेहा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


# ट्रक चालक से साठगांठ कर हड़प लिया माल, अब फंसे

**बीसलपुर, अमृत विचारः** गाजियाबाद से आ रही पान मसाला और तंबाकू को ट्रक चालक से सांठगांठ करके सब डीलर ने अपने यहां उतरवा लिया। इसकी जानकारी लगने पर मुख्य डीलर ने एफआईआर दर्ज कराई है। सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला खुशीमल के रहने वाले कमल कश्यप ने कोतवाली बीसलपुर में तहरीर दी। जिसमें बताया कि वह एमके इंटरप्राइजेज के स्वामी है। उनका 20 हजार का पान मसाला मय तंबाकू के 30 जुलाई को गाजियाबाद से पीलीभीत के लिए निकला था। ट्रक चालक रामपुरा के थाना अजीमनगर के गांव करनपुर निवासी कृपाल सिंह था। पीड़ित कंपनी का मुख्य डीनर है, जबकि बीसलपुर के मोहल्ला दुर्गाप्रयसाद का शोभित गुप्ता सब डीलर है। आरोप है कि ट्रक ड्राइवर से साठगांठ करके आरोपी शोभित गुप्ता ने पीड़ित का माल अपनी दुकान पर बीसलपुर में उतरवाकर अनमात में खयानत की। पुलिस ने इस मामले में चालक और सब डीनर के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

कलासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नवदीप सिंह व उसकी पत्नी निमृत कीर्ति से उसके गलत आचरण से तंग आकर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं उनके किसी भी कृत्य / लेनदेन की मेरी जिम्मेदारी नहीं होगी। मेरी चल-अचल सम्पत्ति में उनका कोई हक नहीं होगा। **रवीन्द्र सिंह पुत्र हरजिन्दर सिंह निवासी खिरनीबाग थाना, सदर बाजार, शाहजहांपुर**

**सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि मैं दिनांक 03/07/2024 को अपने घर ग्राम डहरपुरकलां परगना सलेमपुर से बस द्वारा दातागंज जा रहा था एक थैले में प्लाट व मकान के बैनामे से सम्बन्धित कुछ आवश्यक कागजात थे जिन्हें उर्मिला देवी पत्नी नत्थूलाल निवासी कस्बा दातागंज जिला बदायूं ने रामश्री पत्नी रामलाल निवासी ग्राम डहरपुरकलां परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं से वर्ष लगभग 1986 में क्रय की थी वस में से कही गुम हो गये जिन्हें काफी तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चला उपरोक्त कागजात किसी के पास हो और उन्हें कोई प्रयोग में लाये तो उन्हें गैर कानूनी व निराधार समझा जावे। प्रमोद कुमार गुप्ता पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी ग्राम डहरपुरकलां परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं।

**आवश्यकता है**

गर्ल्स हॉस्टल में खाना बनाने हेतु महिला/पुरुष की जो रहकर खाना बना सके। आकर्षक वेतन। रहना, खाना फ्री।

रामपुर गार्डन बरेली।

संपर्क करें :- 9634260005, 9412148721

**आवश्यकता है**

सहायक प्रशासनिक अधिकारी

कम्प्यूटर ऑपरेटर

कम्प्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग एवं सी.सी.टीवी. मेंटेनेंस हेतु

लैब टैक्नीशियन

अनुभवी व्यक्ति की

वेतन-योग्यतानुसार

शीघ्र संपर्क करें :-

HR ऑफिस, रूम नं. 102, OPD गेट के पास

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में

समय : प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक

मो. 7521001986, 7521001994

**सूचना**

मीनाक्षी पाठक और मीनाक्षी दोनों ही मेरे प्रचलित नाम है। मुझे दोनों नाम से बुलाया व पहचाना जाता है। **मीनाक्षी पाठक राम विहार कॉलोनी बिलगवां बाहर चुंगी पीलीभीत।**

**सूचना**

मैंने अपने सगे छोटे भाई साबिर हुसैन पुत्र अहमद हुसैन निवासी- 29, परतापुर चौधरी थाना- इज्जतनगर, बरेली व उसके परिवार वालों से सम्बन्ध विच्छेद कर लिया हैं। उनके किसी भी कृत्य, अपकृत्य की मेरी व मेरे परिवार वालों की जिम्मेदारी न होगी। **आबिद हुसैन पुत्र अहमद हुसैन निवासी-29, परतापुर चौधरी, थाना- इज्जतनगर, जिला- बरेली।**

**विश्वास डायग्नोस्टिक सेंटर**

बुखारा मोड़ (लालफाटक रोड), बरेली एवं

**अनुकूल डायग्नोस्टिक सेंटर**

बिशारतगंज, आंवला (बरेली)

हमारे यहां पर फीमेल रिसेप्शन स्टॉफ, लैब सैंपल कलैक्शन स्टाफ, फीमेल कम्प्यूटर ऑपरेटर की वैकेन्सी उपलब्ध हैं। सैलरी 5 से 20 हजार तक योग्यतानुसार

आज ही सम्पर्क करें।

9695554511, 8218670974

**FACULTY**

Required for

BA (Hindi, English, Drawing, Home Science Political Science, History, Geography)

B.Sc. (H.Sc.) BBA

Qual. & Exp. As per Govt/ University norms.

Apply within 10 days

pushpinstitute@gmail.com

Pushp Institute, Pilibhit (Aff. to Rohilkhand Uni. BLY)

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## मुड़सेना मार्ग पर बाघ की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत

**अमरिया, अमृत विचार:** एक बार फिर क्षेत्र में बाघ की दस्तक से ग्रामीण दहशतजदां हैं। शावकों के साथ होने के चलते बाघिन होने की भी आशंका जताई जाती रही। फिलहाल वन विभाग की टीम पड़ताल कर रही है। ग्रामीणों से अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। बता दें कि अमरिया क्षेत्र में बाघों की दस्तक नई बात नहीं है। कई सालों से अमरिया क्षेत्र में तमाम बाघ गन्ने के खेतों में डेरा जमाए रहे थे। हालांकि अब इनकी चहलकदमी काफी कम हो चुकी है। इसे लेकर तमाम तरह की चर्चाएं भी होती रहती है। अब गांव परेवा वैश्य के पास बाघ की दहशत हुई है।

ग्रामीणों की मानें तो शुक्रवार रात परेवा से मुडसेना की ओर जाने वाले मार्ग पर एक युवक को बाघ दिखा। युवक अपनी मां के साथ था। उसकी मानें तो बाघ संग शावक भी थे। जिससे बाघिन होने का कयास लगाया जा रहा है। इसकी सूचना मिलने पर शनिवार को रेंजर देव ऋषि सक्सेना, कौशलेंद्र यादव, वन दरोगा शैलेन्द्र यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी की।

# मांगों को लेकर भीम आर्मी का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन, बोले- बंद हो शिक्षा के व्यवसायीकरण

### जिलाधिकारी को संबोधित 11 सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम सदर को सौंपा, समस्याओं के निस्तारण की मांग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** शिक्षा के व्यवसायीकरण के विरोध में भीम आर्मी एकता मिशन एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपकर समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की। शनिवार सुबह भीम आर्मी एकता मिशन एवं आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने शिक्षा के व्यवसायीकरण के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

इस बीच कार्यकर्ताओं ने डीएम को संबोधित 11 सूत्रीय मांगपत्र एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह को सौंपा। जिसमें कहा गया कि जनपद के निजी स्कूलों में



कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर प्रदर्शन करते भीम आर्मी सेना एकता मिशन के कार्यकर्ता।

- **ज्ञापन में अभिभावकों को तमाम दिक्कतों का भी किया जिक्र**

मनमाने ढंग से फीस बढ़ोत्तरी की जा रही है। शिक्षा का व्यापक स्तर पर व्यवसायीकरण किया जा रहा है। जिससे अभिभावकों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में शिक्षा का व्यवसायीकरण बंद कराने, स्वतंत्रता दिवस पर बीसलपुर नगर के प्रमुख ईदगाह चौराहे पर 150 फिट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाने, बीसलपुर में रेलवे के कोयला डिपो को अन्य स्थान पर स्थापित कराने, जनपद में खुले में घूम से छुट्टा पशुओं को गोआश्रय स्थलों में भिजवाने के अलावा पात्रों को पीएम आवास आदि योजना का लाभ दिलाने की मांग की। जिला अध्यक्ष सौरभ भारतीय, जिला प्रवक्ता विश्वजीत, गुरदीप सिंह, अमर सिंह, मुनीश कुमार, हरीश कुमार, राजाराम माथुर, नगर संयोजक राहुल समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

## अघोषित बिजली कटौती पर भड़के कांग्रेसी


अघोषित बिजली कटौती को लेकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने जाते कांग्रेसी।

**पीलीभीत, अमृत विचार:** जनपद में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती पर कांग्रेसी भड़के उठे। शहर कांग्रेस के नेतृत्व में तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता शनिवार को कलेक्ट्रेट तिराहा पर एकत्र हुए। यहां से कलेक्ट्रेट पहुंच कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि पूरे प्रदेश में वर्तमान में बिजली की भारी कटौती हो रही है। जिससे आम जनमानस, किसान, कामगार, विद्यार्थी आदि सभी परेशान है। उद्योग धंधों पर बुरा असर पड़ रहा है। उत्पादन कम हो रहा है, जिससे वस्तुओं के दाम बढ़ रहे हैं। कहा जहां एक ओर प्रदेश में बारिश की कमी के चलते नहरों में पानी टेल तक नहीं पहुंच पा रहा है। वहीं बिजली कटौती के कारण किसान अपनी धान व अन्य फसलों की ट्यूबबेल से भी सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। जिससे उनकी फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन में राज्यपाल से उपरोक्त गंभीर समस्या के निस्तारण के लिए प्रदेश सरकार को निर्देशित करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिनय गुप्ता, अनवर अनीस, शादाब शेख, कृष्ण पाल सिंह पटेल, हरिशंकर, बृजेश द्विवेदी, अशोक भारती, लेखराज राठौर, आशुतोष अग्निहोत्री, रिजवान मियां, राजेंद्र कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तापमान बढ़ने से धान की फसल पर गहराया संकट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताए बीमारियों से बचाव के तरीके**

**अमृत विचार:** जिले में तापमान में बढ़ोतरी होने से धान की फसल पर संकट मंडराने लगा है। कभी तेज धूप तो कभी अत्याधिक बारिश से धान की फसल में रोग के लगने की संभावना बढ़ने लगी है। यदि समय रहते बीमारियां के बचाव के उपाय नहीं किए गए तो फसल के उत्पादन पर इसका असर पड़ सकता है।

जनपद में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। इस बदलते मौसम में जहां आम आदमी बीमारियों का शिकार हो रहा है, वहीं इसका असर फसलों पर पड़ने लगा है। जनपद में धान की खेती मुख्य फसल के तौर पर की जाती है। इधर तापमान में हो रही बढ़ोत्तरी से धान की फसल प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है। धान की फसल तमाम तरह से कीट एवं रोग से ग्रस्त होने लगी है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्याम नरायन राम ने धान की फसल में लगने वाली बीमारियों के लक्षण एवं उससे बचाव के तौर-तरीके बताए हैं। कहा कि इन दिनों धान की फसल में तनाबेधक (स्टेम वोटर) कीट का प्रकोप देखा जा रहा है। जिससे पौधे की बढ़वार रुक जाती है। किसान कीट के प्राकृतिक शत्रु ट्राइकोगामा (जैपेनिकम) के 2.5 कार्ड (20 हजार अंडे प्रति कार्ड) प्रति हेक्टेयर की दर से रोपाई के 30 दिनों बाद एक सप्ताह के अंतराल पर छह बार छोड़े। ट्राइकोगामा कार्ड विकासखंड स्थित कृषि रक्षा इकाइयों पर उपलब्ध है।

डाईमेथोएट 30 प्रतिशत की मात्रा एक लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से छिडकाव करें। कारटाप हाइड्रोक्लोराइड 4 प्रतिशत दानेदार रसायन को 20 किग्रा प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। वहीं पत्ती लपेटक के उपचार के लिए लेम्बडा सायहॅलोथ्रीन 5 प्रतिशत या क्यूनालफास 25 ईसी मात्रा 1.25 ली प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करना चाहिए। शीथ ब्लाइट (झुलसा रोग) से बचाव के लिए खड़ी फसल पर एक किग्रा थायोफिनेट मिथाईल 70 डब्ल्यूपी या एक किग्रा कार्बनडाजिम 50 डब्ल्यूपी का प्रति हेक्टेयर की दर से 800 लीटर पानी में घोलकर आवश्यकतानुसार 10 दिन के अंतर पर छिड़काव करना चाहिए। झोका रोग से उपाय भी बताए।

## सार-संक्षेप

### पत्रकार को मातृशोक, संवेदना व्यक्त की



**बिलसंडा, अमृत विचार:** पत्रकार सुरेश जायसवाल की मां कटोरी देवी (85) का शुक्रवार रात निधन हो गया। बड़े पुत्र कैटर्स रमेश जायसवाल ने बताया कि मां कटोरी देवी पिछले काफी दिनों से बीमार चल रही थीं। बरेली के अलावा कई अस्पतालों में इलाज कराया, लेकिन कोई फायदा न होने पर परिजन उन्हें घर ले आये थे। बीसलपुर विधायक विवेक कुमार वर्मा ने घर पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया। दोपहर बाद नगर के श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष अवनीश जायसवाल, चेयरमैन डीके गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल, देवदत्त सक्सेना, श्रीपाल जायसवाल, विक्रम गंगवार, राजीश गुप्ता, विक्रम नरेश जायसवाल, अधिवक्ता आशीष सक्सेना, रमेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, राजीव गुप्ता, राजेश आदि ने निधन पर दुख जताते हुए शोक श्रद्धांजलि व्यक्त की। उधर पत्रकार राजेंद्र वर्मा, अमित मिश्रा गुरुजी, अजय जायसवाल, सुनील मिश्रा, देव जायसवाल, अतुल शर्मा, अनूप त्रिवेदी जसपाल कश्यप, मुनेंद्र पाल वर्मा, संजय शर्मा आदि ने निधन पर शोकसभा आयोजित कर दुख जताया।

### मेहंदी प्रतियोगिता में रिदा और माही अव्वल



**बीसलपुर, अमृत विचार:** हरियाली तीज के मौके पर शिशु विहार विद्यालय में मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शनिवार को जूनियर व सीनियर वर्ग छात्राओं की मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता में छात्राएं उत्साहित दिखीं। जूनियर वर्ग में रिदा प्रथम, नितिका द्वितीय व आर्सी तृतीय स्थान पर रहीं। सीनियर वर्ग में माही प्रथम, माहिरा द्वितीय, आराध्या गंगवार तृतीय स्थान पर रही। विजयी छात्राओं को प्रधानाचार्य दीपशिखा मिश्रा, निर्णायकमंडल की शशि अग्रवाल व सुगंध गुप्ता ने पुरस्कृत किया। शिक्षक संजीव सक्सेना ने भी सहयोग किया।

### रामलला के दर्शन को भक्त रवाना



**पूरनपुर, अमृत विचार:** अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर निर्माण के बाद से लगातार भक्तों का आवागमन हो रहा है। शनिवार को पूरनपुर से करीब 54 भक्त अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन करने के लिए बस से रवाना हुए। बंडा रोड पर महाकाल किराना स्टोर के पास एकत्र हुए। इस दौरान नवीन अग्रवाल, मुकेश खंडेलवाल और सभासद विकास गुप्ता ने सभी तीर्थ यात्रियों को पटका पहनाकर विदा किया और यात्रा की शुभकामनाएं दी। आयोजक विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि अयोध्या में दर्शन के बाद भक्ति नैमिषारण्य धाम जाएंगे। वहां नौ दिवसीय कथा श्रवण की जाएगी। भगवान श्री राम के जयघोष के साथ यात्रा शुरू की गई। इस दौरान यात्रियों के परिजनों के अलावा सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### कांवड़ यात्रा पर रवाना हुए शिव भक्त



**मझोला, अमृत विचार:** क्षेत्र से एक और कांवड़ियों का जत्था जल लेने के लिए रवाना हुआ। शनिवार को एक ट्रैक्टर ट्राली और पांच बाइकों पर सवार होकर डीजे की धुन पर थिरकते हुए कांवड़िये गए। वह सोमवार को वापसी करेंगे और कस्बे में ही शिव मंदिर पर जलाभिषेक करेंगे। वहरं पर भंडारा किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने भी कांवड़ियों का अभिनंदन किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह, कांवड़िये बैजनाथ यादव, चंदन कुमार, सूरज, रामश्याम, उत्तम, बबलू, भगत चौरसिया, धीरज, विकास कुमार, ध्रुपाल सिंह, रघुवीर भोला आदि मौजूद रहे।

## पति समेत पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार:** दस लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को ससुरालियों ने पीटकर घर से निकाल दिया। बिना मांग पूरी किए वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाली में दी गई तहरीर में मोहल्ला पटेल नगर की पारुल गंगवार पुत्री धर्मपाल ने बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले बरेली जनपद के थाना भुता क्षेत्र के ग्राम ककराकलां निवासी मोहित से हुई थी। 10 माह तक उसके ससुराल पक्ष के लोगों का उसके साथ व्यवहार ठीक रहा, लेकिन इसके बाद पति मोहित गंगवार, ससुर भगवान दास ,सास कांति देवी, देवर निखिल, कपिल गंगवार, पारुल ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। कार खरीदने के लिए दस लाख रुपये की मांग करने लगे। इसके पूरा न होने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। मायके वालों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन एक नहीं सुनी।

## गोशाला निर्माण में मानकों का रखें विशेष ध्यानः डीएम


कान्हा गोशाला का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम संजय कुमार सिंह।

संवाददाता, पूरनपुर

- **डीएम ने कान्हा गोशाला का किया निरीक्षण, दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** संपूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई करने के बाद जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह शनिवार को क्षेत्र के गांव हरसिंहपुर पहुंचे। यहां निर्माणाधीन कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य प्रगति की जानकारी ली। निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री को भी देखा।

डीएम ने कहा कि गोवंश संरक्षण शासन की प्राथमिकता में है। निर्माण का काम शीघ्र पूरा कराएं। निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री गुणवत्तापरक होनी चाहिए। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा डीएम ने ग्राम सकरिया के ईश्वर एकेडमी में पहुंचकर पौधारोपण किया। एक पौधा मां के नाम अभियान के बारे में जागरूक करते हुए दूसरों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित किया।

## डीएम और एसपी के सामने पेश हुए 42 फरियादी, एक का समाधान

संवाददाता, पूरनपुर



राहत सामग्री वाहन को झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम संजय कुमार सिंह।

- **पूरनपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के तहत की जनसुनवाई**
- **बाढ़ राहत सामग्री वाहन को भी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**अमृत विचार:** तहसील परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शनिवार सुबह दस से दोपहर दो बजे तक जनसुनवाई की गई। डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय समेत कई अधिकारी पहुंचे थे, लेकिन समाधान की गति बेहद धीमी रही।

डीएम -एसपी ने एक-एक कर फरियादियों को सुनना शुरू किया। यहां कुल 42 फरियादी पेश हुए लेकिन एक का ही समाधान किया जा सका। चंदिया हजारा के ग्रामीणों ने डीएम से बाढ़ पीड़ितों को जमीन का पट्टा दिलवाने की मांग की। थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा की मैना देवी ने शिकायत में आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की, पति को पीटकर घायल कर दिया। इस मामले में मुकदमा विचाराधीन है। एक दरोगा आरोपी के साथ महिला के घर पहुंचा और समझौता करने का दबाव बनाया।

महिला ने कार्रवाई की मांग की। महावीर व दुर्गा सेना के जिलाध्यक्ष रूम सिंह यादव ने सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए डीएम को पत्र सौंपा। इसके बाद डीएम -एसपी ने परिसर में ही पौधरोपण किया। वाटर हार्वेस्टिंग की प्रक्रिया भी देखी। उम्मीद संस्था की ओर से बाढ़ पीड़ितों के लिए पहुंची दो ट्रक सामग्री को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह, एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला आदि रहे।

## सैलानियों की बढ़ रही संख्या, चूका बीच में टेंट सिटी बनाने की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **राज्यमंत्री संजय गंगवार ने मुख्य सचिव को जिले से संबंधित कई विकास कार्यो के लिए सौंपा पत्र**

**अमृत विचार:** चूका बीच पर टेंट सिटी बनाने समेत जनपद के विकास से जुड़े तमाम कार्यों को लेकर राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिल संजय सिंह गंगवार ने लखनऊ में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को पत्र सौंपा। जिसमें पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। साथ ही रोडवेज के लिए भूमि उपलब्ध कराए जाने का भी आग्रह किया गया।

राज्यमंत्री की ओर से मुख्य सचिव को सौपे गए पत्र में कहा गया कि पीलीभीत जनपद की कलीनगर तहसील क्षेत्र में जंगल में स्थित रमणीक स्थल के रूप में विकसित हो रहे चूका बीच पर प्रदेश के मुख्यमंत्री, राज्यपाल


मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को पत्र सौंपते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।

विजिट कर चुके हैं। इस स्थल पर देश विदेश से आने वाले सैलानियों की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है।

जनपद को पर्यटन की दृष्टि से न सिर्फ विकास की राह आसान हो रही है बल्कि देश विदेश में जनपद पर्यटन के रूप में अपनी विशेष पहचान बना रहा है। राज्यमंत्री ने सैलानियों की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत वहां पर सैलानियों के ठहरने के लिए टेंट सिटी बनाए जाने की आवश्यकता बताई।

इसी क्रम में कुकरीखेड़ा में स्थित प्राचीन शिव मन्दिर के जीर्णोद्धार के लिए पर्यटन विभाग से विकसित कराने की अपेक्षा की। इसके अलावा रोडवेज के लिए जमीन उपलब्ध कराये जाने को लम्बित पड़े प्रस्ताव को अतिशीघ्र फाइनल करने और रोडवेज बस स्टेशन के लिए उपयुक्त जगह की उपलब्धता कराने का आग्रह किया। ताकि नये रोडवेज बस स्टेशन की स्थापना हो सके। अमरिया तहसील के भवन को लेकर बजट की मांग की गई।

## गर्भवती होने पर पता चली दुष्कर्म की बात, दी तहरीर

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक ग्रामीण ने शनिवार देर शाम थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। जिसमें बताया कि उसकी पुत्री मानसिक रुप से अस्वस्थ है। 13 दिसंबर 2023 को उसकी पुत्री घर से कुछ दूरी पर ही गोबर डालने के लिए गई थी। आरोप है कि गांव के ही एक युवक ने उसे पकड़ लिया। खेत पर ले जाकर पुत्री से जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर पिटाई कर मारने की धमकी दी गई। इसके बाद डरा धमकाकर छोड़ दिया। मानसिक रुप से अस्वस्थ होने और डर के चलते पुत्री ने कुछ नहीं बताया। अब पुत्री गर्भवती हो गई। जिसके चलते घटना का पता चला। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## तालाब में लापता युवक का शव मिलने से हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव हुसैन नगर का मामला**
- **पुलिस पूछताछ में परिजनों ने किसी रंजिश से किया इंकार**

**अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। उसका शव मकान से कुछ दूरी पर तालाब में उतराता मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। हालांकि परिजन ने रंजिश से इनकार कर किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव हुसैन नगर के दोदराज ने बताया कि उसका 18 वर्षीय पुत्र राजाराम शुक्रवार रात में परिवार के साथ खाना खाने के बाद कमरे में सोने चला गया था। परिवार के अन्य सदस्य भी सो गए। शनिवार सुबह जब उनकी आंख खुली तो देखा कि बेटा अपने बिस्तर पर नहीं था। काफी देर तक वह घर नहीं आया तो परिवार वालों को चिंता हुई। इस पर परिवार वालों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान मकान के पास एक तालाब में बेटे का शव उतराता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिवार वालों ने अपने बेटे राजाराम के रुप में शिनाख्त की।

बेटे का शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की पूछताछ में परिवार वालों ने किसी भी तरह की रंजिश से इनकार कर दिया। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था।

## प्रधान पर विकास कार्य न कराने का आरोप

**घुंघचिहाई, अमृत विचार:** ग्राम प्रधान पर तीन साल से विकास कार्य न कराने का आरोप लगा है। इसकी शिकायत सदस्य ने एसडीएम से कर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के ग्राम जगतपुर जमुनिया के गांव डूंडा के वार्ड नंबर सात से पंचायत सदस्य सद्दाम हुसैन पुत्र मेहंदी हसन ने शिकायत कर बताया कि शपथ होने के बाद से अब तक ग्राम प्रधान द्वारा कोई विकास कार्य नहीं कराया गया है। मुख्य रोड पर वर्षों से नाली क्षतिग्रस्त है। लोगों के घरों और सड़कों पर नाली का गंदा पानी भरता है। गांव डूंडा पीटीआर के जंगल से मात्र 700 मीटर की दूरी पर है। हालांकि गांव में उजाले के लिए लाइटें तो लगाई गई लेकिन वह लंबे समय से बेकार है। कई लाइटों के बल्ब ही टूट चुके हैं। रात में गलियों में अंधेरा पसरा रहता है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की।

**सहूलियत** गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने गन्ना विभाग की अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

# चीनी मिलों व समितियों में स्थापित होंगे किसान सहायता केंद्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** प्रदेश भर में गन्ना किसानों को गन्ना समितियों की सदस्यता दिलाने को अभियान चलाया जा रहा है। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए जिन किसानों के पास एंड्राइड फोन नहीं है या फिर कम पढ़े-लिखे हैं, उनकी मदद के लिए गन्ना विकास समितियों और चीनी मिलों में किसान सहायता केंद्र स्थापित किए जाएंगें। यह बात गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने गन्ना विभाग के अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक के दौरान कही।

शहर स्थित जन सहयोग कार्यालय में शनिवार को राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि प्रदेश भर में गन्ना


बैठक करते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार। ● अमृत विचार

किसानों को समिति सदस्यता दिलाने का यह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा। सभी जिला गन्ना अधिकारी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव, गन्ना पर्यवेक्षक एवं सभी चीनी मिलों के अधिकारियों और समितियों के कर्मचारियों को लगाया है। सदस्य बनने के लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। एंड्राइड फोन नहीं होने या कम पढ़ा लिखे होने की स्थिति में किसानों कीसहायता के लिए गन्ना विकास समितियों एवं चीनी मिलों पर किसान सहायता केंद्र स्थापित किए जाएंगें। गन्ना विकास समितियों के कर्मचारी

- **कहा- कम पढ़े-लिखे किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे कर्मचारी**
- **सदस्यता अभियान में 20 हजार नए गन्ना किसान जोड़ने का है लक्ष्य**

किसान सहायता केंद्र पर किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे। सदस्य बनने के लिए किसानों को मात्र 21 रुपये शुल्क देना होगा।जनपद की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में पीलीभीत, पूरनपुर, बीसलपुर एवं मझोला सहित चार सहकारी गन्ना समितियां हैं।

इन चारों गन्ना विकास समितियों मे 20 हजार से अधिक गन्ना किसानों को सदस्य बनाया जाना है। सदस्य बनने पर किसान अपना गन्ना चीनी मिलो में आपूर्ति कर पाएंगें। जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने बताया कि सभी समितियों, परिषदों एवं चीनी मिलों पर सदस्य बनाने के लिए किसान सहायता केंद्र स्थापित किए गए है।

अब तक 1538 किसानों को ऑनलाइन सदस्यता दिलाई जा चुकी है। इसमें सबसे ज्यादा 906 किसानों ने पीलीभीत समिति में आवेदन किया है। बीसलपुर समिति से 244, पूरनपुर समिति से 352 एवं मझोला समिति से 36 किसानों ने ऑनलाइन सदस्यता के लिए आवेदन किया है। बैठक में सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत के सचिव प्रदीप अग्निहोत्री, अवर अभियंता गन्ना विकास विभाग समेत गन्ना विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री के जिला प्रतिनिधि के फार्म हाउस में दिखे दो तेंदुआ

संवाददाता, मझोला

- वन विभाग को दी गई सूचना ग्रामीणों से न जाने की अपील

**अमृत विचार:** जंगल से बाहर वन्यजीव के निकलने का सिलसिला जारी है। अब राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल के फार्म हाउस पर दो तेंदुए देखे गए। जिसके बाद दहशत फैल गई। ग्रामीणों से फार्म हाउस पर न जाने की अपील की गई है । वन विभाग को भी सूचना दे दी गई है।

कस्बा मझोला के रहने वाले कपिल अग्रवाल व्यापार मंडल की युवा विंग के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष है। वर्तमान में वह राज्यमंत्री के जिला प्रतिनिधि है। उन्होंने बताया कि उनका फाह खिरकिया फार्म है। उसमे शनिवार रात दो तेंदुए देखे गए। वहां पर देख रेख में दो कर्मचारी रुके है।

कर्मचारियों ने बताया कि दो तेंदुए फार्म पर आ गए है। वह किसी तरह खुद को बचा रहे है। इस पर वन विभाग की टीम को सूचना दी गई। ग्रामीणों को भी सोशल मीडिया पर मेसेज के जरिए आग्रह किया है कि वह फार्म की तरफ न जाएं। वन दरोगा सोनी सिंह ने बताया कि सूचना मिली है। टीम के साथ मौके पर पहुंच रहे है। फिलहाल मामले को लेकर ग्रामीणों में दहशत मची रही।

### 24 लाख खर्च कर 100 फीट ऊंची लगेंगी हाईमास्ट, स्वतंत्रता दिवस को लेकर नौगवां पकड़िया चेयरमैन ने बनाई रणनीति

# दूधिया रोशनी से जगमगाएगा टाइगर तिराहा और असम चौराहा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** इस बार स्वतंत्रता दिवस को लेकर नगर पंचायत नौगवां पकड़िया जश्न मनाने के लिए तैयारियों में जुटा हुआ है। टाइगर तिराहा और असम चौराहा पर 100 फीट ऊंची दो स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही है। इससे दोनों चौराहा दुधिया रोशनी से जगमगा उठेंगे। साथ ही स्वतंत्रता दिवस पर यहां तिरंगा लाइट से भव्य सजावट भी कराई जाएगी। इस पर 24 लाख रुपये का बजट खर्च किया जा रहा है।

दरअसल, नौगवां पकड़िया को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद से विकास कार्य तेजी से चल रहा है। बीते दिनों ईदगाह रोड पर पोल लगाकर लाइटों से जगमग किया था। नगर पंचायत में टाइगर तिराहा और असम चौराह भी आता है। जहां से बरेली, पूरनपुर और बीसलपुर के लिए लोग होकर गुजरते हैं। वहीं, टाइगर तिराहा से शहर में लोग प्रवेश करते हैं। शहर में लोगों का स्वागत करने के लिए पहले ही टाइगर तिराहा का निर्माण कराया गया था। उसे संजोने के लिए नगर पंचायत की ओर से 100 फुट की ऊंची लाइट लगवाने का प्रस्ताव पास किया था। यह प्रस्ताव असम चौराहा और टाइगर तिराहा के लिए पास हुआ है। यहां पर 12 हाईमास्ट लाइट राउंड में लगेंगी। जिनकी ऊंचाई 100 फुट पर होगी। इससे दोनों चौराहा दुधिया रोशनी से जगमगा उठेंगे।

पालिका प्रशासन का दावा है कि लाइट लगवाने के लिए नगर पंचायत की ओर से टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद इसका काम शुरु कर दिया गया है। इन लाइटों को लगाने के लिए 24 लाख रुपये का बजट स्वीकृति किया गया है। दो दिन पहले दोनों चौराहा पर पोल खड़े कर दिए गए हैं। यह काम 14 अगस्त से पहले ही पूरा कर लिया जाएगा। इसको लेकर नगर पंचायत चेयरमैन की ओर से कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए हैं। 15 अगस्त को इन लाइटों का उद्घाटन किया जाएगा।



बरेली रोड पर स्थित टाइगर तिराहा। (फाइल फोटो)। ● अमृत विचार

### तिरंगा लाइटों से होगी सजावट

100 फीट पर हाईमास्ट लाइटें लगवाने के अलावा स्वतंत्रता दिवस पर इन चौराहों पर तिरंगा लाइट से भव्य सजावट की जाएगी। असम चौराहा, टाइगर तिराहा के अलावा नगर पंचायत कार्यालय और अन्य चौराहों पर भी भव्य सजावट कराई जाएगी। सभी जगह तिरंगा लहराया जाएगा। यह कार्य पहले ही शुरू कर दिया जाएगा।

नगर पंचायत की ओर से असम चौराहा और टाइगर तिराहा पर 100 फुट ऊंची हाईमास्ट लाइट लगवाई जा रही है। जिन पर 24 लाख रुपये का बजट खर्च किया जा रहा है। प्रस्ताव स्वीकृत कराने के बाद लाइट लगवाई जा रही है। 15 अगस्त को इसका उद्घाटन कराया जाएगा।
– **संदीप कौर, चेयरमैन,** नगर पंचायत नौगवां पकड़िया

# 13 से हर घर फहरेगा तिरंगा, 4.60 लाख तिरंगा तैयार कराने के निर्देश

### डीएम ने तिरंगा अभियान एवं काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ कार्यक्रम की समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर शहीद स्मृति यात्रा भी निकलेगी

**अमृत विचार:** डीएम की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य हर घर तिरंगा अभियान एवं काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने संबंधी बैठक हुई। इस दौरान उन्होंनें 13 से 15 अगस्त तक सरकारी कार्यालयों, पंचायत भवनों, स्कूलों, अमृत सरोवरों, दुकानों, बैंकों आदि पर तिरंगा फहराने के निर्देश दिए।

गांधी सभागार में शनिवार को हुई बैठक में डीएम संजय कुमार सिंह ने सभी विभागाध्यक्षों को बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जाएगा। सरकारी कार्यालयों, पंचायत भवनों, स्कूलों, अमृत सरोवरों, दुकानों, बैंकों समेत सभी जगहों पर तिरंगा फहराया जाए। अमृत सरोवरों पर जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में तिरंगा फहराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि हर घर तिरंगा अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए।

पिछले वर्ष जिन विभागों को तिरंगा के लिए जो लक्ष्य दिया गया था, उसे पूरा कराना सुनिश्चित करें, ताकि अभियान को सफल बनाया जा सके। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को शहरी एवं ग्रामीणों क्षेत्रों के लिए 4 लाख 60 हजार 500 झंडा तैयार कराने के निर्देश दिए। कहा कि झंडे का आकार आयताकार होना चाहिए। झंडे की लंबाई एवं चौड़ाई का अनुपात 3:2 होना चाहिए। झंडा बनाने की सामग्री खादी, सूती, पॉलिस्टर या सिल्क आदि हो सकती है। इस दौरान उन्होंने फहराने के नियमों से अवगत कराया। कहा कि 13 से 15 अगस्त तक निजी आवासों एवं प्रतिष्ठानों पर लगाए जाने वाले झंडों को समयावधि के बाद उतार कर सुरक्षित रखा जाए। डीएम ने कहा कि नौ अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। नौ अगस्त को 100 साइकिल सवार स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों द्वारा शहीद स्मृति यात्रा का शुभारंभ गांधी स्टेडियम से ड्रमंड राजकीय इंटर कालेज तक किया जाएगा। बतौर मुख्य अतिथि शहीद दामोदर दास पार्क में शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा तथा लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान डीएम ने 100 तिरंगें कलर की टीशर्ट उपलब्ध कराने, वहीं नगर पालिका ईओ को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने के साथ 100 गुब्बारों की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी। यह भी बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को गांधी सभागार में सम्मानित किया जाएगा। बैठक में सीडीओ केके सिंह, एडीएम वित्त ऋतु पूनिया, डीडीओ संजय कुमार, एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह समेत सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।



गांधी सभागार में बैठक में तैयारियों को लेकर निर्देश देते डीएम संजय कुमार सिंह।

# हाईटेंशन लाइन से चार मौतों की जांच करेगी कमेटी

बदायूं कार्यालय

- हाईटेंशन लाइन गिरने से उसावां में मां-बेटा और दातागंज रोड पर दंपती की हुई थी मौत
- समिति की जांच आख्या के बाद दोषी अधिकारी और कर्मचारियों पर की जाएगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** बिजली विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही से आए दिन हादसे हो रहे हैं। 31 जुलाई को हाईटेंशन लाइन गिरने से मां-बेटा, शुक्रवार को दातागंज मार्ग दंपती व जरीफनगर क्षेत्र में बालक की मौत हो गई थी। डीएम निधि श्रीवास्तव ने चार सदस्यीय कमेटी गठित की है। सीडीओ की अध्यक्षता में यह कमेटी मां-बेटा और दंपती की मौत की जांच करेगी। जांच आख्या के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

थाना उसावां क्षेत्र के कस्बा के वार्ड तीन में राजेंद्री देवी को करंट लग गया। बचाने के लिए आए उनके बेटे उमेश को भी करंट लग गया। मां-बेटे की मौके पर मौत हो गई थी। दो अगस्त को दातागंज मार्ग पर थाना मूसाझाग क्षेत्र की मस्जिद के पास हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से दातागंज क्षेत्र के गांव दुधारी निवासी देवपाल सिंह और उनकी पत्नी मीना सिंह की मौत हो गई थी। वहीं शुक्रवार को ही जरीफनगर के गांव जतकी में डनलप पर रखकर चलाए जा रहे ट्रांसफार्मर के करंट से 12 साल के अहद की मौत हो गई थी। करंट से लगातार मौतें होने की वजह से डीएम ने चार सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। सीडीओ केशव कुमार समिति के अध्यक्ष रहेंगे। एडीएम प्रशास, विद्युत वितरण मंडल के अधीक्षण अभियंता और नगर मजिस्ट्रेट सदस्य रहेंगे। समिति खंभे, ट्रांसफार्मर और बिजली के जर्जर तार के संबंध में जांच करेंगे। जांच समिति तीन दिन में आख्या डीएम को सौंपेगी। हादसों के दोषी अधिकारी व कर्मचारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुसकर मारपीट, रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम मकतुल की रहने वाली गोदावरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र लड़का हरेंद्र गांव के ही भोजराज के पुत्र अशोक से बात कर रहा था। दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि भोजराज, गोपी, रोली देवी ने कहासुनी को लेकर हमला कर दिया।

## सार-संक्षेप

### दिव्यांग बच्चों के परिवार को दी जानकारी



**अमरिया, अमृत विचार :** बीआरसी परिसर में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की पेरेंट्स काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। अभिभावकों को बच्चों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के बारे में बताया गया। उनकी शिक्षा और सरकार द्वारा मिलने वाले विभिन्न लाभों की जानकारी दी गई। करीब 52 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। धुंधरी से रफीक अहमद, पिंजरा बमनपुरी से राकेश शर्मा, ढेरम से यासीन, गौहर से रामकिशन आदि पहुंचे। बच्चों के सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई। पेरेंट्स काउंसलिंग में बीईओ सत्यदेव, स्पेशल एजुकेटर संजीव मिश्रा , नूतन उपस्थित रहे।

### स्तनपान जागरुकता रैली को किया रवाना



**पूरनपुर, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय स्तनपान सप्ताह के तहत डीएम –एसपी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की स्तनपान जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान कार्यकत्रियों ने महिलाओं को स्तनपान के महत्व की जानकारी दी जनपद में एक अगस्त से सात अगस्त तक अंतरराष्ट्रीय स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। शनिवार को तहसील दिवस के दौरान डीएम संजय कुमार सिंह एवं एसपी अविनाश पांडेय ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की स्तनपान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए सुंदर रंगोली भी बनाई गई। इस मौके पर एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला के अलावा कई जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### रसायन विज्ञान दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं



**बीसलपुर, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को रसायन विज्ञानी डॉक्टर प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती को रसायन विज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार मिश्र ने डॉ. प्रफुल्ल चंद्र राय के चित्र पर पुष्पार्चन करके की। चित्रकला, निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें कक्षा छह से 12 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। रसायन विज्ञान के प्रवक्ता अतुल कुमार शर्मा ने डॉ.प्रफुल्ल चंद्र राय के जीवन पर विचार व्यक्त किए। इस मौके पर आचार्य अशोक कुमार पाण्डेय, जनार्दन मिश्रा, दिनेश पाल, रमेश पाल,भगत सिंह,नारायण सिंह रावत, मोहित रस्तोगी, तेज प्रकाश,बुद्धसेन,संजीव मिश्रा,अभिषेक कुमार यादव, विनीत अग्रवाल,योगेश दीक्षित, दिग्विजय सिंह,प्रमोद कुमार, राजेश उपाध्याय,नील कमल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### पांच को निकलेगी विशाल बाइक यात्रा



**पूरनपुर, अमृत विचार :** भारतीय बजरंग दल की तृतीय जलाभिषेक बाइक यात्रा पांच अगस्त को निकलेगी। ये कोतवाली रोड पर साईं श्रद्धा बैंक्विट हॉल से शुरू होगी। सभी भक्त बाइक से शारदा नदी के धनराघाट जाएंगे। वहां से शारदा का जल लेकर वापस लौटेंगे। यह जलाभिषेक बाइक यात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गो से निकाली जाएगी। बंडा रोड होते हुए यात्रा सुनासीर नाथ मंदिर पहुंचेगी। वहां भक्त भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। यात्रा सुबह सात बजे से शुरू होगी। संयोजक व संगठन के जिला अध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि यह यात्रा संगठित हिंदू शक्ति का प्रतीक है। इसमें लगभग 3100 बाइक बाइक शामिल होंगी। यात्रा के दौरान पूरा कस्बा भगवामय दिखेगा। जगह यात्रा का स्वागत भी किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा और हर्ष प्रधान मौजूद रहे।

### शिव के भजनों पर जमकर थिरके भक्त, कछला रवाना



**ललौरीखेड़ा, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कल्यानपुर खास से बड़ी संख्या में शिव भक्त शनिवार को कांवड़ यात्रा के लिए रवाना हुए। डीजे की धुन पर शिव भजनों पर भक्त जमकर थिरके। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार ने पहुंचकर हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। कांवड़ियों की सेवा करते हुए उनका अभिनंदन किया गया। ग्रामीण, महिलाएं बच्चे इस दौरान काफी दूर तक कांवड़ियों को छोड़ने गए। शरिव पार्वती की मनमोहक झांकी सजाई गई। कांवड़िये कछला घाट से जल भरेंगे और सोमवार को जलाभिषेक किया जाएगा।

# तटवर्ती इलाके फिर हुए जलमग्न, दहशत में ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कछला में गंगा खतरे के निशान से ऊपर, किनारे हुए जलमग्न

**अमृत विचार :** पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश के बाद मैदानी इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। गंगा में पानी बढ़ने से तटवर्ती इलाकों में ग्रामीण सुरक्षित स्थानों पर भागने लगे हैं। कछला गंगा में खतरे के निशान से 27 सेमी ऊपर बह रहा है। नरौरा से आज एक लाख 62 हजार 868 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

नरौरा बैराज से दिन से करीब डेढ़ लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है जिससे कछला में गंगा की धार आस पास के इलाके को चपेट में ले रही है। जिससे दुकानदारों को एक बार फिर अपना सामान समेटना पड़ रहा है। उधर उसहैत क्षेत्र में भी गंगा दायरा बढ़ा रही है। गंगा का पानी तटीय गांवों तक पहुंच गया है। ग्रामीण आने वाले खतरे को भांप कर इधर उधर भागने लगे हैं। असमिया रफतपुर के ग्रामीण गांव से बाहर आ गए हैं। पानी गांव तक पहुंच गया है। खेत खलिहान सभी जलमग्न हैं। जटा गांव के पास से गंगा बह रही है। पशुओं के चारे की समस्या पैदा हो गयी। खेतों में पानी भर जाने से चारा भी नहीं मिल रहा है।

### तटीय गांवों के लोगों को सावधान रहने को कहा

सहायक अभियंता नेशपाल ने बताया कि दो दिन से नरौरा से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है जिससे उसहैत, हजरतपुर और दातागंज इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बनते जा रहे हैं। ग्रामीणों को गंगा की ओर न जाने को कहा गया है। पशुओं को भी घर में रखने तथा बच्चों को बाहर न निकालने की हिदायत दी गयी है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि अभी दो दिन और अधिक मात्रा में पानी आ सकता है। ऐसी स्थिति में सुरक्षा चौकियों पर कर्मचारियों की संख्या बढ़ा दी गयी है। हर पल जलस्तर की निगरानी की जा रही है। जिला प्रशासन भी इस पर विशेष नजर बनाए हुए है।

# महिला की मौत मामले में जांच करने पहुंचे एसीएमओ

**पूरनपुर, अमृत विचार:** 31 जुलाई को गांव पिपरिया दुलई की रहने वाली गर्भवती रिंकी देवी पत्नी राजीव कुमार को प्रसव के लिए पूरनपुर सीएचसी भर्ती कराया गया था। प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल लेकर दिया गया। वहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने पूरनपुर सीएचसी के स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। शनिवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.हरिदत्त नेमी जांच करने के लिए सीएचसी पहुंचे। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आलमगीर से वार्ता की। इसके बाद 31 जुलाई को तैनात स्टाफ नर्स के बयान लिए। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि एसीएमओ महिला की मौत के मामले में जांच करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने स्टाफ नर्स आदि के बयान दर्ज किए हैं।

# नाम बदलकर सिपाही ने प्रेमजाल में फंसाया, दुष्कर्म कर बनाई वीडियो

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- हकीकत पता लगने पर धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव, मांगी रंगदारी
- एसपी के आदेश पर सिपाही, उसकी दूसरी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** एक सिपाही ने अपना धर्म छिपाकर दूसरे समुदाय की एक युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया। शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। जानकारी की तो पता चला सिपाही का असली नाम कुछ और है। सिपाही ने इसके बाद जबरन धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की। सिपाही और उसकी दूसरी पत्नी ने पीड़िता की वीडियो वायरल न करने के एवज में डेढ़ लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी। एसपी के आदेश पर सिपाही और उसकी पत्नी के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने बताया वह मूलरुप से जहानाबाद क्षेत्र की रहने वाली है। दो साल पहले वह डिग्री कॉलेज के पास एक कोचिंग में पढ़ाई करती थी। यहां एक युवक उससे छेड़छाड़ करता था। मौके पर खड़े सिपाही ने उसकी मदद कर उसे बचाया था। इसके बाद सिपाही से जान पहचान हो गई। सिपाही ने उस वक्त अपना नाम राज बताया।

दोनों के बीच बातचीत होने लगी और आरोपी ने प्रेमजाल में फंसाया औरशादी करने का प्रस्ताव रख पुलिस लाइन स्थित आवास ले गया। जहां कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया। उसके बाद सिपाही ने दुष्कर्म करते हुए अश्लील वीडियो बना लिया। कई माह तक वह उसे शादी करने का झांसा देता रहा। पीड़िता ने पड़ताल की तो पता चला कि सिपाही का नाम राज नहीं बल्कि चांद है। इसके बाद सिपाही ने पीड़िता पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया। आरोप है वह एक मौलाना को भी साथ लेकर आया, जहां धर्म परिवर्तन कराने की बात हुई। मगर पीड़िता ने धर्म परिवर्तन से इनकार कर दिया। इस पर सिपाही ने बात करना बंद कर दिया। पीड़िता ने पता किया तो सिपाही पहले से ही शादीशुदा निकला।

आरोप है कि उसने अपनी पहली पत्नी को बच्चों के साथ छोड़ रखा है। दुष्कर्म करने के बाद उसका गर्भपात भी करा चुका है। इसी बीच आरोपी का ट्रांसफर जीआरपी मुरादाबाद हो गया। जहां वह अपनी दूसरी पत्नी गुलशन आरा उर्फ जेबा के साथ रहता है। गुलशन आरा भी उसकी इस कृत्य में शामिल है। कुछ समय बाद सिपाही ने पत्नी के साथ मिलकर उसकी वीडियो वायरल करने की धमकी देने के एवज में डेढ़ लाख रुपये की मांग की। लोकलाज के चलते उसे रुपये भी दे दिए। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की विवेचना कराई जा रही है।

### दो बाइकों की टक्कर में बालक समेत पांच घायल

**नगीना,(बिजनौर), अमृत विचार :** नगीना बूंदकी मार्ग पर दो बाइकों की हुई आमने–सामने की भीषण टक्कर में 18 वर्षीय बालक समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों में एक बाइक पर सवार तीन कांवरिया तथा दूसरी बाइक पर सवार दो अन्य युवक घायल हो गए। घायलों को नगीना चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद नगीना चिकित्सालय प्रभारी डॉक्टर नवीन चौहान ने घायलों को बिजनौर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। घायलों में तीन जिला पीलीभीत के निवासी हैं। तथा दो बढ़ापुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नौमी निवासी हैं। हादसे के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीलीभीत जनपद निवासी तेजपाल सिंह 35 वर्ष पुत्र रामस्वरूप, दीपक 8 वर्ष पुत्र तेजपाल, पप्पू 30 पुत्र देवदत्त बाइक से देवभूमि हरिद्वार से गंगाजल लेकर घर लौट रहे थे। रात्रि करीब 9 :30 बजे नगीना स्थित पेट्रोल पंप के पास बढ़ापुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नौमी निवासी सलीम 40 वर्ष तथा नावेद 26 वर्ष पुत्र रियाज की बाइक से आमने–सामने टक्कर हो गई।

# शहीद के परिजनों को दी 50 लाख की सहायता

संवाददाता, इस्लामनगर

- शहीद की पत्नी और पिता को सौंपे सरकार की ओर से मिली सहायता राशि के चेक

**अमृत विचार:** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में 27 जुलाई को आतंकवादियों से मुठभेड़ में शहीद गांव सभानगर निवासी मोहित सिंह राठौर के परिजनों को सरकार की ओर से 50 लाख की आर्थिक सहायता दी गई।

शनिवार को केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ,भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता,सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव कुमार उर्फ बब्बू भैया, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव, एसएसपी डॉ ब्रजेश कुमार सिंह शहीद के घर पहुंचे। जन प्रतिनिधियों ने शहीद मोहित राठौर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। शहीद के परिजनों को प्रदेश सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता के तौर पर 50 लाख के चेक दिए। इनमें 35 लाख का चेक शहीद की पत्नी रुचि और 15 लाख का चेक पिता नत्थू सिंह को सौंपा। इसके साथ ही पट्टे की खतौनी और ट्रेजरी से पत्नी और पिता के खाते में आए रुपए के कागज भी दिए।

शहीद पार्क बनाने के लिए राजस्व विभाग ने 70 येरी का पट्टा परिवार के नाम किया है। केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि बेटा नहीं पूरे परिवार का देश के लिए बहुत बड़ा योगदान जैसा है। मोहित तो वापस नहीं आयेगा लेकिन केंद्र और राज्य की सरकार परिवार के साथ है।




शहीद की पत्नी रुचि को चेक देते केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, डीएम व एसएसपी।

### सुबह से ही होने लगी थीं तैयारियां

शनिवार सुबह से ही सभा नगर गांव में थाना पुलिस और विकास खंड एवं तहसील प्रशासन के अधिकारी उनके आने तैयारी में लगे हुए थे । सीओ बिल्सी सुशील कुमार और तहसीलदार बिसौली और खंड विकास अधिकारी मुनव्वर खान सुबह ही गांव पहुंच गए थे। केंद्रीय मंत्री के पहुंचने से पहले डीएम और एसएसपी गांव पहुंचे। डीएम निधि श्रीवास्तव ने शहीद की पत्नी रुचि की तबीयत के बारे में जानकारी ली तो वहां मौजूद परिवार के लोगों ने बताया कि रुचि की तबीयत अब ठीक है।

# ट्रेन से उतरकर युवक ने गंगा में लगाई छलांग

**कछला ,अमृत विचार :** एक युवक ट्रेन से उतरकर गंगा नदी के पुल से गंगा में कूद गया। गोताखोरों ने उसे कूदते देखा तो गंगा में छलांग लगा दी। काफी देर तक गंगा में युवक की तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका।

मामला शनिवार सुबह लगभग सात बजे का है। कासगंज से लालकुंआ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन कछला हाल्ट पर रुकी। एक युवक रेलवे के पुल पर पहुंचा और अचानक गंगा में कूद गया। गंगा में पानी का बहाव ज्यादा होने से युवक बहता चला गया। पुल पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। गोताखोरों ने युवक को बहते देखा तो गंगा में कूद गए। नाविक भी गंगा में युवक की तलाश में लग गए। फ्लड पीएसी ने भी तलाश की। चौकी इंचार्ज राजेंद्र सिरोही ने बताया कि युवक की तलाश की जा रही है।

## चलती बस में पड़ा दिल का दौरा, चालक की मौत

**आगरा, अमृत विचारः** ग्वालियर राजमार्ग पर एक चलती बस में चालक को दिल का दौरा पड़ गया। हालांकि उसने समय रहते बस को सड़क किनारे पर लगाकर यात्रियों की जान बचा ली। पुलिस के मुताबिक, चालक के सीने में तेज दर्द और सांस लेने में परेशानी हुई, जिसके बाद उसने बस को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। पुलिस ने बताया कि परिचालक या कोई यात्री कुछ समझ पाता, तब तक वह बेहोश गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया। थाना सैंया निरीक्षक उपेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंच गई। परिजनों को जानकारी दी गई। पुलिस ने बस में सवार यात्रियों को दूसरी बस से गंतव्य की ओर रवाना किया।

**हिंसक नस्ल के कुत्तों की बिक्री बंदः पेट्स फूड और पिल्लों की बिक्री में 50 से 70 फीसदी की आई गिरावट**

# कुत्तों की कई नस्लें प्रतिबंधित होने से कारोबार प्रभावित

शिवांग पांडेय, बरेली

**अमृत विचार :** हिंसक प्रजाति की नस्लों पर प्रतिबंध लगाने के बाद कुत्तों से संबंधित कारोबार में गिरावट देखी जा रही है। खासकर पेट फूड और पिल्लों की बिक्री में 50 से 70 फीसदी की कमी आई है। प्रतिबंधित नस्लों में शामिल कुत्तों के कारण ब्रीडिंग और इनसे जुड़े उत्पादों की मांग में भी गिरावट आने से दुकान संचालक परेशान हैं।

केंद्र सरकार और विभिन्न राज्य सरकारों ने हाल ही में कुत्तों की कुछ नस्लों को हिंसक के रूप में चिह्नित किया है। इस वजह से इन नस्लों की



ब्रीडिंग और बिक्री पर रोक लगा दी गई है। यह कदम कुत्तों के हमले की घटनाओं को देखते हुए उठाया गया था। इसका असर कुत्तों की बिक्री के कारोबार पर भी पड़ा है। कई नस्ल के कुत्तों की कीमत में भी काफी कमी आई है। शहर में 50 से ज्यादा पेट शॉप हैं। हार्टमन चौराहे के पास पेट शॉप संचालित करने वाले अजीम के अनुसार पहले हर रोज 3- 4 पिल्ले

| ब्रीड | पहले दाम | वर्तमान दाम |
|---|---|---|
| लेब्राडोर | 10-12 हजार | 5-6 हजार |
| पग | 12-15 हजार | 5-6 हजार |
| सिटजू | 18- 20 हजार | 6-7 हजार |
| जर्मन शेफर्ड | 12-15हजार | 5-7 हजार |
| बीगल | 20-22 हजार | 5-7हजार |
| गोल्डन रिट्रीवर | 20-25 हजार | 12-15हजार |

और 3 से 5 हजार रुपये के कुत्तों से संबंधित खाद्य पदार्थों की बिक्री हो जाती थी, लेकिन अब पिल्लों की बिक्री लगभग शून्य है। खाद्य पदार्थों की बिक्री चार से पांच सौ रुपये तक पहुंच गई है। कई छोटे दुकानदारों ने तो दूसरा काम करना शुरू कर दिया है। पीलीभीत बाईपास पर पेट शॉप चलाने वाले आकाश ने बताया कि कुत्तों की हिंसक नस्लों की बिक्री पर

**मार्च में 23 प्रजातियां की गईं प्रतिबंधित**

पिटबुल टेरियर, तोसा इनु, अमेरिकन स्टैफोर्डशायर टेरियर, अमेरिकन बुलडॉग, मास्टिफ, रोटवीलर, वुल्फ डॉग्स आदि

पाबंदी के बाद से कारोबार पूरी तरह ठप हो गया है। स्थिति को सामान्य करने के लिए सरकार को अब नए नियमों और समर्थन योजनाओं पर विचार करना होगा।

व्यवसाय को भी नए नियमों के तहत ढलने के लिए योजना बनानी होगी, ताकि दुकानदार इस कठिन समय को पार कर सकें।

## डीजे से टकराया लोडर वाहन कांवड़ियों ने लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कछला स्थित भागीरथी घाट से गंगा जल लेकर जा रहे कांवड़िया सालारपुर वाले मार्ग पर पहुंचे तो एक लोडर वाहन उनसे टकरा गया। डीजे नीचे गिर गया। जिससे कांवड़िया गुस्सा गए और हंगामा करना शुरू कर दिया। जाम लगा दिया। सीओ सिटी और सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक के समझाने पर भी कांवड़िया मानने को तैयार नहीं थे। डीजे सही करा गया तो कांवड़िया शांत हुए और जाम खुला।

बरेली जिले के कांवड़ियां शनिवार सुबह कछला स्थित भागीरथी घाट से जल लेकर बरेली के गौरीशंकर मंदिर जलाभिषेक करने के लिए जा रहे थे। देर शाम कांवड़ियों का जत्था डीजे पर थिरकते गुजर रहा था। गांव सालारपुर के पास पहुंचा तो लोडर वाहन ने कांवड़ियों के डीजे लदी ट्राली में टक्कर मार दी। डीजे क्षतिग्रस्त हो गया।

कांवड़ियों ने लोडर वाहन पकड़ा और चालक की पिटाई लगाना शुरू कर दिया। एमएफ राजमार्ग पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंचे सीओ सिटी आलोक मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने समझाया लेकिन कांवड़िया शांत नहीं हुए। पुलिस ने डीजे दुरुस्त कराया। जिसके बाद कांवड़िया मौके से रवाना हो गए। सीओ सिटी आलोक मिश्रा ने बताया कि हादसे में डीजे गिरने की वजह से कांवड़ियों ने जाम लगाया था। उन्हें समझाकर रवाना कराया गया है।

# अब स्नातक में विलंब शुल्क से होंगे प्रवेश

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने 4 से 12 अगस्त तक पंजीकरण की तिथि निर्धारित की

बरेली कार्यालय

- **महाविद्यालयों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण के छात्रों के 13 से 16 अगस्त तक लेने होंगे प्रवेश**

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए तृतीय चरण में प्रवेश की तिथि निर्धारित कर दी है। हालांकि अब छात्रों को पंजीकरण में विलंब शुल्क देना होगा। महाविद्यालयों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण में पंजीकृत छात्रों के रिक्त सीट पर प्रवेश लेने होंगे। स्नातक में अब तक प्रथम और द्वितीय चरण में एक लाख 12 हजार प्रवेश हो चुके हैं।

कुलसचिव संजीव कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर के सभी संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों और महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि सत्र 2024-25 में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तृतीय चरण के अंतर्गत प्रवेश के लिए तिथि विस्तारित की गई है। तृतीय चरण में छात्र विश्वविद्यालय के पोर्टल पर 4 से 12 अगस्त तक 400 रुपये शुल्क जमा कर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे। महाविद्यालयों को प्रथम और द्वितीय चरण में छूटे और तृतीय चरण में आवेदन करने वाले छात्रों की मेरिट तैयार कर 13 से 16 अगस्त तक प्रवेश लेने होंगे।

**विश्वविद्यालय परिसर में एमएड पाठ्यक्रम में प्रवेश 13 तक होंगे**

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में एमएड में प्रवेश शुरू हो गए हैं। कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक छात्रों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 6 से 13 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। छात्रों के प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर प्रवेश होंगे। प्रवेश शुल्क 30,800 निर्धारित किया गया है। छात्रों की एमएड विभाग में 17 अगस्त को काउंसिलिंग प्रस्तावित है।

**बीए के छात्र से प्रवेश के बहाने ठगे छह हजार**

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में एक छात्र से बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश के बहाने छह हजार ठग लिए गए। छात्र ने एक संगठन से जुड़े छात्र पर आरोप लगाया है। छात्र की शिकायत पर मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने जांच शुरू कर दी है और जांच के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए एक छात्र ने ईडब्ल्यूएस कोटे में प्रवेश के लिए आवेदन किया था। छात्र के आवेदन करने के बाद छात्र से एक छात्र ने प्रवेश के लिए छह हजार रुपये की मांग की। उसने कहा कि यह पैसे सेमिनार हाल में दिए जाएंगे। सेमिनार हाल में प्रवेश समिति बैठती है और छात्रों को प्रवेश संबंधी परामर्श देती है। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि छात्र का बीए में ईडब्ल्यूएस में मेरिट के आधार पर प्रवेश हुआ है, इसके बावजूद एक छात्र ने उससे पैसे हड़प लिए हैं। छात्र एक संगठन से जुड़ा हुआ है, हालांकि उसके पदाधिकारियों ने इससे इन्कार किया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## हत्या के दोषी दंपती को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **दोषी दंपती पर 20-20 हजार लगाया जुर्माना, वादी को दी जाएगी आधी धनराशि**

**अमृत विचार :** षड्यंत्र रचकर हत्या करने के एक साल पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पूनम सिंघल ने दंपती को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर 20-20 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

एडीजीसी अरविंद लाल के अनुसार कोतवाली बिसौली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने 22 मार्च 2023 को बिसौली पुलिस को तहरीर दी कि उनकी बेटे ज्ञानेंद्र उर्फ गणेश का गांव निवासी संजीव की पत्नी से अवैध संबंध होने का शक था। संजीव ने कई बार ज्ञानेंद्र को धमकाया था। 20 मार्च को उनका बेटा संजीव के घर गया था। दसके बाद संजीव ने फोन करके बताया कि ज्ञानेंद्र का शव उसके घर में पड़ा है। पुलिस ने आरोपी संजीव और उसकी पत्नी पूनम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना की। इसी दौरान राहुल पुत्र पप्पू का नाम भी सामने आया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ साक्ष्य संकलित करके कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। शनिवार को न्यायाधीश ने उपरोक्त पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन किया। एडीजीसी अरविंद लाल और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद संजीव और पूनम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी राहुल की मुकदमा चलने के दौरान मौत हो चुकी है।

**सूचना**



मेरा सबसे छोटा पुत्र सनी जिसकी उम्र लगभग 22 वर्ष है जो कि घर स्थित न्यू आदर्श कृष्णा नगर मण्डी समिति, बदायूं से नाराज होकर दिनांक 15.07.2024 को समय लगभग प्रात: 05:00 बजे चला गया है। मैं इस सूचना प्रकाशन के माध्यम से अपने पुत्र को यह सूचना देना चाहता हूं कि सनी जहां भी हो घर चले आये तथा उससे कोई कुछ कहेगा तथा घर वालों ने उसे माफ कर दिया है तथा घर वाले परेशान है। **धर्मवीर पुत्र श्री शिशुपाल निवासी न्यू आदर्श कृष्णा नगर मण्डी समिति थाना, सिविल लाइन, बदायूं**

**प्राथमिक विद्यालय नौगवां वि.क्षे. फरीदपुर, बरेली**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी-बरेली के पत्रांक सं. एस.एस.ए /निर्माण/1634-46/2024-25 दिनांक 27.7.2024 के अनुपालन में प्रा.वि. नौगवां के प्रांगण में स्थित जर्जर तीन अतिरिक्त कक्ष की नीलामी दिनांक 12.8.2024 दिन सोमवार को प्रातः 10 बजे की जायेगी। आवश्यक प्रक्रिया पूरी न होने की स्थिति में नीलामी पुनः दिनांक 14.08.2024 व 17.08.2024 को प्रातः 10 बजे की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीकर्ता को अपना आधार कार्ड व 10,000/- रूपये जमानत राशि के रूप में जमा करने होंगे। बोलीकर्ता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिनांक को प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक होगा। नीलामी की शर्ते विद्यालय पहुँचकर प्राप्त की जा सकती है।

**अफसर (अध्यक्ष)**
**विद्यालय प्रबन्ध समिति प्रा.वि. नौगवां**
**वि.क्षे. फरीदपुर (बरेली)**

**अजीम उश शान खां (सचिव)**
**विद्यालय प्रबन्ध समिति प्रा.वि. नौगवां**
**वि.क्षे. फरीदपुर (बरेली)**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर जनपद पीलीभीत**

पत्रांकः 785/न.पा.परि.बी./2024-25 दिनांकः- 03.08.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक, स्थानीय निकाय गोमती नगर विस्तार- 7 लखनऊ के पत्रांक 4/3061/ स्व0शौ/2022-23 दिनांक 26/02/2024 के क्रम में मा0 उच्चतम न्यायालय मे दाखिल रिट याचिका सं0 324 ऑफ 2020 डा0 वलराम सिंह वनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 20/10/2023 के अनुपालन में प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में मैनुअल स्केवेजरो एवं स्वच्छ शौचालयो का सर्वेक्षण नगर पालिका परिषद बीसलपुर सीमान्तर्गत स्थित समस्त 25 वार्डो मे किया जा रहा है। अतः कोई भी सर्वसाधारण दिनांक 19/08/2024 तक कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर मे उपस्थित होकर, श्री अंकित वर्मा सफाई निरीक्षक मोबाइल नं. 9839240551 से सम्पर्क कर अस्वच्छ शौचालय तथा मैनुअल स्केवेजरो की सूचना दे सकता है जिससे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण/ चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बीसलपुर**
**जनपद-पीलीभीत**

## संतोष गंगवार से मिले अभिनेता मुकेश, निर्माता मंजू

**बरेली, अमृत विचार :** बॉलीवुड अभिनेता मुकेश जे भारती और फिल्म निर्माता मंजू भारती ने शनिवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलकर बधाई दी। मुकेश जे भारती ने आशा की कि झारखंड की जनता को संतोष गंगवार का अच्छा मार्गदर्शन मिलेगा।

मंजू भारती ने कहा कि उन्हें झारखंड में और भी फिल्मों को शूटिंग का अवसर मिलेगा। कहा कि झारखंड की जनता के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के लोगों में भी संतोष गंगवार के राज्यपाल बनने से खुशी की लहर है। संतोष गंगवार ने भी अभिनेता मुकेश जे भारती और फिल्म निर्माता मंजू



संतोष गंगवार से मिलते मुकेश जे भारती और मंजू भारती। ● अमृत विचार

- **दोनों ने झारखंड का राज्यपाल बनने पर दी बधाई**

भारती को भविष्य में सफल होने का आशीर्वाद दिया। मूलरूप से बरेली निवासी मुकेश जे भारती बॉलीवुड में लंबे समय से अपने अभिनय का जलवा बिखेर रहे हैं। वहीं, मंजू भारती की गिनती सफल फिल्म निर्माताओं में होती है।

## महिला इंस्पेक्टर के साथ पकड़े गए इंस्पेक्टर, परिजनों ने धुना

संवाददाता, आगरा

- **रकाबगंज थाने में तैनात है महिला इंस्पेक्टर और पुरुष इंस्पेक्टर मुजफ्फरनगर में**
- **पुलिस कमिश्नर ने रकाबगंज थाने की इंस्पेक्टर को किया निलंबित**

**अमृत विचारः** महिला इंस्पेक्टर और उसके साथ पकड़े गए उसके प्रेमी इंस्पेक्टर की परिजनों ने जमकर पिटाई कर दी। पुलिस कमिश्नर ने महिला इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया वहीं उसके प्रेमी इंस्पेक्टर की रिपोर्ट मुजफ्फरनगर के पुलिस अधिकारियों को भेज दी है। उस पर वहीं कार्रवाई होगी।

थाना रकाबगंज में तैनात महिला इंस्पेक्टर के सरकारी आवास पर शनिवार को मुजफ्फरनगर में तैनात उसका प्रेमी इंस्पेक्टर मिलने आया था। वे दोनों कमरे में थे। तभी पुरुष इंस्पेक्टर के परिजन आ गए। पत्नी और परिजनों ने दोनों को कमरे से बाहर निकाला और पीटना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान इंस्पेक्टर के कपड़े तक फाड़ दिए।

थाने पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उन लोगों ने हंगामा कर दिया। सूचना मिलते ही डीसीपी सिटी सूरज राय थाने पहुंच गए।

इंस्पेक्टर की पत्नी ने उन्हें बताया कि कई बार समझाने के बाद भी महिला इंस्पेक्टर नहीं मान रही है। उसने उनके पति को अपने चुंगल में फंसा लिया है। डीसीपी ने पूरी घटना की जानकारी पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ को दी तो उन्होंने महिला इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया।

वही पुरुष इंस्पेक्टर की आगरा पुलिस ने रिपोर्ट भेजी है। उस पर मुजफ्फरनगर से कार्रवाई की जाएगी।



महिला इंस्पेक्टर की पिटाई करती इंस्पेक्टर की पत्नी।

**नोएडा में हुई थी दोस्ती**

इंस्पेक्टर की पत्नी ने बताया कि दोनों को दोस्ती नोएडा में तैनाती के दौरान हुई थी। उसके बाद दोनों की अलग-अलग जिले में तैनाती हो गई। लेकिन दोनों ने मिलना-जुलना नहीं छोड़ा। कई बार दोनों को समझाया गया लेकिन कोई भी सुनने को तैयार नहीं था।

## लूट के दोषी को पांच साल की सजा

**बदायूं, अमृत विचार :** लूट करने के 12 साल पुराने मामले में डकैती न्यायालय के विशेष न्यायधीश योगेश कुमार ने दोषी को पांच साल की कैद और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की धनराशि जमा न करने पर दोषी को छह महीने का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

अभियोजन के अनुसार गांव पिंसहरी निवासी रिषी पाल ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया कि 25 मार्च 2012 शाम 7 बजे वह, उनका भाई मुनीश, संजीव गुप्ता दूध बेचकर 28 हजार रुपये लेकर वापस आ रहे थे। रास्ते में गांव नरौरी नरौरा व मानपुर के बीच यशवीर यादव पौनिया लेकर आए और उन्हें घेर लिया। रिषी पाल और मुनीश को लाठी-डंडों से पीटा। यशवीर ने तमंचे की बट से सिर पर वार किया और 28 हजार रुपये लूट लिए। न्यायाधीश ने विशेष लोक अभियोजक पशुपतिनाथ श्रीवास्तव व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद दोषी यशवीर को सजा सुनाई।

**प्राथमिक विद्यालय सिंधवा वि.क्षे. फरीदपुर, बरेली**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी-बरेली के पत्रांक संख्या एस.एस.ए /निर्माण/1634-46/2024-25 दिनांक 27.7.2024 के अनुपालन में प्रा.विद्यालय सिंधवा के प्रांगण स्थित जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 08.08.2024 दिन गुरूवार को प्रातः 10 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। आवश्यक प्रक्रिया न पूरी होने की स्थिति में नीलामी पुनः दिनांक 10.08.2024 दिन शविवार को समय 10 बजे से की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीकर्ता को अपना आधार कार्ड व रूपये 7000/- जमानत राशि के रूप में जमा करने होंगे। बोलीकर्ता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिनांक को 10 बजे से 10.30 बजे तक होगा। नीलामी की शर्ते विद्यालय पहुँचकर प्राप्त की जा सकती है।

**महजबीन फात्मा (सचिव)**
**मो. 8630869263**
**महावीर (अध्यक्ष)**
**विद्यालय प्रबन्ध समिति प्रा.वि. सिंधवा विकास क्षेत्र फरीदपुर (बरेली)**

## ई-केवाइसीः मिस मैच हो रहे बच्चों के प्रिंगर प्रिंट

संवाददाता, बदायूं

- **छोटे बच्चों के राशन कार्ड और ई-केवाईसी बनाने में परेशानी**

**अमृत विचारः** जिले की 1036 ग्राम पंचायतों के साथ ही शहरी क्षेत्र में 1418 सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानें हैं। इन दुकानों पर करीब 5.25 लाख राशन कार्ड धारक हैं। इनमें करीब 24 लाख से अधिक यूनिट दर्ज हैं।

यूनिटों की ई-केवाईसी कराई जा रही है। कोटेदारों द्वारा की जा रही ई-केवाईसी में बड़ों का फिंगर प्रिंट तो आ रहा है, मगर बच्चों के साथ परेशानी आ रही है। इस पर कोटेदारों द्वारा बच्चों का बैंकों, पोस्ट ऑफिस में संचालित केंद्रों से आधार अपडेट कराने के लिए कहा जा रहा है। कार्ड निरस्त होने के डर से लोग बच्चों का आधार अपडेट कराने के लिए दौड़ भाग कर रहे हैं। प्रधान डाकघर आए गांव रुपापुर के कैलाश ने बताया कि वह अपने बच्चों को लेकर आधार अपडेट कराने आए हैं। गांव सिमरिया, उपरैला, उदमई सहित अन्य स्थानों से लोग अपने बच्चों को लेकर आधार केंद्र पर पहुंचे थे।

> राशन कार्ड में दर्ज सभी यूनिटों की ई-केवाईसी होनी है। परिवार के जिन सदस्यों का फिंगर प्रिंट नहीं लगेगा, उनका नाम स्वतः ही राशन कार्ड से कट जाएगा। कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों की ई-केवाईसी कराना जरूरी है।
> **-रमन मिश्रा,** जिला पूर्ति अधिकारी

**सांप, नेवले की लड़ाई देख रही युवती की सर्पदंश से मौत**

**बिलासपुर (रामपुर)।** घर के आंगन में सांप और नेवले की लड़ाई देख रही युवती को सांप ने काट लिया। युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई। ग्राम पंचायत नरखेड़ा निवासी मोहम्मद यासीन शुक्रवार की शाम 5 बजे घर से बाहर गए थे। उनकी पुत्री गुलिस्ता उर्फ छोटी तथा पत्नी घर पर थीं। अचानक एक सांप और नेवला लड़ते हुए उसके घर में घुस आए। सांप और नेवले की लड़ाई देखने के लिए उनके घर में मोहल्ले वासियों की भीड़ लग गई। गुलिस्ता नेवले और सांप के करीब पहुंच गई। इस पर सांप ने नेवले से लड़ाई छोड़ युवती को डस लिया। इससे मौके पर खलबली मच गई। परिजन युवती को नजदीकी अस्पताल ले गए। यहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह युवती ने दम तोड़ दिया।

**22 अगस्त से शुरू होगा जेई टीकाकरण अभियान**

**बदायूं।** सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को जेई टीकाकरण अभियान की सफलता को जिला टास्क फोर्स की बैठक में बताया गया कि एक से 15 साल के बच्चों को जेई टीकाकरण अभियान 22 अगस्त से 20 सितम्बर तक चलेगा। सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्र ने बताया कि प्राइवेट व सरकारी स्कूल, मदरसा और दूसरे सप्ताह में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी मोहम्मद असलम ने बताया कि अभियान में साढ़े 10 लाख से अधिक बच्चों को चिन्हित किया गया है। बैठक मे सीएमओ, बीएसए, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतिनिधि, एसआरटीएल, डब्लू एचओ, डीएमसी, वीसीसीएम, यूएनडीपी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक आदि ने हिस्सा लिया।

**चार साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश**

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को उनकी चार साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। गांव में रहने वाला प्रकाश उसके पास पहुंचा और चीज दिलाने के बहाने सूनसान जगह ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की। इसी दौरान बेटी को तलाश रही महिला ने उसकी आवाज सुनी तो दौड़कर पहुंची। आरोपी ने धारदार हथियार से महिला पर हमला किया और जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## ताजमहल में गंगाजल चढ़ाने पहुंचे दो युवक गिरफ्तार

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचारः** ताजमहल में गंगाजल चढ़ाने पहुंचे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि युवकों ने गंगाजल चढ़ाया या नहीं, इस बात की पुष्टि अभी नहीं हुई है।

वहीं अखिल भारत हिंदू महासभा ने दावा किया कि दोनों युवकों ने अंदर जाकर गंगाजल चढ़ाया है। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें युवक ताजमहल में जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो में दोनों युवकों को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि अब वह अंतिम पड़ाव पर पहुंच रहे हैं। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने दोनों युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों की पहचान मथुरा के रहने वाले वीनेश और श्याम के रूप में हुई है और दोनों ही युवक हिंदू महासभा से जुड़े बताए जा रहे हैं। सहायक ताज संरक्षण प्रिंस बाजपेयी ने बताया कि दो युवक सुबह साढ़े 7 बजे ताजमहल पहुंचे और मुख्य गुम्बद के बाहर उन्होंने धार्मिक नारे लगाए, जिसके बाद सीआईएसएफ ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस उपायुक्त सूरज राय ने बताया कि युवकों ने गंगाजल चढ़ाया या नहीं, इस बात की पुष्टि अभी नहीं हुई है और फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## 14 तक इग्नू अध्ययन केंद्र में होंगे प्रवेश

**बदायूं, अमृत विचारः** राजकीय महाविद्यालय में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 14 अगस्त कर दी गई है। पहले यह तिथि 31 जुलाई थी। केन्द्र समन्वयक डॉ संजीव राठौर ने बताया कि सत्र 2024 - 25 सत्र में बीए बीकॉम एम ए और एम कॉम में इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की वेबसाइट www.ignou.ac.in पर क्षेत्रीय केंद्र अलीगढ़-कोड-47 के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय बदायूं स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र कोड 47043 पर आवेदन करें। केन्द्र समन्वयक ने बताया कि भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत योजना के अंतर्गत इग्नू के बहुआयामी पाठ्यक्रमों का लाभ ले सकते है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स दीपेश जायसवाल एण्ड अदर्स, पता 72, नवादा शेखान, बरेली उत्तर प्रदेश जिसकी पंजीकरण सं. B-13442 है, यह उपरोक्त फर्म दिनांक 01.11.2013 से निरन्तर सुचारू रूप से कार्य कर रही है, उपरोक्त फर्म में एक नये साझेदार के रूप में श्री शमीम अहमद पुत्र श्री शकील अहमद पता 3, हजियापुर, बरेली उत्तर प्रदेश 243005 दिनांक 20 जनवरी 2023 से स्वेच्छा सम्मिलित हो रहा है। उपरोक्त फर्म में वर्तमान में कुल तीन साझेदार क्रमशः श्री मनोज कुमार जायसवाल, श्री नीरज जायसवाल, श्री शमीम अहमद साझेदार है।

**नीरज जायसवाल**
**साझेदार**
**मैसर्स दीपेश जायवाल एण्ड अदर्स**
**पता 72, नवादा शेखान, बरेली उ.प्र.**
**पंजीकरण सं.- B-13442**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स प्रीत फिलिंग स्टेशन, ग्राम भुता तहसील फरीदपुर जिला बरेली उत्तर प्रदेश पंजीकरण संख्या बी-12277 है फर्म दिनांक 18/06/2010 से निरन्तर सुचारू रूप कार्य कर रही है, उपरोक्त फर्म में कुल दो साझेदार कमशरू 4. रूपम पाठक पत्नी श्री अवनीश कुमार पाठक मकान नं 404, विश्वनाथ पुरम बदायूँ रोड बरेली उ.प्र. 2. गौरव शर्मा पुत्र श्री मोहन लाल शर्मा निवासी 440 मेन ग्रीन पार्क कॉलोनी जिला बरेली है। दिनांक 01/08/2024 को दोनों साझेदारो ने आपसी सहमति से साझेदारी को समाप्त कर फर्म को विघटित कर दिया है। साझेदारों का फर्म पर व फर्म का साझेदारों पर कोई वकाया शेष नहीं है व सभी विधिक औपचारिकताए पूर्ण कर ली गई है।

**रूपम पाठक (साझेदार)**
**मैसर्स प्रीत फिलिंग स्टेशन**
**ग्राम भुता तहसील फरीदपुर, बरेली**

**क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज तथा चिट्स**
**193 ए सिविल लाइन्स बरेली।**

पत्रांक : सो.पंजी./बरेली **सार्वजनिक सूचना** दिनांक : 01.08.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आशीष रस्तोगी पुत्र श्री राज कुमार रस्तोगी के द्वारा अध्यक्ष की हैसियत, नव दुर्गा मन्दिर प्रबन्ध समिति, पता-दामोदर दास मार्ग, गढ़ैया, तह. व जिला बरेली पिन-243003 के ऑनलाइन पंजीकरण हेतु सोसा. रजि. 1860 के अन्तर्गत ऑनलाइन पंजीकरण शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है :-

| क्रमांक | नाम/पिता/पति का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | श्री राजीव रस्तोगी पुत्र श्री राम कुमार | संरक्षक |
| 2. | श्री आशीष रस्तोगी पुत्र श्री राज कुमार रस्तोगी | अध्यक्ष |
| 3. | श्री अनमोल रस्तोगी पुत्र स्व. श्री सुरेश रस्तोगी | उपाध्यक्ष |
| 4. | श्री विक्की सैनी पुत्र श्री प्रमोद कुमार सैनी | प्रबन्धक |
| 5. | श्री घनश्याम सिंह यादव पुत्र श्री खन्दारी सिंह यादव | मन्त्री |
| 6. | श्री सतदीप सिंह पुत्र श्री सतनाम सिंह | कोषाध्यक्ष |
| 7. | श्री राहुल अग्रवाल पुत्र श्री अशोक कुमार अग्रवाल | मीडिया प्रभारी |

पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजी साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा. रजि. अधि. 1860 की धारा 3(1) के ''परन्तुक'' के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**सहायक रजिस्ट्रार, बरेली।**

**कार्यालय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, शाहजहांपुर**

पत्रांकः 816-4 गोसदन/2024-25/नीलामी **इश्तहार नीलामी** दिनांकः- 03.08.2024

जिला गोसदन सिमरा बीरान की कृषि योग्य भूमि, जो विभिन्न गाटा संख्या (ग्राम सिमरा वीरान एवं महोलिया वीरान, शाहजहांपुर) की भूमि पर भरी पतेल एवं गोबर की नीलामी वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु एक वर्ष के लिए दिनांक 05.08.2024 को समय 11:00 बजे प्रातः स्थान कलेक्ट्रेट सभागार शाहजहांपुर में होगी।

**नीलामी की शर्ते निम्नवत् होगी:-**

1. बोली में भाग लेने वाले व्यक्ति को प्रत्येक प्लाट हेतु दो हजार रूपये की दर से जमानत राशि जमा करनी होगी जो सर्वोच्च बोली लगाने वाले को छोड़कर शेष बोली दाताओं की जमानत राशि वापस कर दी जायेगी।
2. बोली की आधी धनराशि बोली के तत्काल बाद जमा करनी होगी, अन्यथा बोली निरस्त कर जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी। जमानत राशि को जमा की जाने वाली आधी धनराशि में ही समायोजित किया जायेगा।
3. किसी भी बोली को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष जिला गोसदन सिमरा वीरान / जिलाधिकारी शाहजहांपुर का होगा।
4. शेष आधी धनराशि एक माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त राशि जमा न होने की दशा में बोली की आधी धनराशि जो जमा की गयी है उसे राज्य सरकार के पक्ष में जब्त करते हुए बोली निरस्त कर दी जायेगी।
5. बोली दाता अगर गाटा संख्या की जानकारी लेना चाहता है तो अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सुबह 10 बजे से सायं 05 बजे प्राप्त कर सकते हैं, तथा पशु चिकित्सा अधिकारी, खुटार के कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल**
**मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी/**
**सचिव, जिला गौसदन सिमरावीरान, शाहजहांपुर**

## एक नजर

### पुलिस ने इजराइली दूतावास की सुरक्षा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** तेहरान में इस्लामी चरमपंथी संगठन हमास के नेता की हत्या के मद्देनजर खुफिया एजेंसियों से मिले अलर्ट के बाद दिल्ली पुलिस ने इजराइली दूतावास और 'चबाड़ हाउस' की सुरक्षा की समीक्षा की। इजराइल की दो इमारतों के चारों ओर व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। दोनों इमारतों के आसपास कई सीसीटीवी कैमरे लगाकर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है।

### सेवादार ने एसजीपीसी कर्मी को मार डाला

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के एक लेखा लिपिक की एक सेवादार ने स्वर्ण मंदिर परिसर से सटे एसजीपीसी कार्यालय में हत्या कर दी। एसजीपीसी सेवादार सुखबीर सिंह ने किसी मुद्दे पर विवाद के बाद लेखा लिपिक दरबारा सिंह पर एक धारदार हथियार से हमला किया। अधिकारियों ने बताया कि घायल दरबारा की अस्पताल में मौत हो गई।

### कच्चा मकान गिरने से सात दबे, दो की मौत

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में एक कच्चा मकान गिरने से उसमें दबकर एक बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई। गाडरवारा पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर गाडरवारा तहसील के रमपुरा गांव में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को कच्चा मकान गिरने से पवन नामदेव नाम के व्यक्ति के परिवार के सात सदस्य दब गए।

### शिक्षा अधिकारी के घर पर एसीबी का छापा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जिला शिक्षा अधिकारी के घर पर आज सुबह एसीबी ने छापा मारा है। आज सुबह बरसते पानी में एसीबी की टीम ने बिलासपुर के जिला शिक्षा अधिकारी के घर छापा मारा। उनके कई ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की जा रही है। बिलासपुर के नूतन कॉलोनी स्थित आवास में एसीबी की कार्रवाई चल रही है। बिलासपुर के अलावा कवर्धा स्थित निवास पर भी एसीबी की टीम पहुंची है। आय से अधिक संपत्ति की शिकायतों के बाद एसीबी ने छापेमारी की है। जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू के निवास पर एसीबी के अधिकारियों की दबिश की सूचना स्थानीय पुलिस को भी नहीं दी गई है।

### हत्या करने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नासिक जिले के कसारा इलाके में 35 वर्षीय एक व्यक्ति का शव मिलने के कुछ दिनों बाद पुलिस ने उसकी हत्या के आरोप में मुंबई के घाटकोपर से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि नासिक-मुंबई राजमार्ग पर कामदीपाड़ा गांव में 30 जुलाई को एक पुल के पास व्यक्ति का शव मिला था। ठाणे के पुलिस अधीक्षक डी एस स्वामी ने कहा, कसारा पुलिस ने जांच शुरू की थी, हालांकि बाद में जांच अपराध शाखा को सौंप दी गई।

### बंगाल में भारी बारिश से तीन की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पिछले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश होने से तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि आसनसोल में एक व्यक्ति बह गया है। पिछले सप्ताह बारिश और भूस्खलन के कारण राज्य के कई हिस्सों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक रिपोर्ट में कहा है कि सिक्किम की जीवन रेखा राजमार्ग 10 के कलिम्पोंग जिले में कई स्थानों पर भूस्खलन होने के बाद मार्ग बाधित हो गई थी।

# राज्य एक दूसरे की प्रथाओं और अनुभव से सीख कर बढ़े आगे: मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि देश का विकास राज्यों के समावेशी एवं त्वरित विकास पर निर्भर करता है इसलिए सभी राज्यों को एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं और अनुभवों से सीखकर आगे बढ़ना चाहिए। राज्यपालों का दो दिवसीय सम्मेलन के आज राष्ट्रपति के समापन भाषण के साथ संपन्न हुआ।

उन्होंने सम्मेलन में परस्पर सीख की भावना से व्यापक चर्चा करने के लिए राज्यपालों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्यपालों के विभिन्न समूह अपने कामकाज में सुधार के साथ जनकल्याण के लिए अपने विचार और सुझाव लेकर आए, और विश्वास व्यक्त किया कि इन सुझावों को लागू किया जाएगा। सम्मेलन का दूसरा दिन राज्यपालों के छह समूहों द्वारा अपने विचार-विमर्श के आधार पर प्रस्तुतियां देने और राष्ट्रपति के समक्ष भविष्य का रोडमैप सुझाने के साथ शुरू हुआ। इस मौके पर श्रीमती मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मौजूद थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिभागियों के मन पर एक अमिट छाप छोड़ी है, जिन्होंने महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। राज्यपालों को प्रभावी कामकाज के लिए संबंधित राज्य सरकारों के साथ जानकारी मांगने और निरंतर संचार बनाए रखने में संकोच नहीं करना चाहिए।



राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों के सम्मेलन में शामिल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह।

- **राज्यपालों का दो दिवसीय सम्मेलन राष्ट्रपति के समापन भाषण के साथ हुआ संपन्न**

राज्यपालों के समूहों द्वारा प्रस्तुत सभी रिपोर्टों के अवलोकन के बाद, केंद्रीय गृह मंत्री ने उनके प्रयासों की सराहना की और बताया कि राज्यपालों और राजभवनों के कामकाज को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी कार्रवाई योग्य बिंदु उठाए जाएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि देश का विकास राज्यों के समावेशी और त्वरित विकास पर निर्भर करता है। सभी राज्यों को एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं और अनुभवों से सीखकर आगे बढ़ना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी पात्र नागरिक जन कल्याण कार्यक्रमों से वंचित न रहे, सरकार ने अंतिम-मील वितरण पर बहुत जोर दिया है।

### प्रधानमंत्री ने आदर्श मॉडल विकसित करने का किया आग्रह

प्रधानमंत्री ने राज्यपालों से राजभवनों में शासन का आदर्श मॉडल विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राजभवनों के प्रभावी संचालन के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने का लगातार प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने राज्यपालों से अपने कामकाज में प्रौद्योगिकी को अपनाने और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से शैक्षणिक संस्थानों के पूर्व छात्र नेटवर्क की ताकत का दोहन करने का आह्वान किया और उनसे शैक्षणिक परिसरों को नशीली दवाओं से मुक्त बनाने के लिए एक जन अभियान विकसित करने की अपील की। उन्होंने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा सुझाए गए प्राकृतिक खेती का भी उल्लेख किया और अन्य राज्यपालों से अन्य राजभवनों में प्राकृतिक खेती के मॉडल का अनुकरण करने और अपने परिसरों को रसायनों से मुक्त बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राजभवनों को दूसरों के लिए प्रेरणा और प्रेरणा का स्रोत बनना चाहिए।

## कोर्ट ने संसद सुरक्षा चूक में पूरक आरोपपत्र का लिया संज्ञान

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने 2001 के आतंकवादी हमले की बरसी पर पिछले साल संसद की सुरक्षा में हुई चूक के संबंध में गैर कानूनी रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दिल्ली पुलिस द्वारा दाखिल पूरक आरोपपत्र का शनिवार को संज्ञान लिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए कहा कि मामले में छह आरोपियों के खिलाफ मामला आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं।

न्यायाधीश ने आरोपियों मनोरंजन डी, ललित झा, अमोल शिंदे, महेश कुमावत, सागर शर्मा और नीलम आजाद की न्यायिक हिरासत मामले की अगली सुनवाई नौ सितंबर तक बढ़ा दी। पुलिस ने सभी आरोपियों पर यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने के लिए अपेक्षित मंजूरी प्राप्त करने के बाद अंतिम रिपोर्ट दाखिल की थी। सात जून को पुलिस ने सभी छह गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ 1000 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया था। लगभग उसी समय, दो अन्य आरोपियों अमोल शिंदे और आजाद ने भी संसद परिसर के बाहर तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाते हुए कैन से रंगीन गैस का छिड़काव किया।

# लोस की 79 सीटें भाजपा ने हेराफेरी से जीती : कांग्रेस

## वोट फॉर डेमोक्रेसी नाम की संस्था की रिपोर्ट का दिया हवाला, कहा- इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में की गई हेराफेरी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में हेराफेरी कर 79 सीटों पर जीत दर्ज की है। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में वोट फॉर डेमोक्रेसी नाम की संस्था की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इस संस्था ने लोकसभा चुनाव परिणामों को लेकर विभिन्न तरीकों से एक विश्लेषण किया है। उन्होंने कहा कि संस्था के विश्लेषक के मुताबिक घोषित परिणामों के आंकड़ों और अंतिम मतदान प्रतिशत में बड़ा अंतर है और राष्ट्रीय स्तर पर यह अंतर 4.7 प्रतिशत का है।

उन्होंने कहा कि जब चुनाव होते हैं तो हर दो घंटे के मतदान के बाद चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत का आंकड़ा भेजता है लेकिन इस बार आयोग ने हर चरण के मतदान के कई दिन बाद वोटिंग परसेंटेज दिया है। आश्चर्य की बात यह है कि आंध्र प्रदेश और ओडिशा में 12.5 प्रतिशत वोट इस बार बढ़ा है और कहा जा रहा है कि इस वजह से भाजपा तथा उसके गठबंधन के सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि रिपोर्ट में कई तरीके से विश्लेषण किया गया है जिसमें दिखाया गया है कि कौन उम्मीदवार कितने अंतर से जीता और कहां वोट प्रतिशत कितना बढ़ा है। संस्था ने कई सीटों पर जीत हार के अंतर का भी व्यापक विश्लेषण किया और पाया कि देश में 79 ऐसी सीटें हैं जहां मतदान प्रतिशत बढ़ने से भाजपा का उम्मीदवार मामूली अंतर से जीता है। उन्होंने कहा कि यदि विश्लेषण को सही माने तो भाजपा ने इस लोकसभा से चुनाव में 79 सीटों पर धांधली से जीत हासिल की है और इस हेरा फेरी को लेकर चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए।



- **कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित बोले- घोषित परिणामों के आंकड़ों और अंतिम मतदान प्रतिशत में बड़ा अंतर**

### ईवीएम पर उठे सवालों का जवाब दे निर्वाचन आयोग

कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव आयोग ईवीएम के परिणामों को लेकर किसी भी संदेह से इनकार करता है और वोटिंग मशीन में गड़बड़ी नहीं होने का दावा करता है, लेकिन हाल में सामने आए विश्लेषण से शुरुआती और आखिरी चुनाव परिणाम में अंतर मिला है जो इवीएम पर सवाल खड़े करता है। दीक्षित ने कहा विश्लेषण के मुताबिक शुरुआती चरण में घोषित आंकड़ों और आखिरी चरण के आंकड़ों में अंतर है। चुनाव आयोग ने हर फेज से कई दिन बाद तक फाइनल आंकड़ें दिए। ये तब है, जब कहा जाता है कि ईवीएम से बेहतर कुछ नहीं है, ईवीएम से हर चीज पता चल जाती है। हर दो घंटे में आयोग को आंकड़ें भेजने होते हैं कि बूथ पर कितनी वोटिंग हुई है।

### कांग्रेस का चौहान पर कटाक्ष : उबाऊ हो चुका है विफलताओं के लिए नेहरू को दोषी ठहराना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा उस पर हमला किए जाने के एक बाद शनिवार को पलटवार किया और कटाक्ष करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार की विफलताओं के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को दोषी ठहराना अब उबाऊ हो गया है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों में कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास हुआ। चौहान ने कांग्रेस के 'डीएनए में किसान विरोध होने' का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा था कि 2014 में सत्ता में आने के बाद से नरेन्द्र मोदी सरकार ने कृषि के क्षेत्र में प्राथमिकताओं को बदला जिसके अच्छे परिणाम आज देखने को मिल रहे हैं। राज्यसभा में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा था कि वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का आदर करते हैं किंतु उन्होंने (नेहरू ने) पारंपरिक भारतीय कृषि की परवाह नहीं की। उन्होंने कहा था कि नेहरू रूस गये, वहां का मॉडल देखा और कहा कि इसे यहां लागू करो। खेड़ा ने चौहान पर पलटवार करते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि प्रिय शिवराज सिंह चौहान, अंशकालिक कृषि मंत्री और पूर्णकालिक संघ प्रचारक, मुझे आपको पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी और कांग्रेस/संप्रग सरकारों के दौरान अन्य प्रधानमंत्रियों के तहत कृषि क्षेत्र में देखे गए ऐतिहासिक विकास की याद दिलानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति ने गेहूं का उत्पादन 1965 में 1.2 करोड़ टन से बढ़ाकर 1970 तक दो टन कर दिया। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) और अन्य संस्थानों की स्थापना की गई, जिससे नई कृषि प्रौद्योगिकियों का विकास हुआ।



- **चौहान के कांग्रेस के डीएनए में किसान विरोध होने के आरोप का पवन खेड़ा ने दिया जबाव**

# बादल फटने से लापता 45 लोगों की तलाश फिर शुरू



बचाव और राहत कार्य के तहत लापता लोगों की तलाश करते सेना के जवान।

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के तीन जिलों में बादल फटने के बाद लापता 45 लोगों का पता लगाने के लिए बचाव अभियान शनिवार को फिर से शुरू हो गया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली है। अधिकारियों ने बताया कि सेना, एनडीआरएफ, आईटीबीपी, एसडीआरएफ, सीआईएसएफ, पुलिस और होमगार्ड की टीम के 410 बचावकर्मी ड्रोन से खोज कर रहे हैं।

बुधवार रात कुल्लू के निरमंड, सैंज और मलाणा, मंडी के पधर और शिमला के रामपुर उपखंड में बादल फटने से आई बाढ़ में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने बताया था कि कुल्लू में श्रीखंड महादेव के आसपास फंसे 300 लोग सुरक्षित हैं और मलाणा में 25 पर्यटकों की स्थानीय लोग देखभाल कर रहे हैं।

**हिमाचल में फटा बादल**

### 114 सड़कें बंद, 7 तक भारी बारिश का अनुमान

बादल फटने और भारी वर्षा से आई बाढ़ और भूस्खलन से 114 सड़कें बंद हो गई हैं, जबकि मौसम विभाग ने राज्य में 7 अगस्त तक भारी बारिश जारी रहने की शनिवार को चेतावनी दी।

## कानून के मुताबिक बिभव की गिरफ्तारी जरूरी थी : हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि आप सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले से संबंधित मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की गिरफ्तारी जरुरी थी और ऐसा करते समय पुलिस ने कानून का कड़ाई से पालन किया। अदालत ने कुमार की याचिका खारिज करते हुए फैसले में कहा है कि उनकी याचिका में कोई दम नहीं है।

कुमार की याचिका में दावा किया गया था कि उनकी गिरफ्तारी अवैध थी। न्यायिक हिरासत में बंद कुमार ने 13 मई को केजरीवाल के सरकारी आवास पर मालीवाल पर कथित तौर पर हमला किया था। उन्हें 18 मई को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। याचिका में कुमार ने गिरफ्तारी को अवैध और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के प्रावधानों का घोर उल्लंघन तथा कानून के विरुद्ध घोषित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने शनिवार को सुनाए फैसले में कहा कि गिरफ्तारी के बाद निचली अदालत ने पांच दिन की पुलिस हिरासत की अनुमति देने से पहले कुमार के साथ सरकार का भी पक्ष सुना था। न्यायाधीश ने कहा कि कानून अधिकारी को जांच के दौरान किसी को गिरफ्तार न करने का विवेकाधिकार देता है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में आरोपी याचिकाकर्ता को बिना नोटिस दिए गिरफ्तार करने के पर्याप्त आधार मौजूद हैं।

**मालीवाल मारपीट मामला**



- **कोर्ट ने कुमार की याचिका की खारिज, फैसले में कहा- याचिका में कोई दम नहीं**

## कोचिंग संस्थानों के लिए व्यापक नीतिगत समाधान की आवश्यकता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कोचिंग संस्थानों से जीएसटी संग्रह के आंकड़ों का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि भारत को कोचिंग संस्थानों की बढ़ती संख्या के लिए व्यापक नीतिगत समाधान की आवश्यकता है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार द्वारा दिए जवाब का उल्लेख किया और कहा कि पांच वर्षों में कोचिंग संस्थानों से जीएसटी संग्रह 2,241 करोड़ से बढ़कर 5,517 करोड़ रुपये हो गया है।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया कि उच्च शिक्षा विभाग के आंकड़ों से पता चलता है कि कोचिंग संस्थानों से जीएसटी संग्रह 2019-2024 के बीच तेज़ी से बढ़कर 2,241 करोड़ से 5,517 करोड़ रुपये हो गया है। यह जीएसटी संग्रह में आश्चर्यजनक रूप से 146% की वृद्धि दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ भूमिका बेहतर प्रवर्तन की हो सकती है, लेकिन ऐसा संभवतः बढ़ते बाज़ार के आकार से भी हुआ है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि चिंता की बात यह है कि वित्त वर्ष 2024 में 18 प्रतिशत की दर से 5,517 करोड़ का जीएसटी संग्रह सालाना 30,653 करोड़ रुपये का कोचिंग बाजार बता रहा है।

- **कोचिंग संस्थानों से जीएसटी संग्रह 2,241 करोड़ से बढ़कर 5,517 करोड़ रुपये हुआ**

## दरोगा को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में कांग्रेस विधायक पर केस

यादगिर (कर्नाटक), एजेंसी

- **दरोगा की पत्नी की शिकायत पर बेटे के खिलाफ भी हुआ मामला दर्ज**
- **पिता-पुत्र ने तबादला न हो इसके लिए मांगे थे 30 लाख रुपये**

पुलिस ने उप-निरीक्षक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में कांग्रेस विधायक चन्नारेड्डी तन्नूर और उनके बेटे पंपनगौड़ा तन्नूर के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया। पुलिस उप-निरीक्षक ने तैनाती के सात महीने में उनका तबादला कर देने के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

परशुराम की पत्नी श्वेता एन.वी. की शिकायत पर विधायक और उनके बेटे पर शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करने, आत्महत्या के लिए उकसाने समेत प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज किया गया। श्वेता ने आरोप लगाया कि पिता-पुत्र ने उनके पति से तबादला न हो इसके लिए 30 लाख रुपये की मांग की थी। उन्होंने दावा किया कि परशुराम तबादले के बाद से रो रहे थे और उन्होंने (परशुराम) बताया था कि वह आत्महत्या करने की सोच रहे हैं। जब गर्भवती श्वेता अपने बच्चे के जन्म के लिए अपने मायके रायचूर गईं, तो उन्हें पता चला कि परशुराम को नाक और मुंह से खून बहने से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद दलित संघर्ष समिति ने परशुराम के लिए न्याय की मांग करते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। श्वेता ने आरोप लगाया कि पुलिस विभाग उनके पति का नहीं बल्कि विधायक का समर्थन कर रहा है।

कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि मामले की जांच के आदेश दिए हैं। हालांकि, उन्होंने आत्महत्या की बात से इनकार कर दिया। मंत्री ने कहा परशुराम ने आत्महत्या नहीं की। क्योंकि कोई सुसाइड नोट नहीं लिखा था। उनकी पत्नी ने शिकायत की है कि वह तबादले को लेकर परेशान थे। मैं उनके आरोप पर गौर करूंगा।

## नीट मामले में अभियुक्त को सीबीआई को सौंपने का आदेश

**पटना।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार में पटना की विशेष अदालत ने गिरफ्तार एक अभियुक्त को शनिवार को पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपे जाने का आदेश दिया।

सीबीआई ने गिरफ्तार अभियुक्त राजस्थान के भीलवाड़ा स्थित एक मेडिकल कॉलेज के छात्र संदीप कुमार को शनिवार को विशेष न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती कुमारी रिंकू के समक्ष पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में लिया गया। उसके बाद सीबीआई ने एक आवेदन दाखिल कर इस अभियुक्त से हिरासती पूछताछ के लिए सात दिनों की पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने की प्रार्थना की। प्रार्थना आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए अदालत ने इस अभियुक्त को पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। गौरतलब है कि 05 मई 2024 को पूरे देश में नीट 2024 की परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के दौरान गड़बड़ी के आरोप में पटना के शास्त्री नगर थाना प्रभारी अमर कुमार ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया और प्राथमिकी दर्ज की। बाद में मामला आर्थिक अपराध ईकाई को सौंपा गया। उसके बाद प्रश्न पत्र लीक का मामला उजागर हुआ और केंद्र सरकार ने जांच सीबीआई को सौंप दी।

- **सीबीआई ने राजस्थान स्थित मेडिकल कॉलेज के छात्र को किया था गिरफ्तार**

## पूर्व एआईजी ने की दामाद की गोली मारकर हत्या

चंडीगढ़, एजेंसी

- **कोर्ट परिसर में मारी गोली, कृषि मंत्रालय में अफसर थे हरप्रीत**
- **तलाक के विवाद में समझौते के लिए कोर्ट में आए थे दोनों पक्ष**

भारतीय सिविल लेखा सेवा (आईसीएएस) के अधिकारी हरप्रीत सिंह की शनिवार को यहां जिला अदालत परिसर में मध्यस्थता केंद्र में उनके ससुर एवं पंजाब पुलिस के सेवानिवृत्त सहायक महानिरीक्षक (एआईजी) ने गोली मारकर हत्या कर दी।

दिल्ली में कृषि मंत्रालय में लेखा नियंत्रक के पद पर तैनात हरप्रीत सिंह और उनकी पत्नी अमितोज कौर के बीच वैवाहिक विवाद था। मामले में 2023 से तलाक की कार्यवाही चल रही है। गोलीबारी दोपहर करीब दो बजे हुई जब दोनों परिवार मध्यस्थता कार्यवाही के लिए जिला अदालत पहुंचे थे। हरप्रीत अपने माता-पिता के साथ थे जबकि दूसरे पक्ष की तरफ से अमितोज के पिता मलविंदर सिंह थे।

मध्यस्थता सत्र के दौरान मलविंदर ने शौचालय जाने का अनुरोध किया और हरप्रीत से उन्हें रास्ता दिखाने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने अपना हथियार निकाल लिया और गोली चला दी। हरप्रीत को चंडीगढ़ के स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर) ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मलविंदर को पकड़ लिया गया और उनके पास से हथियार बरामद कर लिया गया।

## पांच पुलिसकर्मचारियों सहित आतंकियों के छह मददगार बर्खास्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल पांच पुलिसकर्मियों के साथ छह कर्मचारियों को शनिवार को बर्खास्त कर दिया। इन सभी पर ड्रग तस्करी, आतंकी वित्त पोषण, घुसपैठियों की मदद करने का आरोप है। बर्खास्त होने वालों में डोडा के भल्लेशा निवासी कांस्टेबल सैफ दीन, कुपवाड़ा निवासी हेड कांस्टेबल फारूक अहमद शेख और कांस्टेबल खालिद हुसैन शाह, बारामूला के उरी निवासी कांस्टेबल रहमत शाह, कांस्टेबल इरशाद अहमद चालकू, तथा पुंछ के स्कूल शिक्षक नजम दीन शामिल हैं। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों ने इन कर्मचारियों की गतिविधियां संदिग्ध पाई थीं।

# अदालतों ने भारत की प्रतिष्ठा मजबूत की : न्यायमूर्ति कोहली

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति हिमा कोहली ने कहा है कि देश की अदालतों ने मध्यस्थता फैसलों की शुचिता को अक्षुण्ण रखते हुए मध्यस्थता के लिए एक अनुकूल गंतव्य के रूप में भारत की प्रतिष्ठा को मजबूत किया है। वह कानूनी कंपनियों गिब्सन डन सेक्रेटेरियट और यूएनयूएम लॉ, यूएनयूएम लॉ, अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता एवं मध्यस्थता केंद्र (आईएएमसी) और जनरल काउंसल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित व्यापार संवर्धन में मध्यस्थता में हालिया विकास विषयक एक संगोष्ठी को संबोधित कर रही थीं।

न्यायमूर्ति कोहली ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के विकास ने विवाद समाधान को और अधिक जटिल बना दिया है तथा इन चुनौतियों से निपटने के लिए वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर), विशेष रूप से मध्यस्थता, व्यवसायों के लिए एक शक्तिशाली औजार के रूप में उभरा है। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत ने मध्यस्थता और मध्यस्थता सेवाओं में खुद को एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 के तहत मामलों के तेजी से निपटान और व्यापक रूप से प्रवर्तन-समर्थक व्यवस्था के संवर्धन के प्रति न्यायपालिका की प्रतिबद्धता से भारत एक वाणिज्यिक मध्यस्थता केंद्र के रूप में तब्दील हुआ है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न ऐतिहासिक फैसले दर्शाते हैं कि भारत मध्यस्थता निर्णयों की शुचिता को बनाये रखने के प्रति कटिबद्ध है। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा कि न्यायिक हस्तक्षेप को कम करते हुए और मध्यस्थता पुरस्कारों का सम्मान करते हुए भारतीय न्यायालयों की ओर से किये गये प्रयासों ने (वैकल्पिक) विवाद समाधान के लिए एक अनुकूल गंतव्य के रूप में भारत की प्रतिष्ठा को मजबूत किया है। यह न्यायिक दर्शन विधायी सुधारों का पूरक है और मध्यस्थता के लिए एक वैश्विक केंद्र बनने की भारत की महत्वाकांक्षा को दर्शाता है।



- **मध्यस्थता की शुचिता को अक्षुण्ण रखते हुए देश की अदालतों ने निभाई है अहम भूमिका**

### मध्यस्थता भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहा है : केंद्रीय मंत्री मेघवाल

**नई दिल्ली।** कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शनिवार को मध्यस्थता को प्राचीन भारतीय संस्कृति का हिस्सा बताते हुए महाभारत की कहानियों का हवाला दिया। उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आत्मनिरीक्षण करने की शक्ति विवादों को सुलझाने में मदद करती है। शादी से जुड़े विवादों को निपटाने में लोक अदालतों की भूमिका की सराहना करते हुए मंत्री ने कहा कि पहले जो काम परिवार के बुजुर्ग करते थे, अब वह वैकल्पिक विवाद समाधान व्यवस्था द्वारा किया जा रहा है। मेघवाल ने कहा कि पहली लोक अदालत भगवान कृष्ण ने आयोजित की थी, जब उन्होंने कौरवों और पांडवों के बीच विवाद को सुलझाने की कोशिश की थी। उन्होंने रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियों को भी उद्धृत किया कि कैसे भगवान कृष्ण ने शांतिपूर्ण समाधान खोजने की कोशिश की। स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उच्चतम न्यायालय ने मुआवजा, भूमि अधिग्रहण, अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति, वैवाहिक विवादों के निपटारे के लिए एक विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन किया है। मेघवाल ने कहा कि एक हजार से ज्यादा मामलों का निपटारा किया गया।



# दुनिया में चर्चित रामचरितमानस



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

रामचरितमानस में सबसे अच्छा वर्णन रामराज्य का है। दुनिया में राजव्यवस्था के अनेक मॉडल हैं। साम्यवाद, समाजवाद, उपयोगितावाद, लोककल्याण पर आधारित लोकतांत्रिक संसदीय पद्धति और प्लेटो का दार्शनिकवाद आदि राजव्यवस्था के कई उदाहरण हैं, लेकिन रामराज्य अनूठा है।

यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर' में रामचरितमानस को एशिया पेसिफिक की 20 धरोहरों में शामिल किया गया है। रामचरितमानस पूरे विश्व में श्रद्धा के साथ पढ़ी जाती है। वैसे श्रीराम से जुड़ी घटनाओं पर राम कथा में अनेक ग्रंथ लिखे गए हैं। श्री वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण रामकथा का उत्कृष्ट ग्रंथ है। 20 हजार से अधिक श्लोकों में विस्तृत रामायण सारी दुनिया में चर्चित है। रामायण और महाभारत को भारत में महाकाव्य कहा जाता है। रामायण और महाभारत में दर्शन है, इतिहास है। तमाम प्रभावशाली आख्यान भी हैं, लेकिन रामचरितमानस की बात ही दूसरी है। रामचरितमानस में भक्ति है, परम सत्ता के प्रति समर्पण है। यह सीधी-सादी सरल भाषा में लिखी गई प्रतिष्ठित संरचना है। इसकी भाषा प्रवाहमान है, सरल है, बिना प्रयास के ही मस्तिष्क से हृदय में पहुंच जाती है। इसकी कथा ज्ञान और भक्ति से भरी पूरी है। तुलसीदास ने स्वयं इस कथा को लोकमंगल का दाता बताया है। मानस बालकांड में तुलसीदास जी ने लिखा है, ''कबि न होउँ नहिं चतुर कहावउँ। मति अनुरूप राम गुन गावउँ। कहँ रघुपति के चरित अपारा। कहँ मति मोरि निरत संसारा।" यहां विनम्रता का चरम है।

रामचरितमानस भक्ति भाव का ग्रंथ माना जाता है, लेकिन तुलसीदास दार्शनिक स्तर पर वेदांती हैं। वे मानस की रचना की शुरुआत में उपनिषदों वाले ब्रह्म की चर्चा करते हैं, ''एक अनीह अरूप अनामा। अज सच्चिदानंद पर धामा। व्यापक विस्वरूप भगवाना। तेहिं धरि देह चरित कृत नाना-परमेश्वर एक हैं। वे इच्छारहित हैं। उनका कोई रूप और नाम नहीं है। वे अजन्मा हैं। सच्चिदानंद हैं। परमधाम हैं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। विश्वरूप हैं। उन्हीं भगवान ने दिव्य शरीर धारण करके अनेक प्रकार की लीला की है।" ब्रह्म अशरीरी हैं। रूप रहित हैं। सर्वत्र हैं। यह सर्वत्र उसके भीतर भी व्यापक है। वेदांतियों के लिए यह अजन्मा भले ही परमधाम हो, लेकिन तुलसीदास इस विराट ब्रह्म को जन्म लेता हुआ देखते हैं। लिखते हैं कि वह भक्तों के हित के लिए शरीर धारण करता है। लीला करता है। तुलसी समाज के कवियों को प्रणाम निवेदन करते हैं-'कलिके कविन करहुँ परनामा'। रामकथा गाने वाले सभी कवि तुलसीदास के लिए प्रणम्य हैं। काव्य के स्तर पर वेद पुराने हैं। तुलसीदास वेदों की प्रतिष्ठा से परिचित हैं। वे वेदों की वंदना भी करते हैं। कहते हैं, "बंदउँ चारिउ बेद-वेद रामचरितमानस से प्राचीन हैं।"

संसार विजयकामी है। तुलसीदास ने रामचरितमानस में युद्ध में विजय के लिए जरूरी रथ का उल्लेख किया है। तुलसी कहते हैं, "रावनु रथी बिरथ रघुबीरा/देखि बिभीषन भयउ अधीरा-रावण रथ पर है और श्रीराम रथहीन।" विभीषण दुखी थे, उन्होंने श्रीराम से कहा, "नाथ न रथ नहिं तन पद त्राना/केहि बिधि जितब बीर बलवाना-श्रीराम के पास न रथ है न कवच। जूते भी नहीं हैं।" राम महानायक हैं। अयोध्या के राजकुमार हैं फिर भी रथ आदि का अभाव है। विभीषण के प्रश्न के उत्तर में श्रीराम कहते हैं, "हे मित्र सुनो, जिस रथ से विजय होती है, वह रथ दूसरा ही है।" श्रीराम युद्ध के मैदान में हैं,लेकिन युद्ध में भी वे राष्ट्रजीवन के आदर्शों की ही चर्चा करते हैं। बताते हैं कि विजय रथ कैसा है, "सौरज धीरज तेहि रथ चाका/सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका। बल बिबेक दम परहित घोरे/छमा कृपा समता रजु जोरे।" श्रीराम कहते हैं कि, "शौर्य और धैर्य उस रथ के पहिए हैं। सत्य और शील रथ के ध्वज पताका हैं। बल, विवेक, इन्द्रिय संयम व परोपकार उस रथ के घोड़े हैं। ये घोड़े क्षमा, दया और समता रूपी डोरी से रथ में जुड़े हुए हैं।" आगे कहते हैं, "ईस भजनु सारथी सुजाना/बिरति चर्म संतोष कृपाना। दान परसु बुधि शक्ति प्रचंडा/बर बिग्यान कठिन कोदंडा-ईश्वर का भजन रथ का चालक है। वैराग्य ढाल है। संतोष तलवार है। बुद्धि प्रचंड शक्ति। विज्ञान धनुष है। यम और नियम बाण हैं।" श्रीराम कहते हैं, "एहि सम बिजय उपाय न दूजा-इसके अलावा विजय का कोई दूसरा मार्ग नहीं है।" श्रीराम कहते हैं, "जिसके पास ऐसा धर्ममय रथ है उसे जीतने के लिए कोई शत्रु ही नहीं है। रामचरितमानस में राष्ट्रजीवन की सभी मर्यादा रथ प्रतीक में सम्मिलित है।"

रामचरितमानस में सबसे अच्छा वर्णन रामराज्य का है। दुनिया में राजव्यवस्था के अनेक मॉडल हैं। साम्यवाद,समाजवाद, उपयोगितावाद, लोककल्याण पर आधारित लोकतांत्रिक संसदीय पद्धति और प्लेटो का दार्शनिकवाद आदि राजव्यवस्था के कई उदाहरण हैं,लेकिन रामराज्य अनूठा है। अद्वितीय है। ऐसे राज्य दुनिया की किसी विचारधारा का सपना भी नहीं है। तुलसी इस राज्य पर मोहित हैं। तुलसी ही क्यों लगभग 500 वर्ष पहले लिखी गई रामचरितमानस का एक-एक शब्द जवान है। अजर अमर है। इसके शब्द और अर्थ चिर युवा हैं। राम रस से भरे पूरे। भारतीय अध्यात्म की अग्नि से तप्त। राम रसायन है मानस। श्रीराम लंका से लौटे, अयोध्या में स्वागत हुआ। तुलसी लिखते हैं, "राम राज बैठे त्रैलोका। हर्षित भए गए सब सोका। बयरु न कर काहू सन कोई। राम प्रताप बिषमता खोई-गैर बराबरी और विषमता को लेकर आधुनिक राजनीति में काफी नारेबाजी होती है,लेकिन तुलसी जैसा आत्मविश्वास अन्यत्र नहीं मिलता। तुलसीदास रामराज्य में सभी प्रकार के दुख की अनुपस्थित मानते हैं-"दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहि ब्यापा। सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।" गांधी दुनिया के सबसे बड़े सेकुलर और सबसे बड़े धार्मिक नेता थे। डॉ. लोहिया भी ऐसे ही थे। गांधी ने रामराज्य का स्वप्न देखा,लोहिया ने रामायण मेला आयोजित किया। वे रामचरितमानस को रामायण कहते थे।

तुलसी का राम राज्य तप मुक्त है। न दैहिक और न दैविक ताप। भौतिक ताप किसी को नहीं होता। तुलसी इसका कारण बताते हैं। सब नर करहि परस्पर प्रीती/चलहि स्वधर्म निरत श्रुति नीती। समाज के सभी सदस्य परस्पर प्रेम करते हैं। वैदिक नीति के अनुसार चलते हैं। रामराज्य में अल्प मृत्यु नहीं। कोई पीड़ा नहीं। सब सुदर्शन हैं। सब स्वस्थ शरीर वाले हैं। कम उम्र में किसी की मृत्यु नहीं होती। गरीबी का नामोनिशान नहीं, "नहि दरिद्र कोऊ दुखी न दीना/नहि कोऊ अबुध न लक्षन हीना।" समता और संपन्नता का वर्णन बहुत सुंदर है। वृक्ष हमेशा फूलते-फलते हैं। हाथी और सिंह एक साथ रहते हैं। पक्षी मीठी बोली बोलते हैं। शीतल सुगंधित वायु चलती है। वृक्ष मांगते ही मधुरस टपका देते हैं-लता बिटप मागें मधु चवहीं। गाएं मीठा दूध देती हैं-मनभावतो धेनु पय स्रवहीं। मानस के शब्दों में सम्मोहन है। तुलसीदास ऋग्वेद से सामग्री लेते हैं और उपनिषदों से भी। यह बात वह छुपाते नहीं हैं। लिखते हैं कि यह कथा सभी पूर्ववर्ती ग्रंथों, पुराणों का अंश लेकर रची गई है। वर्षा ऋतु के वर्णन में तुलसी लिखते हैं, "दादुर धुनि चहु दिसा सुहाई। बेद पढ़हिं जनु बटु समुदाई"-वर्षा ऋतु में मेंढकों का गायन बोलना बड़ा अच्छा लगता है। यह वैसे ही बोलते हैं जैसे वेद पाठी बोल रहे हों। यह उदाहरण सीधे वैदिक साहित्य से लिया गया है। रामचरितमानस में प्राचीन भारतीय चिंतन की सभी धाराएं हैं। भारत के लिए प्रसन्नता की बात है कि रामचरितमानस यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर' सूची में है।

# आचार संहिता का महत्व



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

भारतीय जनमानस में 'जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं' का भाव बहुत गहरे तक समाया हुआ है। इसका कारण है कि धर्मग्रंथों में नारी को सशक्त और सम्मानपूर्ण दर्जा देने के लिए इस तरह के विचार प्रकट किए गए, लेकिन कहे गए सत्-वाक्य की गहराई से विवेचना कर इसके वास्तविक अर्थों को समझने की भी जरूरत है।

प्रथमतः सत्-वाक्य में व्यक्त 'नारी' शब्द पर विचार की जरूरत है। 'नारी' शब्द कुछ विचारकों के अनुसार संस्कृत के 'नृ' से और कुछ के अनुसार 'नर' शब्द से बना है, जिसका अर्थ नृत्य तथा नर्तन किया गया है। नर पक्ष हो या नारी पक्ष, जब जीवन के कामधाम में दोनों पक्षों को लगना पड़ता है तो उसे हाथ-पैर चलाना पड़ता है। इसका अर्थ हुआ, जो क्रियाशील है वही नर या नारी कहलाने योग्य है। वैदिक ग्रंथों में 'नृ' का अर्थ वीरता एवं नेतृत्व के लिए किया गया है। इसके साथ 'नर' शब्द का भी अर्थ नेता के रूप में उल्लिखित है। इस दृष्टि से वाह्य युद्ध हो या जीवन के किसी स्तर पर संघर्ष की स्थिति हो, नर और नारी एक दूसरे के सहायक जब बनते हैं तभी विपरीतताओं से मुकाबला और वांछित लक्ष्य की प्राप्ति होती है।

सायण ऋषि ने 'नारिः' शब्द का प्रयोग करते हुए इसका अर्थ 'न अरिः' कहा है। यानी जिंदगी के युद्ध में जो शत्रु नहीं, बल्कि मित्र एवं सहयोगी रहे वही नारी है। नारी के लिए स्त्री शब्द का भी प्रयोग होता है, जिसकी व्याख्या महर्षि पतंजलि एवं पाश्चात्य विद्वान यास्क ने 'लज्जा' के रूप में की है। इसका अर्थ हुआ कि स्त्री में पुरुषों की अपेक्षा लज्जा अधिक होती है। इन व्याख्याओं के मद्देनजर जब 'जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं' को देखा जाए तो उसी नारी की पूजा का भाव झलकता है, जिसमें 'नारी' के लिए जिस तरह की भी आचार संहिता' निर्धारित की गई है, वह सब होनी चाहिए। ऐसी ही अचार संहिता पुरुष के लिए भी निर्धारित है। इतना ही आचार-संहिता प्रकृति एवं जड़ पदार्थों तक में होती है। ऋतुओं का परिवर्तन, समय पर वर्षा आदि का पालन प्रकृति भी करती है। आचार संहिता का पालन करते पशु जब तक उपयोगी रहते हैं, तब तक उनकी देखभाल होती है। हिंसक पशुओं का स्वभाव हानिप्रद होता है तो उससे दूरी बनाई जाती। आकाश में सूरज जब हितकारी आचार संहिता का उल्लंघन कर ग्रीष्म ऋतु में अत्यधिक कड़ी धूप देता है तो उससे बचा जाता है, जबकि शीत ऋतु में उसी सूरज की बेसब्री से प्रतीक्षा की जाती है।

आचार संहिता के महत्व को देखते हुए जहां 'नारी की पूजा, वहां देवता' का संदेश इसलिए भी उपयोगी है, क्योंकि नर और नारी में एक-दूसरे के सम्मान का भाव रहेगा तो वहां हर कार्य अनुकूल होता जाएगा। 'देवता' संस्कृत के 'दिव' धातु से बना है। 'दिव' का अर्थ प्रकाश है। इसी शब्द से 'दिवस' (दिन) शब्द की व्युत्पत्ति हुई है। ऐसी स्थिति में उसी नारी की पूजा का संदेश दिया गया, जिसमें नारी के गुण-धर्म हों। अपने गुण-धर्म से हटकर आचरण करने वाली नारी की पूजा के लिए नहीं कहा गया है। यदि ऐसा ही होता तो श्रीराम शूर्पणखा को दंड देने के लिए लक्ष्मण से न कहते।

आचार संहिता का महत्व सामाजिक क्षेत्र में भी निर्धारित किया किया गया है। हर देश का ही नहीं हर तरह के सामाजिक संगठनों का अपना संविधान होता है। उसी के तहत सारे कार्य होते है और छोटे स्तर पर इसकी महत्ता देखी जाए तो घर-परिवार का भी अलिखित संविधान होता है। माता-पिता, संतान तथा रिश्ते-नाते के लोग उस संविधान का पालन करते हैं तब वहां सुख-शांति विद्यमान रहती है।

# उच्च शिक्षा में डिजिटलीकरण



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

आज हम भले ही उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहे हों, किंतु कहीं न कहीं आज भी उच्च शिक्षा हेतु विद्यार्थियों का विदेशों के उच्च शिक्षण संस्थानों की ओर झुकाव बना हुआ है।

हाल ही में केंद्र सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक अनूठी पहल की गई है। खास बात तो यह है कि यह पहल पूर्णतया डिजिटल तकनीकी पर आधारित है। केंद्र सरकार द्वारा 2022 में नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी के गठन का ऐलान किया गया था। अभी कुछ ही दिन पूर्व जारी बजट में इसके गठन हेतु सरकार के द्वारा 100 करोड़ की धनराशि का आवंटन किया गया है। इस धनराशि से राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय हेतु आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर एवं अध्ययन सामग्री की व्यवस्था की जाएगी।

आज से चार वर्ष पूर्व अर्थात वर्ष 2020 में पूरे विश्व ने कोरोना जैसी भयंकर महामारी के प्रकोप का सामना किया था। निश्चित रूप से इस महामारी में व्यक्ति से लेकर विश्व तक प्रत्येक स्तर पर आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक, औद्योगिक एवं प्रत्येक उस क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति उठानी पड़ी थी, जिसका ताल्लुक कहीं न कहीं मानव जीवन से होता है। किंतु अगर गौर किया जाए तो शिक्षा के क्षेत्र में इस महामारी के दौरान अनेक नवोन्मेषी गतिविधियों का प्रादुर्भाव ठीक उसी तरह हुआ जैसे कि किसी बड़ी आपदा में कुछ अवसर जन्म लेते हैं। ऑनलाइन माध्यमों से शिक्षा कोरोनाकाल की जरूरत अथवा दूसरे शब्दों में कहा जाए तो मजबूरी बन गई थी,लेकिन समय के साथ वही ऑनलाइन एवं डिजिटल शिक्षा लोकप्रियता के उस स्तर तक पहुंच गई कि आपदा के दूर हो जाने पर भी ऑनलाइन शिक्षा उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर होती गई। राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय जोकि जल्द ही अस्तित्व में आने वाला है, शिक्षा में डिजिटलीकरण के समावेश का ही सुपरिणाम है। डिजिटल यूनिवर्सिटी के गठन के उपरांत विद्यार्थियों के लिए सुविधाओं का एक भंडार खुल जाएगा। सबसे पहली बात तो यह है कि चूंकि विश्वविद्यालय डिजिटल प्लेटफॉर्म पर होगा। अतः इसके लिए किसी भी बड़े कैंपस की आवश्यकता नहीं होगी।

प्रशासनिक गतिविधियों के संचालन के लिए एक छोटा कैम्पस बनाकर ही मिशन को आगे बढ़ाया जा सकेगा। इस विश्वविद्यालय की शुरुआत यद्यपि सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों से होगी, लेकिन जल्द ही इसमें वे सभी कोर्स उपलब्ध होंगे, जोकि भारत अथवा विश्व के किसी भी विश्वविद्यालय में पाए जाते हैं। किसी भी पाठ्यक्रम में सीटों की कोई निश्चित संख्या नहीं होगी। विद्यार्थी के लिए यह सुविधा होगी कि वह किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान से आवश्यक क्रेडिट प्राप्त करके राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय से संबंधित पाठ्यक्रम की डिग्री प्राप्त कर सकेगा।

राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय का डिजिटल कंटेंट स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स अर्थात 'स्वयं' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर होस्ट होगा,जबकि तकनीकी एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जिम्मेदारी समर्थ प्लेटफार्म पर होगी। कुल मिलाकर यह विश्वविद्यालय 'हब एंड स्पोक' मॉडल पर बनाया गया है, जिसमें स्वयं व सामर्थ जैसे प्लेटफार्म हब की भूमिका में होंगे, जबकि उच्च शिक्षण संस्थान स्पोक की भूमिका में होंगे। देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए यह सुविधा रहेगी कि यदि वे राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय की शर्तों का पालन करते हैं तो वे उसके लिए ऑनलाइन प्रोग्राम ऑफर कर सकेंगे।

आज हम भले ही उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहे हों, किंतु कहीं न कहीं आज भी उच्च शिक्षा हेतु विद्यार्थियों का विदेशों के उच्च शिक्षण संस्थानों की ओर झुकाव बना हुआ है। उच्च शिक्षा में लगातार सुधार एवं नवोन्मेष को सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय के द्वारा प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान का आरंभ किया गया है, जिसके लिए 1814 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई है। इस अभियान का मूल उद्देश्य भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों को विश्व के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान दिलाने का एवं उनको निरंतर अपग्रेड करते रहने का प्रयत्न करना है। निस्संदेह केंद्र सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा की दिशा में किया गया यह अद्भुत प्रयोग बहुद्देश्यीय, बहुआयामी एवं पूर्णतया छात्रोन्मुखी है। राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय के स्थापित हो जाने एवं पूर्णरूपेण क्रियान्वयन मोड में आने के उपरांत निश्चित रूप से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सकारात्मक बदलावों की एक श्रृंखला परिलक्षित होगी। अवसरों एवं विकल्पों के मामले में संकीर्णता एवं सीमा को छोड़कर व्यापकता की ओर बढ़ने के लिए नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी एक महत्वपूर्ण मिशन है। आज उच्च शिक्षा का स्वरूप धीरे-धीरे बदल रहा है। नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी के अस्तित्व में आ जाने के उपरांत विद्यार्थी की वे सभी समस्याएं खत्म हो जाएंगी, जो उसके लिए प्रवेश, विषयचयन, संस्थानचयन आदि बिंदुओं को लेकर एक चुनौतीपूर्ण एवं असमंजसयुक्त स्थिति को जन्म देती थीं। किंतु इस मिशन को पूर्ण गति प्राप्त करने में कहीं न कहीं कुछ चुनौतियां एक बाधा के रूप में मौजूद होंगी। उदाहरण के लिए डिजिटल निरक्षरता एक ऐसी चुनौती है,जो इस मिशन के विकास में पूर्णरूपेण बाधक है।

भारत के विद्यार्थियों का एक बहुत बड़ा वर्ग ऐसा है, जोकि डिजिटल तकनीकी से पूर्ण रूपेण परिचित नहीं है जबकि नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी के स्वप्न को साकार होने के लिए डिजिटल साक्षरता नितांत आवश्यक है। किंतु यह कोई ऐसी चुनौती नहीं है, जिसका निराकरण बहुत मुश्किल हो। शासन के द्वारा विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित करके डिजिटलीकरण के प्रति उनके रुझान को प्रोत्साहित करने का कार्य कुशलतापूर्वक किया जा रहा है। यदि कुछ छोटी-मोटी समस्याओं एवं बाधाओं को दरकिनार कर दिया जाए तो नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी हर हालत में एक विकासोन्मुखी पहल है। इसके क्रियान्वयन से शिक्षा में नवाचार, नवोन्मेष एवं समावेशी विकास को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## सांपों से बचाव



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

बारिश में सांप शिकार की तलाश में या भूले भटके हमारे घरों के पास या भीतर आ जाते हैं। इन्हें मारना नहीं चाहिए। हां बिना छुए यदि इन्हें घर के बाहर का रास्ता दिखा दिया जाए तो सबसे अच्छा है। मगर इसके लिए स्नेक कैचिंग स्टिक या फिर कुछ अलग युक्ति लगानी होगी, जिनकी सहज सुलभता नहीं हो पाती तो विवशतः हाथ लगाना पड़ता है।

ये सभी खानिकारक कीट पतंगों, चूहों आदि को खाकर एक तरह हमारा भला ही करते हैं। इनसे मित्रवत व्यवहार करना चाहिए। एक धामन सांपिन भी हमारे घर के भीतर प्रवेश करने के पहले ही नजर में आ गया। यह बगल के लता गुल्म में घुस गई। देर तक बिना हानि पहुंचाए इसे बाहर निकालने का उपक्रम चला। आखिर बाहर निकलते ही पकड़ना पड़ा ताकि दूर छोड़ा जा सके।

यह पकड़े जाने पर हाथ में अपनी पूंछ से एक खास पहचानशुदा (कैरेक्टरस्टिक) अंग्रेजी की संख्या 8 की संरचना बनाती है। इसकी आंखे खूबसूरत होती हैं। हालांकि आंखों की खूबसूरती के मामले में ट्रिन्केट स्नेक का नंबर पहला है, जिसका वैज्ञानिक नाम सीलोग्नैथस हेलेना ही लीजेंडरी ब्यूटी सुंदरी हेलेन के ऊपर ही है।

## लोक से अपरिचय



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कुछ शब्द विदेशों से आयात कर के ले आए। लोकतंत्र के प्रतिनिधियों ने कमर कस ली कि भारत के लोकतंत्र को इन शब्दों के चौखटे में जड़ के ही मानेंगे। हथौड़ा चला रहे हैं, परेशान हैं कि भारत का लोकतंत्र इन शब्दों के चौखटे में क्यों नहीं आता?

यों तो साधारण से साधारण आदमी अपनी-अपनी शब्दावली में कह देता है कि "भारत में लोकतंत्र है जरूर, किंतु तंत्र लोक की छाती पर बैठा हुआ है।" बात सच है और इस बात में मतभेद की कोई गुंजायश भी नहीं है। परंतु सवाल तो यह है कि ऐसा हुआ कैसे? क्यों हुआ? स्वतंत्रता का आंदोलन लोकतंत्र का आंदोलन बन चुका था, संविधान बना, लोकतंत्र की प्रतिष्ठा भी हुई किन्तु अंग्रेजों के जमाने से जो तंत्र चला आ रहा था, उसमें कोई आधारभूत परिवर्तन नहीं हुआ। बस कलेक्टर का नाम जिलाधीश या उपायुक्त हो गया। लोकसंपर्क के सरकारी विभाग बन गए, किंतु अंग्रेजी भी बनी रही और अंग्रेजियत भी बनी रही। अंग्रेजों के जमाने में लोक के प्रति शासकों का जो " रैयत" वाला नजरिया था, वह आज भी बना हुआ है। कलेक्टरी का चपरासी आधार कार्ड बनवाने के लिए जनता को हांक लगाता है और नौ बजे से लाइन में लगा देता है, जबकि बाबू आराम-आराम से दस बजे बाद आता है और ग्यारह बजे से काम शुरू करता है। यह मानसिकता पता नहीं क्यों बन गई या बना दी गई कि हमारे लोकतंत्र की समस्याओं के समाधान का रास्ता विदेशों से होकर आता है। विशेषज्ञों के दल विदेशों में जाते रहे हैं, अभी भी जाते हैं। वे कुछ शब्द विदेशों से आयात कर के ले आए। लोकतंत्र के प्रतिनिधियों ने कमर कस ली कि भारत के लोकतंत्र को इन शब्दों के चौखटे में जड़ के ही मानेंगे। हथौड़ा चला रहे हैं, परेशान हैं कि भारत का लोकतंत्र इन शब्दों के चौखटे में क्यों नहीं आता? परंतु दूसरों को देखकर हम चलना सीख सकते हैं,किंतु दूसरों के पैरों से नहीं चल सकते। चलने के लिए पैर भी अपने होंगे और रास्ता भी अपना होगा। ग्लोबल युग है तो संसार के देशों से मेलजोल,आदान-प्रदान जरूरी है। विशेषज्ञों के दल आएंगे भी और जाएंगे भी, ठीक है, सवाल यह है कि पिछले सत्तर वर्षों में क्या किसी एक विशेषज्ञों के दल ने भी इस विशाल देश के लोगों के जीवन में गहरे स्तरों पर पंहुचकर लोकमानस कविषमताओं, विडंबनाओं, संगतियों, विसंगतियों, आस्थाओं, कल्पनाओं, सपनों को समझने का कोई एक भी सच्चा और योजनाबद्ध प्रयास किया है? नहीं हुआ तो इसका कारण, लोक के प्रति वही रैयत वाला दृष्टिकोण है। जमाना आगे बढ़ चुका है, किंतु लोक के प्रति दृष्टिकोण नहीं बदला, कारण लोक से अपरिचय।

# किन्नर समाज में भी पाई जाती हैं संघर्ष एवं उपलब्धियां



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर,बरेली

किन्नर समाज की उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि यदि किन्नर समाज को भी अवसर प्रदान किए जाएं तो वह भी सामान्य स्त्री-पुरुषों की भांति किसी से कम नहीं है।

भारत में किन्नर सामाजिक, धार्मिक, लैंगिक एवं शैक्षिक आधार पर एक विशिष्ट पहचान रखने वाले लोगों का एक विशेष समुदाय है। भारत में किन्नरों की विशिष्ट पहचान ऐतिहासिक एवं पौराणिक कथाओं में दिखाई प्रतीत होती है। मुगलकाल में किन्नरों को जीवनयापन करने हेतु सभी सुविधाएं एवं विशेष सम्मान प्राप्त था परंतु ब्रिटिश काल में किन्नरों की दशा अत्यधिक दयनीय हो गई थी। तत्पश्चात आधुनिक काल में किन्नर अपनी अस्मिता को बचाए रखने हेतु निरंतर संघर्षरत हैं।

किन्नरों की दुर्दशा में सर्वाधिक योगदान परिवार का होता है। यदि पारिवारिक सदस्य किन्नरों को शिक्षित कर योग्य नागरिक बनाएंगे तो अशिक्षा के कारण भविष्य में उनके सम्मुख उतनी समस्याएं नहीं आएंगी, जितनी समस्याओं का सामना वह आए दिन करते रहते हैं। शिक्षा किसी भी व्यक्ति के सुखद जीवन हेतु विशेष महत्व रखती है, परंतु किन्नर समाज सबसे अधिक शिक्षा से ही वंचित है, जिसके कारण उनका जीवन विभिन्न कठिनाइयों एवं समस्याओं से ही घिरा रहता है। इसके पश्चात भी किन्नर समाज ने निरंतर संघर्ष करके कुछ उपलब्धियां हासिल की हैं, जो कि सभ्य समाज के लिए उदाहरण स्वरूप हैं। आज किन्नरों ने अपने संघर्ष के दम पर ऐसी बड़ी-बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं, जो एक सामान्य व्यक्ति के लिए दूर का तारा नजर आती हैं। विश्व में किन्नर समुदाय एक ट्रांसजेंडर के रूप में जाने जाते हैं, जिनका इतिहास अधिक प्राचीन नहीं है इन्हें एलजीबीटी समुदाय का एक वर्ग भी माना जाता है। विश्व में किन्नरों की प्राचीनतम उपस्थिति दक्षिण अफ्रीका और वर्तमान में अधिकतर अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप आदि देशों में मिलती है। भारतीय संविधान में शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार प्रत्येक नागरिक को है, परंतु अधिकांशतः किन्नर समाज आज भी सर्वसुलभ शिक्षा से वंचित हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में यह आज भी अत्यंत दयनीय स्थिति में हैं। किन्नरों के साथ शैक्षिक संस्थाएं भी समान नागरिकों की अपेक्षा भेदभाव करती हैं। बहुत सी शैक्षिक संस्थाएं किन्नरों को अपनी संस्था में प्रवेश भी नहीं देती हैं,इसीलिए किन्नर समाज में शैक्षिक दर अत्यधिक निम्न पाई जाती है। शिक्षा से वंचित होने के कारण ही इनमें आर्थिक समस्याएं एवं संस्कारों का अभाव देखने को मिलता है। जब शैक्षिक संस्थाएं इन्हें अपनी संस्था में पढ़ने से रोकती हैं तो यह शिक्षा के अभाव में उस काबिल नहीं बन पाते हैं कि यह अपना रोजगार प्राप्त कर पाएं, जिसके फलस्वरूप उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर ही रहती है और इन्हें अपनी आजीविका चलाने हेतु नाच-गाना, मनोरंजन, चोरी, डकैती और अनैतिक कार्यों का सहारा लेना पड़ता है, जिसके कारण समाज में इन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता है। एक तरफ शिक्षा का अभाव और दूसरी तरफ शारीरिक निर्योग्यताएं, जिसकी वजह से घरों, दुकानों एवं कारखानों में भी कोई इन्हें छोटा-मोटा काम नहीं देता है, जिससे धनोपार्जन कर यह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें।

समय के साथ-साथ किन्नरों की शैक्षिक एवं आर्थिक परिस्थितियों में भी परिवर्तन आया है। आज वह शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत उच्च शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा आदि तक ग्रहण कर रहे हैं और समाज में सम्मान प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए उन्हें विभिन्न प्रकार की उपेक्षा एवं उपहास का पात्र बनना पड़ता है, परंतु यह भी दृढ़ निश्चय कर लेते हैं कि उन्हें अपनी वर्तमान परिस्थितियां स्वीकार नहीं है, जिन्हें परिवर्तित करने हेतु वह हर संभव प्रयास करेंगे। सभ्य समाज में होने के बावजूद किन्नर समाज अत्यंत दयनीय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। समाज में उनके साथ भेदभावपूर्ण एवं उपेक्षित व्यवहार किया जाता है, जिससे उनकी भावनात्मक एवं मानसिक स्थिति अत्यंत नकारात्मक पाई जाती है।

संपूर्ण किन्नर समाज में से कुछ प्रतिशत किन्नर ऐसे हैं, जिन्होंने अपनी वर्तमान स्थिति से समझौता न कर स्वयं के जीवन से संघर्ष करके यह मुकाम हासिल किया है,जिसमें 'शबनम मौसी' देश की 'पहली किन्नर विधायक' हैं, जो मध्य प्रदेश की विधानसभा द्वारा 1998 निर्वाचित हुई तथा 2003 में एमएलए रहीं। इन्होंने अपने साक्षात्कार में कहा था कि "लोग अपने कुत्ते को पालते हैं उसको इतनी इज्जत देते हैं कितने प्यार से उसको खाना खिलाते हैं। गाड़ियों में बिठाते हैं, उसको बिस्तर पर सुलाते हैं वह तो कुत्ता है जब आप उसे जीने का अधिकार देते हैं तो एक किन्नर को क्यों नहीं।" ऐसे अनेक किन्नर समाज के लिए उदाहरण हैं, जो भारत सरकार के प्रमुख पदों पर विराजमान होकर सरकार एवं व्यवस्था में भी शामिल हैं और अपने समाज के हित में कार्य कर रहे हैं तथा जन-जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार कर देश के विकास में अपना योगदान प्रदान कर रहे हैं। किन्नर समाज की उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि यदि किन्नर समाज को भी अवसर प्रदान किए जाएं तो वह भी सामान्य स्त्री-पुरुषों की भांति किसी से कम नहीं है।

## पुरानी पेंशन की मांग



जगपाल सिंह भाटी
बरेली

पुरानी एवं नई पेंशन की स्कीम का मुद्दा लगातार चर्चा में ही बना रहता है। देशभर में सभी विभागों के केंद्रीय एवं राज्य कर्मचारी अनवरत रूप से आंदोलित हैं। कहीं न कहीं किसी न किसी संगठन के द्वारा पुरानी पेंशन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन और रैली चलती ही रहती है। कर्मचारी संगठन पुरानी पेंशन मिलने तक अपना संघर्ष और प्रदर्शन जारी रखना चाहते हैं। उनका तर्क है कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों की लाइफ लाइन है, उनके लिए उम्र भर का सहारा बनती है। सरकार एवं उसके नुमाइंदे अपने-अपने तर्कों के साथ पुरानी पेंशन को लागू करने में असमर्थता जताते रहते हैं।

सरकार की अपनी मजबूरी हो सकती है, परंतु कर्मचारियों की चिंता भी जायज है। जहां पुरानी पेंशन में कर्मचारियों को अपनी सैलरी का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में ताउम्र लाभांश मिलता है, वहीं दूसरी तरफ नई पेंशन स्कीम में कर्मचारियों को पेंशन की निश्चितता की कोई गारंटी नहीं है। अभी हाल ही में कई राज्यों में नई पेंशन व्यवस्था के तहत सेवा-निर्मित हुए कई कर्मचारियों को केवल 1000 से 2000 ही पेंशन मिली है। पेंशन की इस विकृति के कारण ही कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। विपक्ष की कई पार्टियों भी अपने घोषणा पत्र में इसको शामिल कर चुकी हैं।

सरकार के पास भले ही पुरानी पेंशन चालू न करने का ठोस कारण हो, परंतु विपक्षी सरकारों का समर्थन और कर्मचारी संगठनों का लगातार आंदोलन ये साबित करता है कि कर्मचारी पुरानी पेंशन से कम पर मानने को तैयार नहीं है। कर्मचारी सरकार के अभिन्न अंग होते हैं। सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम सरकारी कर्मचारी ही करते हैं। आपातकाल की स्थिति में हमेशा सरकारी कर्मचारी ही ढाल बनकर खड़ा रहा है कोरोना काल में यह साबित भी हो चुका है। इसलिए सरकार को सहानुभूति पूर्वक कर्मचारी हित को ध्यान में रखकर फैसला लेना चाहिए।

## एक नजर

### व्यास जी के तहखाने के ऊपर टहलने से रोकने के मामले की सुनवाई 17 को

**वाराणसी।** जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने के ऊपर मुस्लिम समाज के लोगों के टहलने पर रोक लगाने और उसकी छत एवं खम्भों की मरम्मत करवाए जाने के हिंदू पक्ष के प्रार्थना पत्र पर अगली सुनवाई के लिए 17 अगस्त की तारीख मुकर्रर की है। जिला अदालत ने 31 जनवरी को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दिया था। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि नमाजी तहखाने की छत पर आकर टहलते हैं, जबकि पूजा स्थल के छत पर कोई टहले और नमाज पढ़े, यह ठीक नहीं है।'

### चित्रकूट: 4 वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बांदा।** चित्रकूट जिले में चार वर्षीय एक बच्ची से दुष्कर्म करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। चित्रकूट के एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि मऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक श्यामू (20) को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि घटना शुक्रवार शाम को उस समय हुई, जब बच्ची अकेले अपने घर के बाहर खेल रही थी कि तभी आरोपी उसे बहला-फुसलाकर घर के पीछे ले गया और कथित रूप से दुष्कर्म किया।

# बिना डीएनए टेस्ट के भाजपा का आरोप दुराग्रहपूर्ण माना जाएगा



## भदरसा गैंगरेप: सपा प्रमुख ने कहा- पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपये मुआवजा दे सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अयोध्या गैंगरेप मामला पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि जिन पर आरोप लग रहे हैं, उनका डीएनए टेस्ट कराया जाए। उन्होंने कहा कि बिना डीएनए टेस्ट के भाजपा का आरोप दुराग्रहपूर्ण माना जाएगा। कुकृत्य के मामले में जिन पर भी आरोप लगा है, उनका डीएनए टेस्ट कराकर इंसाफ का रास्ता निकाला जाए न कि केवल आरोप लगाकर सियासत की जाए। जो भी दोषी हों, उन्हें कानून के हिसाब से पूरी सजा दी जाए।

सपा प्रमुख ने कहा कि अगर डीएनए टेस्ट के बाद आरोप झूठे साबित हों तो सरकार के संलिप्त अधिकारियों को भी न बख्शा जाए। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा अयोध्या की हार पचा नहीं पा रही है। भाजपा ने अयोध्या में पिछले सात सालों में जो भ्रष्टाचार और जमीनों की लूट की है, अयोध्या व प्रदेश की जनता ने उसी की सजा दी है।

सपा प्रमुख ने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवार को तत्काल 20 लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून- व्यवस्था ध्वस्त है। हर दिन हत्या, लूट व दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। भाजपा सरकार घटनाओं को रोकने में विफल है। भाजपा सरकार असली अपराधियों को बचाती रही है। सत्ता के संरक्षण में भाजपा समर्थक भी तमाम अपराधों में संलिप्त पाये गए हैं।

### सपा बताए उसकी सरकार में कितने कराए गए डीएनए टेस्ट: मायावती



**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि समाजवादी पार्टी बताए कि उसकी सरकार में कितने आरोपियों के डीएनए टेस्ट कराए गए। अयोध्या दुष्कर्म प्रकरण पर 'एक्स' के जरिये उन्होंने राज्य सरकार की ओर से की गई कारवाई को उचित ठहराया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था में खासकर महिला सुरक्षा व उत्पीड़न आदि को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अयोध्या व लखनऊ आदि घटनाएं अति दुखद व चिंतित करने वाली हैं।

### पीड़िता का हाल जानने अस्पताल पहुंचे मंत्री संजय निषाद रो पड़े



**अयोध्या, अमृत विचार :** कृषि एवं जिले के प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही और मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद शनिवार को भदरसा गैंगरेप पीड़िता का हालचाल लेने जिला महिला चिकित्सालय पहुंचे। प्रभारी मंत्री शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उच्च अधिकारियों को अपराधियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया हैं। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद मुलाकात के बाद बाहर मीडिया कार्मियों से बात करते-करते फफक कर रो पड़े। कहा कि आरोपियों को फांसी पर लटकाने तक लड़ाई लड़ेंगे।

### घटना शर्मनाक, सपा पीड़ित परिवार के साथ



**अयोध्या :** सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने नई दिल्ली में एक चैनल से बातचीत के दौरान भदरसा गैंगरेप कांड को शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा है कि सपा पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने मुख्य आरोपी सपा नेता मो. मोईद खान के साथ अपनी वायरल फोटो पर सफाई देते हुए कहा कि राजनेताओं के पास सैकड़ों लोग आते हैं और फोटो खिंचवाते है, ऐसे में यह कोई बड़ी बात नहीं है। भाजपा इसमें राजनीति कर रही है। सपा सांसद ने कहा कि घटना में जो भी दोषी हो उस पर कानून के दायरे में रह कर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## मुख्यमंत्री ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज को दिए 55.43 करोड़

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपरीत परिस्थितियों में भी अथक परिश्रम के साथ मरीजों की सेवा करने के लिए डॉक्टरों की सराहना करने के साथ किसी भी हालत में धैर्य बनाए रखने की सीख दी है।

योगी गोरखपुर में शनिवार को बाबा राघव दास (बीआरडी) मेडिकल कॉलेज में 55.43 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने एमबीबीएस और पैरामेडिकल के 483 छात्रों को टैबलेट व स्मार्टफोन भी वितरित किए। कहा कि एक दौर वह भी था जब गोरखपुर मंडल में एकमात्र बीआरडी मेडिकल कॉलेज ही था। बस्ती, अयोध्या, आजमगढ़, देवीपाटन मंडल में एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं था, जबकि आज कुशीनगर, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बहराइच, अयोध्या, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी, आजमगढ़ आदि जिलों में मेडिकल कॉलेज बन गए हैं। महराजगंज, शामली और संभल में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज शुरू हो गए हैं, बलरामपुर और बलिया में भी मेडिकल कॉलेज बनने की प्रक्रिया आगे बढ़ी है।

## सार-संक्षेप

### जियोपार्क के लिए एमपी सरकार भी करेगी सहयोग

**सीतापुर (चित्रकूट), अमृत विचार :** मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जियोपार्क के लिए उप्र और मप्र की भाजपा सरकारें हर तरह का सहयोग करेंगी। वे शनिवार को जियोपार्क की संभावनाओं को टटोलने की मंशा से हुई तीन दिवसीय कार्यशाला के समापन समारोह में बोल रहे थे। कार्यशाला का उद्देश्य चित्रकूट को जियोपार्क के रूप में मान्यता प्राप्त कराने और इसके भूगर्भीय महत्व को उजागर करने के लिए जागरूकता फैलाना था। समापन अवसर पर विजयवर्गीय ने कहा कि भारत की संपदा का उपयोग कर सकें तो सैकड़ों जियोपार्क बन सकते हैं। चित्रकूट में जियोपार्क बनने से विश्व को न केवल क्षेत्र की भौगोलिक संपदा के बारे में जानकारी होगी बल्कि सतत् विकास शिक्षा और संरक्षण के माध्यम से चित्रकूट विश्व के मानचित्र पर आएगा।

### आर्थिक तंगी से परेशान दंपती ने होटल में की आत्महत्या

**लखनऊ, अमृत विचार :** नाका इलाके के पानदरीबा स्थित राजवीर इन होटल के कमरा नंबर 302 में शनिवार दोपहर को दंपति महबूब आलम अंसारी (44) और जेबा अंसारी (39) फंदे से लटके मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। सामने आया कि प्रयागराज के करेली के रहने वाले दंपती आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे। इसी कारण यह आत्मघाती कदम उठाया। एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह ने बताया कि प्रयागराज के करेली जीटीबी नगर निवासी महबूब आलम अंसारी अपनी पत्नी जेबा के साथ शुक्रवार शाम साढ़े 4 बजे होटल राजवीर इन पहुंचे। वहां कमरा नंबर 302 बुक कराया। एडीसीपी मध्य के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि शनिवार सुबह सफाई कर्मचारी कमरे के बाहर पहुंचा। उसने कई बार दस्तक दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस पर वह खिड़की से झांककर देखा तो दोनों फंदे से लटक रहे थे।

### बागपत में जीजा-साले की गोली मार कर हत्या

**बागपत, एजेंसी।** बागपत जिले के चांदीनगर थानाक्षेत्र में खैला-मंसूरपुर गांव के जंगल में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार दोनों के शव एक नलकूप के पास पड़े मिले। दोनों रिश्ते में जीजा-साले थे। बागपत के पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय ने शनिवार बताया कि खैला में पुलिस को दो अज्ञात शव मिले, जिन्हें गोली लगी थी। उनके अनुसार दोनों की शिनाख्त मसूरपुर गांव के कविन्द्र उर्फ बिट्टू (45) और गाजियाबाद के नवीपुर निवासी कुलदीप उर्फ गुल्लू (32) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आज शनिवार को परिजनों से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है तथा घटना के संबंध में एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी संजय कुमार का कहना है कि गाजियाबाद के मुरादनगर के नवीपुर का कुलदीप अपने जीजा कविंद्र के पास आया था।

## हाईकोर्ट कर्मी की पत्नी का दुपट्टा खींचने वाले वकील पर मुकदमा

संवाददाता, प्रयागराज

- चौकी इंचार्ज सस्पेंड, बार एसोसिएशन से कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट के गेट के सामने हाईकोर्ट कर्मचारी की पत्नी का दुपट्टा खींचने के मामले में आरोपी वकील के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं एसएसपी ने चौकी प्रभारी हाईकोर्ट को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड भी कर दिया है। इस मामले में हाईकोर्ट मिनिस्टीरियल ऑफिसर एसोसिएशन ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन को पत्र लिखकर आरोपी वकील के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बार के अध्यक्ष ने आरोपी को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब मांगा है।

शुक्रवार को हाईकोर्ट के गेट नंबर 8 पर एक अधिवक्ता जिसका नाम रामबहादुर गुप्ता बताया जा रहा है, उसने हाईकोर्ट कर्मी की स्कूटी सवार



पत्नी का बीच सड़क पर दुपट्टा खींच लिया था। इस दौरान मौजूद रहे अन्य अधिवक्ताओं ने दुपट्टा खींच रहे वकील को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह मारपीट पर उतारू हो गया। इस पूरी घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। शनिवार को इस घटना को लेकर हाईकोर्ट मिनिस्टीरियल ऑफिसर एसोसिएशन ने कड़ी नाराजगी जताई है। कहा कि वकील ने महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाया है।

## दो आईएएस व पांच पीसीएस के तबादले

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में दो आईएएस और पांच पीसीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। शासन ने शुक्रवार देर रात 2018 बैच के आईएएस विनोद कुमार को नगर आयुक्त अलीगढ़ बनाया गया है। वह अभी तक विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग के पद पर तैनात थे। इसी तरह आईएएस अमित आसेरी को विशेष सचिव लोकनिर्माण विभाग नियुक्त किया गया है। वह अभी तक नगर आयुक्त अलीगढ़ के पद पर तैनात थे। वहीं, शनिवार को संगीता पांडेय को उपजिलाधिकारी लखनऊ की जिम्मेदारी मिली है, जबकि विपिन कुमार उपजिलाधिकारी एटा बनाए गए हैं। बरेली में सीओ रहीं डॉ. दीपशिखा अहिबरन सिंह का तबादला पीएसी 30वीं वाहिनी गोंडा कर दिया गया है। डॉ. दीपशिखा पर अवैध रूप से वसूली का आरोप था, जिसकी जांच में आरोप सत्य पाया गया था।

## तलाक के बाद अब निकाह आसान बनाने उतरा पर्सनल लॉ बोर्ड

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- देशभर के उलेमा, बुद्धिजीवियों को साथ लेकर छेड़ेंगे अभियान

**अमृत विचार :** मुसलमानों में दहेज की मांग बढ़ती जा रही है, जिससे गरीब परिवार की बेटियों का निकाह नहीं हो पा रहा है। ऐसे में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सोमवार से देशभर में निकाह को आसान बनाने का अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इसकी शुरुआत सोमवार को तेलंगाना से होगी।

इस अभियान को आसान मसनून निकाह मुहिम नाम दिया गया है। सोमवार को पहला अधिवेशन मदीना एजुकेशन सेंटर, नामपल्ली, पब्लिक गार्डन हैदराबाद में रखा गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी होंगे। विशिष्ट बोर्ड के संस्थापक सदस्य डॉ. अब्दुल कदीर होंगे, जबकि अन्य मेहमानों में मौलाना शाह जमाल उल रहमान मिफ्ताही, डॉ. खलील मुबश्शिर, मौलाना आसिफ ओमरी होंगे। इस प्रोग्राम में तंजीम निसवां कुल हिंद की महामंत्री डॉ. जौहर जहां निकाह आसान बनाने पर अपने विचार रखेंगी। बोर्ड की सचिव फौजिया बेगम को भी बुलाया गया है। इस संबंध में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मोहम्मद सुलेमान का कहना है कि देशभर में अभियान चलाकर दहेज रूपी इस बीमारी को खत्म करना होगा। अन्यथा आगे चलकर ये कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का रूप ले लेगा।

## रोजगार मेलों में मिलीं 64, 589 को नौकरियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 21.60 लाख युवाओं को पीएमकेवीवाई के तहत मिले प्रशिक्षण ने भी खोले रोजगार द्वार

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने 205 रोजगार मेले आयोजित करके 64 हजार 589 उम्मीदवारों का चयन सुनिश्चित किया है। रोजगार से जोड़ने के लिए नौ साल पहले शुरू हुई प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) से अब तक 21 लाख से ज्यादा युवाओं को दक्ष बनाया गया है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उधमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में युवाओं के कौशल को निखारने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना भी इसका एक हिस्सा है। इस योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश में 21.60 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें 16.87 लाख को प्रमाण पत्र भी मिल चुका है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयासों से अब तक 205 रोजगार मेले आयोजित किए गए हैं, जिनमें 64,589 उम्मीदवारों का चयन सुनिश्चित हुआ है। प्रदेश में इस योजना के कार्यान्वयन के लिए कुल 179.91 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की जा चुकी है।

## वर्ग पहेली-151

**बाएं से दाएं**

1. ऐसा व्यक्ति या स्थिति जिसका अत्यधिक पतन हुआ हो।

3. दाहिने पैर का पंजा बांए पिंडली की नीचे और बांए पैर का पंजा दाहिने पिंडली के नीचे दबाकर बैठने का एक आसन या मुद्रा, पालथी।

4. 1. भय, डर 2. किसी प्रिय के वियोग में होने वाला दुख 3. पत्थर काटने की टांकी, छेनी 4. पहनने का वस्त्र।

7. संवाददाता, समाचार दाता, विभिन्न क्षेत्रों और गतिविधियों की सूचनाएं इकट्ठी कर समाचार भेजने वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. अनुदेश या निर्देश देने वाला 2. सीख देने वाला 2. कार्य विधि को समझाने वाला, इशारा करने वाला।

2. 1. 'पड़-पड़' शब्द उत्पन्न करना 2. 'पड़-पड़' शब्द होना।

4. 1. सजावट 2. समास बहुल वाक्य 3. बहुरुपिया 4. पेड़ का धड़ या तना 5. बाज़ीगर।

5. वह घाट जहां नावें बांधी जाती हैं।

6. 1. दूध देने वाली एक चौपाया जानवर, महिषी 2. एक प्रकार की मछली 3. एक प्रकार की घास।





### वर्ग पहेली -150 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 औ | | 2 प |
| | 3 अ | घो | ष | | रं |
| 4 लो | | | धो | | प |
| ट | | | प | | रा |
| ना | | 5 सं | चा | य | क |
| | 6 ती | त | र | | |
| | | री | | 7 ले | स |

## सुडोकू -64

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 3 | | | | | 6 | |
| | 2 | | | | 4 | | | |
| 5 | | | 9 | | 6 | 8 | | |
| 4 | 5 | | | 2 | | | 8 | 1 |
| 6 | | 2 | | | | 9 | | 3 |
| 3 | 9 | | | 1 | | | 7 | 4 |
| | | 9 | 5 | | 8 | | | 2 |
| | | | 7 | | | | 3 | |
| | 7 | | | | | 1 | | 6 |

### सुडोकू -63 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 8 | 9 | 1 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 6 | 9 | 5 | 2 |
| 9 | 1 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 1 | 8 | 7 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 3 |

## अनुपूरक बजट में समाज कल्याण को मिले दो करोड़

**लखनऊ, अमृत विचार :** अनुपूरक बजट में समाज कल्याण विभाग को दो करोड़ रुपये मिले हैं। इसका इस्तेमाल छात्रावास और कोचिंग सेंटर के लिए फर्नीचर खरीदने में किया जाएगा। बजट की राशि मिलने के बाद जिलों में बांट दिया जाएगा।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 231 छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं, जबकि आठ कोचिंग सेंटर चल रहे हैं। कोचिंग सेंटरों का संचालन आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर और लखनऊ में हो रहा है। छात्रावासों में फर्नीचर काफी पुराना हो गया है। साथ ही कोचिंग सेंटरों में भी फर्नीचर बदले जाने की आवश्यकता है। विधानसभा सत्र के दौरान सरकार ने अनुपूरक बजट पास कराया था।

## सरकारी अस्पतालों में मिलेंगे ऑनकॉल डॉक्टर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में अब ऑनकॉल गायनोकॉलॉजिस्ट व एनेस्थेटिस्ट की सुविधा मरीजों को मिलेगी। इसके लिए लखनऊ को 3.42 लाख सहित सभी 75 जिलों को 1.41 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। यह जानकारी उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दी।

पाठक ने बताया कि उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक और महत्वपूर्ण कदम है। इससे मरीजों को और बेहतर उपचार मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिन जिला महिला अथवा संयुक्त चिकित्सालयों पर एक-एक ही गायनोकॉलॉजिस्ट एवं एनेस्थेटिस्ट तैनात है, वहां रात्रिकालीन आकस्मिक सिजेरियन प्रसव के लिए ऑनकॉल सुविधा उपलब्ध रहेगी। ऑनकॉल विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य इकाई छोड़ने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लाभार्थी के वाइटल स्टेबल हों। उन्हें उस समय संबंधित स्वास्थ्य इकाई पर उपस्थित चिकित्सक को फॉलोअप के लिए लाभार्थी की स्थिति से अवगत भी कराना होगा। उपमुख्यमंत्री पाठक ने बताया कि ऑनकॉल विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा इकाई छोड़ने के उपरांत प्रसूता के पोस्ट ऑपरेटिव केयर का दायित्व स्वास्थ्य इकाई पर तैनात चिकित्सा अधीक्षक का होगा। आवश्यकता पड़ने पर ऑनकॉल विशेषज्ञ चिकित्सक को फिर से बुलाया जा सकता है।

### दो से चार हजार तक मानदेय देगा स्वास्थ्य विभाग



उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रात: आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक ऑनकॉल विशेषज्ञ चिकित्सक एवं एनेस्थेटिस्ट को दो-दो हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। रात्रि आठ बजे से सुबह आठ बजे तक विजिट करने पर यह राशि चार हजार रुपये होगी। साथ ही एक हजार रुपये यात्रा भत्ता और प्रत्येक फॉलोअप विजिट के लिए 1500 रुपये देय होंगे। फॉलोअप विजिट का भत्ता एनेस्थेटिस्ट पर अनुमन्य नहीं होगा। ऑनकॉल विशेषज्ञ चिकित्सकों को सिजेरियन प्रसव के लिए धनराशि का भुगतान सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा मंत्रा एप्लीकेशन पर उपलब्ध डाटा के सत्यापन के बाद किया जाएगा।

- गायनोकॉलॉजिस्ट व एनेस्थेटिस्ट को बुलाया जाएगा

## चलती बस में चालक की दिल का दौरा पड़ने से मौत, यात्री सुरक्षित

**आगरा, एजेंसी।** ग्वालियर राजमार्ग पर एक चलती बस में चालक को दिल का दौरा पड़ गया। हालांकि उसने समय रहते बस को सड़क किनारे पर लगाकर यात्रियों की जान बचा ली। पुलिस के मुताबिक, चालक के सीने में तेज दर्द हुआ और उसे सांस लेने में परेशानी हुई, जिसके बाद उसने तुरंत बस को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। पुलिस ने बताया कि परिचालक या कोई यात्री कुछ समझ पाता, तब तक बस चालक बेहोश गया और उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना सैंया निरीक्षक उपेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चालक के परिजनों को जानकारी दे दी गई।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 अगस्त रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 16.42 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।

चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र- पुष्य 13.26 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** - आज मेहनत से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। मित्र आपसे नाराज हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें। घर के बड़े बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रेम संबंधों में गलतफहमियां न आने दें।

**वृष** - आज सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करें। सोशल मीडिया के माध्यम से शुभ सूचना मिल सकती है। भाई-बहनों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपके स्वाभिमान और आत्मबल में वृद्धि होगी। परिवार में अनुशासन बनाए रखें।

**मिथुन** - आज कार्यक्षेत्र में आय की दृष्टि से दिन संतोषजनक रहेगा। जीवनसाथी के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। पारिवारिक विवादों का निपटारा हो सकता है। आवश्यक कार्यों को दिन के पहले भाग में ही पूर्ण कर लेना हितकर होगा।

**कर्क** - आज वैवाहिक जीवन को लेकर थोड़ी परेशानियां रहेंगी। पैर और कमरदर्द की शिकायत हो सकती है। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपके काम समय पर पूरे हो जाएंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।

**सिंह** - आज लंबी दूरी का यात्रा करने से बचें। प्रेमी जन के ऊपर धन खर्च करेंगे। नशे से पूरी तरह दूरी बनाकर रखें। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। स्वास्थ्य में थोड़ी नरमी हो सकती है।

**कन्या** - आज का दिन खुशियों और उत्साह से भरपूर रहेगा। व्यापार में बिक्री बढ़ने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। अविवाहित लोगों को विवाह के अवसर मिल सकते हैं। मन में पुरानी स्मृतियां दोबारा ताजा होंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

**तुला** - आज दोस्तों के साथ पार्टी के लिए जा सकते हैं। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोग नए टूर की योजना बनाएंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज करने के लिए दिन बहुत शुभ है। आपकी सेहत थोड़ी प्रतिकूल हो सकती है। आप ऑफिस के बजाय घर में समय बिताना पसंद करेंगे।

**वृश्चिक** - आज धर्म-कर्म पर धन खर्च होगा। जॉब प्लेस पर सहकर्मियों से मतभेद उभर सकते हैं। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश को लेकर योजना बनाएंगे। दिखावे के चक्कर में आप थोड़ी गलतियां करेंगे। रुका हुआ धन मिलने में कठिनाई होगी।

**धनु** - आज मित्रों के व्यवहार से आपको दुख हो सकता है। व्यवसाय में आपकी अपेक्षा के अनुसार बिक्री न होने से मन अप्रसन्न हो सकता है। उधार लिया हुआ धन मिलने में कठिनाई होगी। अपना खानपान संतुलित रखें। महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं।

**मकर** - आज व्यापार में साझेदारी करने के लिए दिन शुभ है। आपकी दिनचर्या थोड़ी व्यस्त रहेगी। आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसाय से धन लाभ होगा। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। छात्र पढ़ाई में काफी रुचि लेंगे।

**कुंभ** - आज परिजनों के साथ नोंक-झोंक हो सकती है। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी परेशानियां हो सकती हैं। व्यवसाय में नए विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। काम का दबाव बढ़ेगा। शुगर के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या होगी।

**मीन** - आज नई स्किल सीखने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में बिक्री बढ़ने के योग बन रहे हैं। सरकारी कार्यों के लिए दिन बहुत शुभ है। घरेलू कलह का निवारण होगा। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरपूर रहेगा। आपकी बातों से लोग आकर्षित रहेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
संसार
सुबह : 10.29
मैं तेरा दुश्मन
रात : 07.00

&pictures
केदारनाथ
सुबह : 11.33
मिशन मजनू
रात : 08.00

SONY PIX
लाइफ
दोपहर : 01.01
जॉन विक : चैप्टर 3
रात : 09.00

ZEE CINEMA
हम साथ साथ हैं
सुबह : 11.28
मिशन रानीगंज
रात : 08.30

colors CINEPLEX
बॉस
सुबह : 11.22
ब्लैक आउट
रात : 07.59

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- लड़कों का कॉमनसेंस बिल्कुल जीरो होता है।
पति- कैसे?
बीवी- अब देखो न जेंटस टॉयलेट में लिख कर आएंगे शालू आई लव यू। अब क्या शालू वहां पढ़ने जाएगी?

पत्नी- तुम मुझे कितना प्यार करते हो?
पति-72 फीसदी मेरी जान।
पत्नी -100 फीसदी क्यों नहीं करते हो?
पति- पगली, लग्जरी चीजों पर 28 फीसदी जीएसटी भी तो लगता है न...

# वायनाड में जिंदगियां बचाने की जद्दोजहद जारी

## चार दिन बाद बचाए 4 आदिवासी, 3 बच्चे व पिता शामिल, जंगल में फंसे आदिवासी परिवार के लिए फरिश्ते बनकर पहुंचे वन अधिकारी

वायनाड, एजेंसी

वायनाड में हुए विनाशकारी भूस्खलन के बीच, जंगल में फंसे 3 बच्चों सहित एक आदिवासी परिवार को वन अधिकारियों ने दिलेरी दिखाते हुए सुरक्षित निकाल लिया। कलपेट्टा रेंज के वन अधिकारी के हशीस के नेतृत्व में चार सदस्यीय दल गुरुवार को एक आदिवासी परिवार को बचाने के लिए जंगल के भीतर खतरनाक रास्तों पर निकल पड़ा।

वायनाड के पनिया समुदाय से ताल्लुक रखने वाला यह परिवार पहाड़ी पर स्थित एक गुफा में फंस गया था, जिससे लगी एक गहरी खाई थी। परिवार में एक से चार वर्ष आयु के चार बच्चे भी थे। वन अधिकारियों के दल को गुफा तक पहुंचने में साढ़े चार घंटे से अधिक समय लग गया। हशीस ने शुक्रवार को बताया कि एक महिला और चार साल का बच्चा वन क्षेत्र के निकट मिला। उनसे पूछताछ करने पर पता चला कि तीन और बच्चे और उनका पिता एक गुफा में फंसे हुए हैं और उनके पास खाने के लिए कुछ नहीं है। हशीस ने बताया कि परिवार जनजातीय समुदाय के एक विशेष वर्ग से ताल्लुक रखता है, जो आमतौर पर बाहरी लोगों से घुलना-मिलना पसंद नहीं करता।



भूस्खलन के बाद बचाव कार्य के तहत युवक को सुरक्षित निकाल कर ले जाते सेना के जवान।

### मृतकों से संख्या 218, अब भी 206 लापता

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शनिवार को कहा कि वायनाड में तलाश और बचाव अभियान अंतिम चरण में है, लेकिन 206 लोग अब भी लापता हैं। चलियार नदी से बरामद शवों और मानव अंगों की पहचान करने में समस्या है। भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों से अब तक 215 लोगों के शव बरामद हुए हैं, जिनमें 87 महिलाएं, 98 पुरुष और 30 बच्चे हैं। अब तक 148 शव सौंपे जा चुके हैं। अस्पतालों में 81 लोग भर्ती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 67 शवों की पहचान नहीं हो पाई है और पंचायतें उनका अंतिम संस्कार करेंगी। विजयन ने बताया कि सुरक्षित क्षेत्र की पहचान कर टाउनशिप का निर्माण होगा। अभियान में अग्निशमन बल, एनडीआरएफ, वन विभाग, पुलिस, भारतीय सेना और स्वयंसेवियों के 1,419 कर्मी लगे हैं।

### पीड़ितों को बीमा कंपनियां जल्द दें दावा राशि : वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) सहित सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों से वायनाड और केरल के अन्य जिलों में भूस्खलन पीड़ितों तथा उनके परिवारों को दावा राशि का शीघ्र वितरण करने को कहा। वित्त मंत्रालय ने कहा कि बीमा कंपनियों ने वायनाड, पलक्कड़, कोझीकोड, मलप्पुरम और त्रिशूर जिलों में सहायता के लिए संपर्क विवरण देने को विभिन्न चैनलों (स्थानीय समाचार पत्र, सोशल मीडिया, कंपनी की वेबसाइट, एसएमएस, आदि) के जरिए अपने पॉलिसीधारकों तक पहुंचने के प्रयास शुरू किए हैं। इन जिलों में बड़ी संख्या में दावे दर्ज किए जा रहे हैं।

# अमीरों का पलायन सरकार की कर नीतियों का परिणाम : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी



- जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा, बोले- आंकड़ों के मुताबिक़ 2023 में 2.16 लाख भारतीयों ने छोड़ी नागरिकता

कांग्रेस ने अमीर भारतीयों के नागरिकता छोड़ने से जुड़े आंकड़े का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि यह पलायन सरकार की अपारदर्शी कर नीतियों और मनमाने कर प्रशासन का परिणाम हो सकता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने राज्यसभा में विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह द्वारा आप सांसद राघव चड्ढा के प्रश्न पर दिए लिखित उत्तर का हवाला देते हुए सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि राज्यसभा में सरकार के दिए आंकड़ों के मुताबिक़ 2023 में 2.16 लाख भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी है, जो 2011 में ऐसा करने वाले 1,23 लाख लोगों के आंकड़े से दोगुना है। नागरिकता छोड़ने वालों में से कई भारतीय अत्यधिक कुशल और शिक्षित हैं। घरेलू स्तर पर कुशल श्रम आपूर्ति की कमी के समय उनके देश छोड़ने से हमारी अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा। इस साल की शुरुआत में एक अग्रणी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट माइग्रेशन परामर्श कंपनी ने खुलासा किया था कि तीन वर्षों में 17,000 से अधिक करोड़पतियों (10 लाख डॉलर से अधिक वाले व्यक्तियों) ने भारत छोड़ा था। रमेश ने कहा कि ये लोग सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो रहे हैं और कुछ हो या ना हो, यह एक ऐसा आर्थिक उपहास है जो अगले कुछ वर्षों में हमारे कर राजस्व के आधार को गंभीर रूप से नुक़सान पहुंचाएगा।

## एक नजर

### अमृतसर में महिला एसएचओ पर हमला

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के वेरका थाने की प्रभारी अमनजोत कौर सोही पर शुक्रवार देर रात कुछ लोगों ने तलवारों से हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। मुंढाल गांव में दो पक्षों का झगड़ा सुलझाने पहुंची महिला थाना प्रभारी पर तलवारों और अन्य धारदार हथियारों से हमला किया गया है। उन्हें इलाज के लिये एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आयुक्त रणजीत सिंह ढिल्लों ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के लिये छापामारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि महिला थाना प्रभारी अमनजोत कौर को शुक्रवार की देर रात सूचना मिली थी कि मुंढाल गांव के पास दो गुटों में झगड़ा चल रहा है।

### दिल्ली दंगों में आगजनी व चोरी के आरोपों से छह बरी

**नई दिल्ली।** शहर की अदालत ने 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में भड़के सांप्रदायिक दंगों के दौरान हुई आगजनी, दंगा और चोरी के आरोपी छह लोगों को बरी कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला उनके खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे। आरोपों के अनुसार, उपरोक्त छह लोगों ने 25 फरवरी 2020 को शिव विहार में एक घर में लूटपाट, तोड़फोड़ और आगजनी की। बाद में एक क्लीनिक में आग लगाने की शिकायत को भी इस मामले के साथ जोड़ दिया गया। शुक्रवार को पारित आदेश में, अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ सबूत के तौर पर डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) पेश किया था।

# न्यायिक प्रक्रिया से तंग आकर लोग समझौता चाहते हैं: सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट के विशेष लोक अदालत सप्ताह पर बोले डीवाई चंद्रचूड़

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्र के रूप में लोक अदालतों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लोग अदालतों से इतने तंग आ गए हैं कि वे बस समझौता चाहते हैं। लोक अदालतें ऐसा मंच हैं जहां लंबित या मुकदमेबाजी से पहले के विवादों का निपटारा या सौहार्दपूर्ण ढंग से समझौता किया जाता है। स्वीकृत समझौते के विरुद्ध अपील दायर नहीं की जा सकती।

चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष लोक अदालत सप्ताह पर कहा कि लोग इतना परेशान हो जाते हैं अदालत के मामलों से कि वे कोई भी समझौता चाहते हैं। यह प्रक्रिया ही सजा है और हम सभी न्यायाधीशों के लिए चिंता का विषय है। सीजेआई ने कहा कि उन्हें हर स्तर पर लोक अदालत के आयोजन पर समर्थन और सहयोग मिला। जब लोक अदालत के लिए पैनल गठित किए थे तो यह सुनिश्चित किया गया था कि हर पैनल में दो न्यायाधीश और बार के दो सदस्य होंगे। चंद्रचूड़ ने कहा कि उन्हें सचमुच लगता है कि सुप्रीम कोर्ट भले ही दिल्ली में हो, लेकिन यह दिल्ली का नहीं भारत का है। चंद्रचूड़ ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य लोगों के घरों तक न्याय पहुंचाना और लोगों को यह सुनिश्चित करना है कि हम उनके जीवन में निरंतर मौजूद हैं।

### वकील का आग्रह, हाईकोर्ट में हरित पीठ करें गठित

**नई दिल्ली।** एक वकील ने शनिवार को प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर उनसे पर्यावरण से संबंधित मामलों के प्रभावी निर्णय के लिए सभी हाईकोर्ट में हरित पीठ गठित करने का आग्रह किया। अधिवक्ता एवं पर्यावरण कार्यकर्ता आकाश वशिष्ठ ने कहा कि देश अभूतपूर्व जलवायु आपदाओं का सामना कर रहा है और बड़े पैमाने पर पारिस्थितिक हमलों का सामना कर रहा है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण विवादों के निपटारे के लिए प्रभावी और कारगर मंच के रूप में विकसित हुआ है, लेकिन राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 की अंतर्निहित सीमाएं पर्यावरण न्याय की मांग करने में नागरिकों के लिए बड़ी बाधाएं रही हैं। पत्र में वकील ने कहा कि हर हाईकोर्ट में पर्यावरण, पारिस्थितिकी और जलवायु परिवर्तन के मुद्दों के स्थायी, समर्पित और मजबूत समाधान के लिए तंत्र स्थापित करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

# भाजपा सत्ता जिहाद में लिप्त : उद्धव

पुणे, एजेंसी



- ठाकरे ने शाह पर अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली के राजनीतिक वंशज होने का लगाया आरोप

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर सरकार बनाने के लिए राजनीतिक दलों को तोड़कर सत्ता जिहाद में लिप्त होने का आरोप लगाया। अमित शाह के ठाकरे पर औरंगजेब फैन क्लब का प्रमुख होने की टिप्पणी का जवाब दिया।

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने शाह पर पानीपत की लड़ाई में मराठों को हराने वाले अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली के राजनीतिक वंशज होने का भी आरोप लगाया। ठाकरे ने शिवसेना और राकांपा में विभाजन का हवाला देते हुए भाजपा पर पार्टियों को तोड़ने का आरोप लगाया। पुणे में कार्यकर्ताओं से ठाकरे ने कहा कि अगर मुसलमान हमारे साथ हैं और हम उन्हें अपना हिंदुत्व समझाते हैं, तो हम (भाजपा के अनुसार) औरंगजेब फैन क्लब हैं और आप जो कर रहे हैं वह सत्ता जिहाद है। उन्होंने मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना को लेकर राज्य सरकार पर मतदाताओं को रिश्वत देने का आरोप लगाया।

### उद्धव औरंगजेब फैन क्लब के सदस्य : फडणवीस

**नागपुर।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि गृहमंत्री के खिलाफ उद्धव ठाकरे की टिप्पणी ने औरंगजेब फैन क्लब के सदस्य के रूप में साख स्थापित कर दी है। फडणवीस ने कहा, शाह ने औरंगजेब फैन क्लब के बारे में बात की थी। उद्धव ठाकरे ने आज साबित कर दिया।

# अदालत ने बेसमेंट के सह-मालिकों की याचिका का किया निपटारा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की अदालत ने शनिवार को उस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट के चार सह-मालिकों की जमानत याचिका का निपटारा किया, जहां पिछले महीने सिविल सेवा की परीक्षा की तैयारी करने वाले तीन विद्यार्थियों की डूबने से मौत हो गई थी। अदालत ने अभियोजन पक्ष की इस दलील पर गौर किया कि इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने राजेंद्र नगर स्थित कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन विद्यार्थियों की मौत की जांच शुक्रवार को दिल्ली पुलिस से सीबीआई को सौंप दी। मजिस्ट्रेट अदालत ने बेसमेंट के सह मालिक परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह को जामनत देने से मना कर दिया था, जिसके बाद वह दिल्ली की अन्य अदालत पहुंचे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार ने सह-मालिकों को उपयुक्त या सीबीआई अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर करने की छूट दी। सह-मालिकों के वकील ने कहा कि अदालत के आदेश पर हम आज सीबीआई अदालत के समक्ष नयी जमानत याचिका दायर करेंगे।

### कोचिंग सेंटर मौत मामला

- चार सह-मालिक आज सीबीआई अदालत के समक्ष दायर करेंगे नई जमानत याचिका

# आप का प्रदर्शन, उपराज्यपाल से मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्वी दिल्ली में नाले में गिरकर एक महिला और उसके बच्चे की मौत के मामले में आप नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को राज निवास के निकट प्रदर्शन किया और उपराज्यपाल वीके सक्सेना के इस्तीफे की मांग की। पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके की खोड़ा कॉलोनी में बुधवार शाम को 22 वर्षीय महिला तनुजा और उसके तीन वर्षीय पुत्र प्रियांश की नाले में गिरकर मौत हो गई थी।

आप ने दावा किया है कि नाला दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकार क्षेत्र में आता है जिसके अध्यक्ष उपराज्यपाल हैं। वहीं, राज निवास ने कहा है कि नाले का वह हिस्सा जिसमें महिला और बच्चों की गिरने से मौत हो गई, आप के नेतृत्व वाले दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में आता है। आप विधायक कुलदीप कुमार ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि महिला और उसका बेटा जिस नाले में डूब गए, वह डीडीए के अंतर्गत आता है। यह दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या थी और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर हत्या का आरोप लगाया जाना चाहिए।

### नाले में गिरकर हुई मौत का मामला





नाले में गिरने से महिला और उसके बेटे की मौत पर उपराज्यपाल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता।

# मणिपुर में समझौते के बाद फिर उपद्रव, फायरिंग व आगजनी

**इंफाल।** मणिपुर के जिरीबाम में शांति बहाल करने के प्रयासों के लिए मेइती और हमार समुदायों के बीच समझौता होने के एक दिन बाद ही तनाव पैदा करने वाली घटना सामने आई हैं। गोलीबारी करने के साथ खाली पड़े घर को आग लगा दी गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि लालपानी गांव में खाली घर को शुक्रवार रात हथियारबंदों ने आग लगा दिया। यह घटना बिल्कुल ही अलग बस्ती में हुई जहां मेइती समुदाय के कुछ लोगों के घर हैं। हिंसा भड़कने के बाद से इनमें से अधिकतर घर खाली हैं। हथियारबंद लोगों ने बस्ती को निशाना बनाकर गोलियां भी चलाईं। घटना के बाद सुरक्षाबलों को इलाके में भेजा गया। वहीं दस कुकी-जो विधायकों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर उनसे जातीय हिंसा से प्रभावित राज्य में संवेदनशील क्षेत्रों में असम राइफल्स को ही तैनात रखने और उसे सीआरपीएफ से नहीं बदलने को लेकर हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।

## कारोबार/कृषि

### बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2060, राज श्री 1380, फ़ॉर्चून कि. 1715, रविन्द्रा 1940, फॉर्चुन ली. 1565, जय जवान 1495, सचिन 1510, सूरज 1520, अवसर 1645, राग गोल्ड 1600, गृहणी ली 1410, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1590, चक्र टिन 1875, ब्लू 1630, आशीर्वाद मस्टर्ड 1880, स्वास्तिक 2030 । किराना-( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19200, जीरा 32500, लाल मिर्च 19500-25000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल-( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10700, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 7750, दाल चना 8350, लाल हिंदुस्तान 8450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8400, डबरा 9800-11200, सच्चा हीरा 12400, मोटा हीरा 14000, अरहर गोला मोटा 14800, अरहर पटका मोटा 15000, अरहर कोरा मोटा 15400, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16700 । चीनी- डालमियां 4120, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी 4100 ।

### सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72500 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71500 |
| सिल्वर ( पक्की) | 840 (अनुमानित) |

# बीएसएनएल के ग्राहकों की संख्या बढ़ी

## घरेलू 4जी नेटवर्क तैयार, 5जी में बदलने का चल रहा काम : केंद्रीय दूरसंचार मंत्री

ग्वालियर (मध्य प्रदेश), एजेंसी

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को कहा कि सरकारी कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के ग्राहकों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी का घरेलू 4जी नेटवर्क भी तैयार है और इसे 5जी में बदलने का काम चल रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशी तकनीक वाला 4जी नेटवर्क तैयार है और कुछ महीनों में बीएसएनएल के माध्यम से इसकी सेवाएं पूरे देश में उपलब्ध होंगी। सिंधिया ने कहा, कई लोगों ने पूछा था कि जब जियो, एयरटेल और वोडाफोन ने 4जी नेटवर्क शुरू किया तो बीएसएनएल ने क्यों नहीं? यह प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प था कि अगर हमें सरकारी कंपनी का नेटवर्क विकसित करना है तो हम चीन या किसी अन्य विदेशी देश के उपकरणों का उपयोग नहीं करेंगे।



- आत्मनिर्भर भारत के तहत देश खुद का 4जी स्टैक, कोर सिस्टम या टावर विकसित करेगा : सिंधिया

उन्होंने कहा कि यह निर्णय लिया गया कि स्वदेशी तकनीक विकसित की जाएगी। सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत संकल्प लिया है कि भारत अपना खुद का 4जी स्टैक, कोर सिस्टम या टावर विकसित करेगा जिसे रेडिएशन एक्सेस नेटवर्क (आरएएन) कहा जाता है। भारत अपनी तकनीक विकसित करेगा और देशवासियों को 4जी नेटवर्क देगा और इसमें हमें डेढ़ साल लग गए। भारत अपनी स्वदेशी तकनीक रखने वाला पांचवां देश बन गया है। टावर लगाने का काम चल रहा है। तेजस नेटवर्क, सी-डॉट और टीसीएस जैसी भारतीय कंपनियां काम कर रही हैं और बीएसएनएल इसे लागू कर रहा है।

### अक्टूबर के अंत तक 80,000 टावर लगा देंगे

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अक्टूबर के अंत तक 80,000 टावर और बाकी 21,000 अगले साल मार्च तक लगा देंगे। मार्च, 2025 तक 4जी नेटवर्क के एक लाख टावर लग जाएंगे। इससे तेजी से डाउनलोड करने और टेलीविजन देखने में मदद मिलेगी। हम इस 4जी कोर पर 5जी का उपयोग कर सकते हैं। हमें 5जी सेवाओं के लिए टावरों में कुछ बदलाव करने होंगे। कई ग्राहक निजी सेवा प्रदाताओं से बीएसएनएल में जा रहे हैं। हमने उन्हें आश्वासन दिया है कि हमारी सेवा तेज होगी।

# आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते पर पांचवीं बैठक संपन्न

**नई दिल्ली।** आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा के लिए पांचवीं संयुक्त समिति और इससे संबंधित बैठकें 29 जुलाई से पहली अगस्त जकार्ता में आसियान सचिवालय में सम्पन्न हुईं। भारत के वैश्विक व्यापार में 11% हिस्सेदारी के साथ आसियान भारत का एक महत्वपूर्ण व्यापार भागीदार है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि एआईटीआईजीए संयुक्त समिति की बैठक में व्यापार की वस्तुओं के साथ समानता के व्यवहार और बाजार में प्रवेश, विनिर्माण स्थल के नियम, मानक, तकनीकी विनियमन एवं अनुरूपता मूल्यांकन, प्राणी एवं पादप स्वास्थ्य, कानूनी और संस्थागत मुद्दे, सीमा शुल्क और सुविधा, सुधार और आर्थिक एवं तकनीकी सहयोग से संबंधित आठ उप-समितियों ने संयुक्त समिति को रिपोर्ट दी।

# देश में विकास रणनीति का मुख्य केंद्र बिंदु कृषि: नीति आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी



- कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें आईसीएई में चंद ने कहा- विश्व बैंक के अनुसार भारत ने 10 वर्षों में कृषि जीडीपी में अधिक वृद्धि दर की

भारत में कृषि विकास रणनीति का एक प्रमुख केंद्र बिंदु रहा है और देश ने 2016-17 से 2022-23 तक के सात वर्षों के दौरान कृषि क्षेत्र में पांच प्रतिशत की उच्चतम वृद्धि दर हासिल की है। नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने शनिवार को यह बात कही।

कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) में चंद ने कहा कि विश्व बैंक के अनुसार भारत ने 10 वर्षों में दुनिया में कृषि जीडीपी में सबसे अधिक वृद्धि दर हासिल की है। भारत में कृषि विकास रणनीति का प्रमुख क्षेत्र रहा है और देश ने 2016-17 से 2022-23 तक की सात वर्ष की अवधि के दौरान ऐतिहासिक रूप से पांच प्रतिशत की उच्चतम वृद्धि दर हासिल की है।

कृषि अर्थशास्त्री ने बताया कि वैश्विक जीडीपी में कृषि का हिस्सा 2006 में 3.2% से बढ़कर हाल के वर्षों में 4.3% हो गया है। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों में कृषि वृद्धि ने कई देशों को आर्थिक पतन से बचाया है। कृषि से श्रम शक्ति को बाहर निकालने में उद्योग के खराब प्रयासों के कारण, बड़े कार्यबल के लिए लाभकारी रोजगार का दायित्व अभी भी कृषि पर बना हुआ है। कृषि में हाल की उपलब्धियां और अवसर भारत और विश्व के भविष्य के विकास में कृषि की और भी बड़ी भूमिका की ओर इशारा कर रहे हैं। चंद ने कहा कि इन सभी चुनौतियों के कारण आर्थिक और मानव विकास में कृषि की भूमिका को नए सिरे से समझना तथा सभी स्तरों पर कृषि पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करना आवश्यक हो गया है।

# असम में स्थापित होगा 27,000 करोड़ रुपये का सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र

जागीरोड (असम), एजेंसी

- जागीरोड में सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र का भूमि पूजन हुआ, मुख्यमंत्री सरमा ने मोदी, टाटा को धन्यवाद दिया

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और टाटा संस लिमिटेड के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शनिवार को मोरीगांव जिले के जागीरोड में 27,000 करोड़ रुपये के सेमीकंडक्टर निर्माण और परीक्षण संयंत्र का भूमि पूजन किया। जागीरोड में टाटा सेमीकंडक्टर संयंत्र, भारत का पहला स्वदेशी सेमीकंडक्टर निर्माण और परीक्षण संयंत्र है। मुख्यमंत्री ने सेमीकंडक्टर संयंत्र के 3-डी मॉडल का अनावरण किया गया।

सरमा ने कहा कि यह असम के लोगों के लिए 'स्वर्णिम दिन' है और उन्होंने इस संयंत्र के लिए प्रधानमंत्री मोदी और टाटा संस लिमिटेड को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने टाटा संस लिमिटेड के चेयरमैन को आश्वासन दिया कि कंपनी को इस संयंत्र की स्थापना में कोई कठिनाई नहीं होगी और असम के लोग इसके लिए हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव की पहल के कारण यह संयंत्र असम में आ सका। सरमा ने कहा कि अगर टाटा एक कदम आगे बढ़ने को तैयार है, तो केंद्र असम में संयंत्र की स्थापना सुनिश्चित करने के लिए दो कदम आगे बढ़ेगा।

# एसबीआई का लाभ 17,035 करोड़ रुपये पर स्थिर

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का एकल आधार पर शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के लिए 17,035 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 16,884 करोड़ रहा है। एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी जून में बढ़कर 1,22,688 करोड़ हुई है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,08,039 करोड़ थी। बैंक की ब्याज से आमदनी 1,11,526 करोड़ हुई है, जो बीते वर्ष में 95,975 करोड़ रुपये थी।

# आत्मनिर्भर से अकुशल आयात प्रतिस्थापन को नहीं मिलना चाहिए बढ़ावा : रंगराजन

हैदराबाद, एजेंसी



- आरबीआई के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन बोले- रूस-यूक्रेन युद्ध से कई देशों ने आत्मनिर्भरता पर सोचना किया शुरू

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने शनिवार को कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति में व्यवधान के कारण कई देशों ने 'महत्वपूर्ण आयात' के संबंध में आत्मनिर्भर होने के बारे में सोचना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि 'आत्मनिर्भर' पर जोर से अकुशल 'आयात प्रतिस्थापन' को बढ़ावा न मिले। सरल शब्दों में आयात प्रतिस्थापन का अर्थ आयातित वस्तुओं को घरेलू उत्पादों से बदलना है।

उन्होंने आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की वृद्धि रणनीति बहुआयामी होनी चाहिए। रंगराजन ने कहा कि निवेश दर बढ़ाकर, कृषि, विनिर्माण और सेवाओं पर जोर देकर, नई तकनीकों को आत्मसात करके और रोजगार के अनुकूल क्षेत्रों के मिश्रण को बढ़ावा देकर वृद्धि को प्रोत्साहित किया जा सकता है।

### बेरोजगारी बढ़ना निश्चित रूप से चिंता का विषय

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व चेयरमैन ने कहा कि बेरोजगारी बढ़ना निश्चित रूप से चिंता का विषय है, लेकिन नई प्रौद्योगिकियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और वृद्धि के बिना रोजगार सृजन भी उतना ही बुरा है। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में सबसे कठिन चुनौती होने जा रहा है। उनके अनुसार हालांकि भारत को अपनी उपलब्धियों को कमतर आंकने की जरूरत नहीं है, और उच्च शिक्षा को मजबूत करना चाहिए।





# पेरिस ओलंपिक 2024




## आज भारत के मुकाबले

- **निशानेबाजी :** 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल पुरूष क्वालीफिकेशन पहला चरण : विजयवीर सिद्धू और अनीश : दोपहर 12.30 से। 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल पुरूष क्वालीफिकेशन दूसरा चरण : विजयवीर सिद्धू और अनीश : शाम 4.30 से।
- **महिला स्कीट क्लालीफिकेशन दूसरा दिन :** रेजा ढिल्लों और महेश्वरी चौहान : दोपहर 1.00 से
- **गोल्फ :** पुरुष व्यक्तिगत स्ट्रोकप्ले : चौथा दौर शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर : दोपहर 12.30 से
- **हॉकी :** भारत बनाम ब्रिटेन पुरूष हॉकी क्वार्टर फाइनल : दोपहर 1.30 से
- **एथलेटिक्स :** महिला 3000 मीटर स्टीपलचेस पहला दौर : पारूल चौधरी : 1.35 से
- **पुरूष लंबी कूद क्वालीफिकेशन :** जेस्विन एल्ड्रिन : 2.30 से
- **मुक्केबाजी :** महिला 75 किलो क्वार्टर फाइनल : लवलीना बोरगोहेन बनाम चीन की लि कियान : दोपहर 3.02 से
- **बैडमिंटन :** पुरूष एकल सेमीफाइनल लक्ष्य सेन बनाम विक्टर एक्सेलसन (डेनमार्क) दोपहर 3.30 से
- **पाल नौकायन :** पुरूष डिंगी रेस सात और आठ : विष्णु सरवनन, दोपहर 3.35 से। महिला डिंगी रेस सात और आठ : नेत्रा कुमानन, शाम 6.05 से।

## खेल डायरी

### कांस्य जीतने के बाद टोरंटो टूर्नामेंट से हटीं स्वियातेक

**टोरंटो।** विश्व में नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में टोरंटो में खेले जाने वाले टेनिस टूर्नामेंट से हट गईं। स्वियातेक पहली खिलाड़ी नहीं है जिन्होंने नेशनल बैंक ओपन टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। उनसे पहले ग्रैंड स्लैम चैंपियन बारबोरा क्रेजिसिकोवा, एलेना रयबाकिना और मार्केटा वोंद्रोसोवा तथा जैस्मिन पाओलिनी, मारिया सकारी, डेनिएल कोलिन्स और कैरोलिन गार्सिया ने भी इस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। स्वियातेक अभी तक पांच ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुकी हैं। वह फ्रेंच ओपन में चार बार जबकि अमेरिकी ओपन में एक बार महिला एकल चैंपियन रही है।



### ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू और जॉन ने युगल में जीता स्वर्ण

**पेरिस।** मैथ्यू एबडेन और जॉन पीयर्स ने पुरुष युगल फाइनल में शनिवार को यहां ऑस्टिन क्रेजिसेक और राजीव राम की अमेरिका की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलिया को ओलंपिक खेलों के इतिहास में टेनिस का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। एबडेन और पीयर्स ने फाइनल में क्रेजिसेक और राजीव की जोड़ी को 6-7, 7-6, 10-8 से शिकस्त दी। ओलंपिक के युगल मुकाबलों में दो सेट के बाद मुकाबला बराबर रहने पर तीसरे सेट की जगह 10 अंक का टाइब्रेकर होता है। ऑस्ट्रेलिया को इससे पहले 1996 में अटलांटा ओलंपिक में टोड वुडब्रिज और मार्क वुडफोर्ड की जोड़ी ने पुरुष युगल में ही स्वर्ण पदक दिलाया था।

### नौकायन: विष्णु सरवनन 23वें स्थान पर खिसके

**पेरिस।** भारत के विष्णु सरवनन शनिवार को पेरिस 2024 ओलंपिक में पुरुषों की डिंगी इवेंट में रेस 5 में 21वें और रेस 6 में 13वें स्थान पर रहे। सभी नावें शुरुआती सीरीज में 10 रेस में हिस्सा लेंगी। सीरीज के बाद शीर्ष 10 नेट स्कोर वाली नौकाएं मेडल रेस में शामिल होंगी। रेस 6 के बाद, एशियन गेम्स के कांस्य पदक विजेता सरवनन 83 नेट स्कोर (कुल 117 अंक) के साथ 23वें स्थान पर हैं। वह कल अपने प्रदर्शन से एक स्थान नीचे खिसक गए हैं। रेस 7 और रेस 8 कल यानी चार अगस्त को आयोजित की जाएंगी।

### राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी का जल्द होगा उद्घाटन

**बेंगलुरू।** बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने शनिवार को कहा कि यहां जल्द ही एक नई राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) का उद्घाटन किया जाएगा और इसमें 45 अभ्यास पिचें तथा अन्य सुविधाओं के साथ एक ओलंपिक आकार का तरणताल होगा। शाह ने बताया कि बेंगलुरू में नए एनसीए में अत्याधुनिक प्रशिक्षण, उबरने और खेल विज्ञान सुविधाएं भी होंगी। नए एनसीए में तीन विश्व स्तरीय खेल मैदान, 45 अभ्यास पिचें, इनडोर क्रिकेट पिचें, ओलंपिक आकार का तरणताल और अत्याधुनिक प्रशिक्षण, उबरने और खेल विज्ञान सुविधाएं होंगी।



### महिला वॉल्ट स्पर्धा में बाइल्स ने जीता सातवां स्वर्ण

**पेरिस।** अमेरिका की स्टार जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स ने शनिवार को पेरिस खेलों में महिलाओं के वॉल्ट फाइनल में जीत हासिल करके अपना सातवां ओलंपिक स्वर्ण जीता। फाइनल में उपविजेता रहीं ब्राजील की रेबेका एंड्रेड ने रजत जीता। अमेरिका की जेड कैरी ने कांस्य हासिल किया। बाइल्स दो बार वॉल्ट जीतने वाली दूसरी महिला हैं।



## क्वार्टर फाइनल मैच में कोरियाई सुहयोन से पार न पा सकीं दीपिका

पेरिस, एजेंसी

- दक्षिण कोरिया की तीरंदाज नाम सुहयोन ने दीपिका कुमारी को 6-4 से हराया
- प्री-क्वार्टर फाइनल के 1/8 एलिमिनेशन राउंड में हार के साथ समाप्त हुआ भजन कौर का अभियान

भारत की स्टार महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी शनिवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला रिकर्व के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया की युवा तीरंदाज नाम सुहयोन से 6-4 से हार कर मुकाबले से बाहर हो गयीं। जबकि भजन कौर प्री क्वार्टर फाइनल में हार गईं जिससे ओलंपिक में तीरंदाजी पदक का भारत का 36 साल का इंतजार जारी रहा।

पूर्व विश्व नंबर एक दीपिका कुमारी को महिलाओं के व्यक्तिगत क्वार्टरफाइनल तीरंदाजी मैच में दक्षिण कोरिया की 19 साल की नाम सुहयोन ने 6-4 से हराया। सुहयोन आज इस प्रतियोगिता में तीसरी दक्षिण कोरियाई सेमीफाइनलिस्ट बन गईं, जबकि भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। तीन सेटों के बाद 4-2 की बढ़त के साथ, चार बार की ओलंपियन दीपिका अंतिम चार में जगह बनाने के लिए तैयार थीं। अंतिम सेट में नाम सुहयोन ने भारतीय तीरंदाज को 29-27 से मात देकर जीत हासिल की। इस परिणाम के साथ, पेरिस 2024 में भारत का तीरंदाजी अभियान भी समाप्त हो गया। इससे पहले दीपिका ने राउंड 16 तीरंदाजी मैच मे जर्मनी की मिशेल क्रोपेन को 6-4 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी थी।

उधर, भजन कौर का प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में हार के साथ अभियान समाप्त हो गया। इंडोनेशिया की डायनांडा चोइरुनिसा ने भजन कौर को 6-5 से हराया। चोइरुनिसा ने भजन कौर को महिला रिकर्व व्यक्तिगत 1/8 एलिमिनेशन राउंड में हराया।

## पहले स्वर्ण के लिए अल्कराज से भिड़ेंगे नोवाक जोकोविच

पेरिस, एजेंसी



पेरिस ओलंपिक 2024 में टेनिस के एकल मुकाबले में स्वर्ण पदक के लिये नोवाक जोकोविच अपने चिर प्रतिद्वंदी स्पेन के कार्लोस अल्कराज से भिड़ेंगे।

हाल ही संपन्न बिवंलडन का खिताबी मुकाबला भी इन्ही दो दिग्गजों के बीच हुआ था जिसमें जोकोविच को अल्कराज से हार का सामना करना पड़ा था। सार्बिया के 37 वर्षीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को इटली के लोरेंजो मुसेटी को 6-4, 6-2 से हराकर अपने पहले ओलंपिक फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला कार्लोस अलकराज के साथ होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच अपने पिछले तीन ओलंपिक एकल सेमीफाइनल हार गए थे। 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके जोकोविच अपने करियर में ओलंपिक खिताब से अब तक मरहूम रहे हैं। जोकोविच रविवार को स्वर्ण पदक के लिए स्पेन के अलकराज से भिड़ेंगे जबकि 11वीं वरीयता प्राप्त मुसेटी कांस्य पदक के लिए कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से भिड़ेंगे।

# पदकों की हैट्रिक लगाने से चूकीं मनु भाकर

**टूटा सपना:** 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य के लिए शूट ऑफ में पिछड़ीं

शेटराउ (फ्रांस), एजेंसी

ओलंपिक में पदकों की हैट्रिक लगाने का मनु भाकर का सपना शनिवार को यहां 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक के लिए हंगरी की खिलाड़ी से शूट ऑफ में पिछड़ने के बाद पूरा नहीं हो सका। आठ निशानेबाजों के करीबी फाइनल में मनु ने अपना सब कुछ झोंक दिया और कुछ समय के लिए शीर्ष स्थान पर भी रही लेकिन अपनी निरंतरता बरकरार नहीं रख सकीं।

इस 22 साल की खिलाड़ी ने हालांकि महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर दो कांस्य पदक जीत कर पहले ही इतिहास रच दिया है। वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय है। मनु पांच-पांच निशाने के 10 सीरीज के फाइनल में शुरुआती आठ सीरीज के बाद 28 अंक के साथ हंगरी की वेरोनिका मेजर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर थी। इसके बाद शूट ऑफ में मनु पांच में से तीन निशाना ही लगा सकी जबकि मेजर ने चार सटीक निशाने के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।



25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण जीतने वाली यांग, रजत विजेता फ्रांस की जेद्रजेजेव्स्की केमिली और कांस्य पदक पाने वालीं हंगरी की खिलाड़ियों ने ली सेल्फी। ● एजेंसी



मनु की शानदार लय को देखते हुए, उनके पदकों की हैट्रिक लगाने की उम्मीदें बहुत अधिक थीं। फाइनल की शुरुआत में छठे स्थान पर खिसकने के बाद भी वह वापसी करने में सफल रही। मनु की शुरुआत बेहद खराब रही वह शुरुआती सीरीज में पांच में से तीन निशाना चूक गईं। इसके बाद दो सीरीज में चार-चार निशाने के साथ उन्होंने वापसी की। चौथा सीरीज से एलिमिनेशन चरण शुरू हुआ। मनु सातवें चरण (एलिमिनेशन का चौथा चरण) में कुछ समय के लिए तालिका में शीर्ष पर पहुंची। दक्षिण कोरिया की जिन यांग ने तुरंत आठवें दौर में शीर्ष स्थान पर वापसी की जबकि दूसरे स्थान पर काबिज मनु तीन निशाना लगाने के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गईं।

वह शूटऑफ में अपनी लय जारी नहीं रख सकी और करीबी अंतर से कांस्य पदक से चूक कर जयदीप करमाकर, अभिनव बिंद्रा और अर्जुन बबूता जैसे निशानेबाजों की सूची में शामिल हो गईं। इस स्पर्धा का स्वर्ण यांग और रजत फ्रांस की जेद्रजेजेव्स्की केमिली ने जीता। दोनों निशानेबाज 10 सीरीज के बाद 37-37 अंक की बराबरी पर थे लेकिन शूटऑफ में यांग ने स्थानीय निशानेबाज को पछाड़ दिया। मनु प्रिसिजन में 294 और रैपिड में 296 अंक के साथ कुल 590 अंक जुटाकर क्वालीफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया था।

### एक ओलंपिक में दो मेडल जीतने वालीं पहली भारतीय

मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान दो मेडल के साथ खत्म किया। इसके साथ ही उन्होंने ओलंपिक इतिहास में सबसे कामयाब भारतीय खिलाड़ी के रूप में अपना नाम दर्ज करा लिया है। एकल मुकाबले मे मनु के अलावा कोई भी भारतीय एक ही ओलंपिक में दो मेडल नहीं जीत सका है। भारत की लाडली ने मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए पहला मेडल जीता था। उन्होंने 28 जुलाई को 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। मनु ने इसके बाद 30 जुलाई, मंगलवार को सरबजोत सिंह के साथ मिलकर मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। भारत ने पेरिस ओलंपिक में अब तक 3 मेडल जीते हैं। ये तीनों मेडल शूटिंग में आए हैं।



**25-25**

शॉट की तीन सीरीज में 71 अंक बनाकर पहले दिन के क्वालीफिकेशन के बाद फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई हैं महेश्वरी चौहान

## महेश्वरी महिला स्कीट फाइनल की दौड़ में, अनंतजीत पुरुष वर्ग में बाहर

पेरिस, एजेंसी

- महिला स्कीट स्पर्धा के क्वालीफिकेशन के पहले दिन आठवें स्थान पर चौहान
- 25-25 शॉट की पांच सीरीज में 24वें स्थान पर रहे अनंतजीत

भारतीय निशानेबाज महेश्वरी चौहान महिला स्कीट स्पर्धा के क्वालीफिकेशन के पहले दिन आठवें स्थान के साथ फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई हैं जबकि अनंतजीत सिंह नरूका लगातार दूसरे दिन खराब प्रदर्शन के बाद पुरुष स्कीट स्पर्धा से बाहर हो गए।

महेश्वरी 25-25 शॉट की तीन सीरीज में 23, 24 और 24 अंक से कुल 71 अंक बनाकर पहले दिन के क्वालीफिकेशन दौर के बाद आठवें पायदान पर हैं और शीर्ष छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई हैं। महेश्वरी ने पहली सीरीज में दो निशाने चूके लेकिन अगली दो सीरीज में सिर्फ एक-एक निशाना चूककर वापसी की। इस स्पर्धा में हिस्सा ले रही एक अन्य भारतीय रेजा ढिल्लों 21, 22 और 23 अंक से 66 अंक जुटाकर 29 निशानेबाजों के बीच 25वें स्थान पर चल रही हैं और उनकी फाइनल में जगह बनाने की संभावना बेहद कम हैं। पांच सीरीज के क्वालीफिकेशन की अंतिम दो सीरीज रविवार को होंगी।

दूसरी तरफ पुरुष स्कीट में शनिवार को क्वालीफिकेशन की अंतिम दो सीरीज हुई। अनंतजीत 25-25 शॉट की पांच सीरीज में 23, 22, 23, 24, 24 अंक से कुल 116 अंक जुटाकर 30 निशानेबाजों में 24वें स्थान पर रहे। शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। अमेरिका के कोनर लिन प्रिंस, चीनी ताइपे के मेंग युआन ली और इटली के तमारो कसांद्रो ने 125 अंक में से समान 124 अंक जुटाए। शूट ऑफ के बाद इन तीनों ने क्वालीफिकेशन में क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 16 | 11 | 9 | 36 |
| फ्रांस | 11 | 13 | 14 | 38 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 7 | 5 | 24 |
| अमेरिका | 11 | 20 | 20 | 51 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 10 | 10 | 12 | 32 |
| द. कोरिया | 9 | 6 | 5 | 20 |
| जापान | 8 | 5 | 9 | 22 |
| इटली | 6 | 8 | 4 | 18 |
| नीदरलैंड | 5 | 4 | 4 | 13 |
| जर्मनी | 4 | 3 | 2 | 9 |
| भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

## भारतीय हॉकी टीम के सामने होगी ब्रिटेन की मजबूत दीवार

पेरिस, एजेंसी

अपने अंतिम पूल मैच में तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत के बाद आत्मविश्वास से भरपूर भारत रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ जीत की इस लय को कायम रखने की कोशिश करेगा।

भारत ने पूल बी के अपने आखिरी मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराकर ओलंपिक में इस टीम के खिलाफ आधी सदी से अधिक (52 वर्षों) समय से चले आ रहे जीत के इंतजार को खत्म किया। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को इससे पहले 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में हराया था। ऑस्ट्रेलिया पर जीत के साथ ही भारत भारत पूल बी में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम के बाद दूसरे स्थान पर रहा, जबकि ग्रेट ब्रिटेन पूल ए में तीसरे स्थान पर था। भारतीय टीम पहले दो क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरी तरह से हावी दिखी और उसने लगातार आक्रामक खेल से मैच की गति को नियंत्रित किया।



- ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत के बाद सेमीफाइनल में जाने के लिए ब्रिटेन को हराना जरूरी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण मनप्रीत सिंह तथा उप-कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व वाले मिडफील्ड और गुरजंत सिंह तथा सुखजीत सिंह अग्रिम पंक्ति के बीच शानदार समन्वय था। गुरजंत और सुखजीत ने अपने खेल से ऑस्ट्रेलिया की रक्षा पंक्ति को दबाव में रखा। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ एक बार फिर से हर विभाग में बढ़त बनाने की कोशिश करेगी।

## अनवर अली ने बिना उचित कारण के मोहन बागान से तोड़ा नाता : एआईएफएफ

**कोलकाता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को कहा कि डिफेंडर अनवर अली (23) द्वारा अपने क्लब मोहन बागान सुपर जायंट के साथ खिलाड़ी ऋण समझौते से संबंधित समाप्ति बिना किसी उचित कारण के की गई।

एआईएफएफ की प्लेयर्स स्टेटस कमेटी ने अपने अंतरिम आदेश में अनवर अली द्वारा अपने क्लब मोहन बागान सुपर जायंट के साथ खिलाड़ी ऋण समझौते से संबंधित बर्खास्तगी को बिना किसी उचित कारण के पाया। समिति ने दो अगस्त 2024 को आयोजित अपनी बैठक में विवाद के दोनों पक्षों को सुना और निष्कर्ष निकाला कि खिलाड़ी द्वारा बिना किसी उचित कारण के अनुबंध समाप्त करने के लिए प्रतिवादी क्लब के लिए उपाय केवल क्षतिपूर्ति/मुआवजा और संबंधित विनियमों से उत्पन्न होने वाले अन्य संबंधित परिणामों में निहित है। समिति ने दिल्ली एफसी और ईस्ट बंगाल एफसी को प्रभावित पक्ष पाया और उन्हें अपना लिखित जवाब प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया, साथ ही खिलाड़ी और क्लब को आठ अगस्त, 2024 तक मुआवजे और इस तरह की समाप्ति से उत्पन्न होने वाले किसी भी अन्य परिणाम तक सीमित एक और जवाब प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई है।

## लक्ष्य की लय तोड़ने को सामने होंगे विक्टर



- ओलंपिक सेमीफाइनल में एक्सेलसन के खिलाफ लक्ष्य सेन को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

पेरिस, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन की सनसनी लक्ष्य सेन रविवार को जब यहां पेरिस ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल सेमीफाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से भिड़ेंगे तो उन्हें अपने पहले स्वर्ण पदक की उम्मीदों को बरकरार रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पहली बार ओलंपिक में खेल रहे सेन ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल मैच में चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन को 19-21 21-15 21-12 से हराकर बैडमिंटन में नया इतिहास रचा।

लक्ष्य ओलंपिक खेलों के व्यक्तिगत पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। लेकिन अब उनका सामना उस एक्सेलसन से है जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को कोई मौका नहीं दिया है। डेनमार्क के ओडेंस के रहने वाले इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। वह 2017 और 2022 में विश्व चैंपियन रहे। उनके नाम पर 2016 में थॉमस कप की जीत शामिल है। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन को डेनमार्क के खिलाड़ी से अभी तक सात बार हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने एक्सेलसन को केवल एक बार 2022 में जर्मन ओपन में हराया था।

### चिराग-सात्विक की हार के बाद बो ने छोड़ी कोचिंग

**पेरिस।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के कोच मथियास बो ने भारत की शीर्ष बैडमिंटन जोड़ी के पेरिस ओलंपिक से बाहर होने के बाद कोचिंग से संन्यास लेने की घोषणा की। सात्विक और चिराग गुरुवार को यहां पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक से 21-13, 14-21, 16-21 से हार गए। लंदन ओलंपिक के रजत पदक विजेता बो तोक्यो ओलंपिक से पहले चिराग और सात्विक के कोच के रूप में उनसे जुड़े थे। डेनमार्क के 44 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी बो ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, मेरे लिए, कोचिंग के दिन यहीं खत्म हो जाते हैं, मैं कम से कम अभी भारत या कहीं और नहीं जारी नहीं रखूंगा। मैंने बैडमिंटन हॉल में बहुत अधिक समय बिताया है और कोच बनना भी काफी तनावपूर्ण है, मैं एक थका हुआ बूढ़ा आदमी हूं। पेरिस में पुरुष युगल वर्ग में सात्विक और चिराग पदक के दावेदार थे और बो ने उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा मैं खुद भी इस भावना को अच्छी तरह से जानता हूं। हर दिन कड़ी मेहनत करना, अपने जीवन में सर्वश्रेष्ठ लय में रहना और फिर चीजें वैसी नहीं होतीं जैसी आप उम्मीद करते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### चीन में बाढ़ और भूस्खलन से दो की मौत, 17 लापता

**कांगडिंग, सिचुआन।** दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में बाढ़ और भूस्खलन के बाद 400 से अधिक कर्मियों को भेजा है। गार्जे के तिब्बती स्वायत्त प्रान्त कांगडिंग शहर में शनिवार सुबह लगभग 3 :30 बजे अचानक बाढ़ और भूस्खलन से एक सुरंग पुल गिर गया। एक गांव में घर नष्ट हो गए और दो लोगों की मौत हो गई और 17 लोग लापता हो गए।

### दक्षिणी फिलीपींस में 6.8 तीव्रता का भूकंप आया

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपींस के सुरिगाओ डेल सुर प्रांत में शनिवार सुबह 6 .8 तीव्रता का भूकंप आया। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वाल्कनोलोजी और सीस्मोलॉजी ने यह जानकारी दी। संस्थान ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 6 :22 बजे तटीय शहर लिंगिग से लगभग 66 किलोमीटर उत्तर पूर्व में 9 किलोमीटर की गहराई पर आया।

### अमेरिका में शक्तिशाली तूफान में विमान क्षतिग्रस्त

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कोलाराडो राज्य के फोर्ट कार्सन सैन्य प्रतिष्ठान में शक्तिशाली तूफान के कारण कई अमेरिकी सैन्य विमान क्षतिग्रस्त हो गये। फोर्ट कार्सन जनसंपर्क कार्यालय की विज्ञप्ति में शुक्रवार को कहा गया, एक अगस्त को लगभग आठ बजे, बट्स आर्मी हेलीपोर्ट पर शक्तिशाली तूफान के कारण कई अमेरिकी सैन्य विमान क्षतिग्रस्त हो गये।

### पनामा ने वेनेजुएला के नेता गोंजालेज को राष्ट्रपति चुना

**कराकास।** मध्य अमेरिकी देश पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो ने कहा कि वेनेजुएला के विपक्षी नेता एडमंडो गोंजालेज को वेनेजुएला के निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में मान्यता दे दी है। मुलिनो ने एक्स पर लिखा, पनामा ने एडमंडो गोंजालेज को वेनेजुएला के निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में मान्यता देने में साथ दिया है।

### वेनेजुएला में झड़प में दो सैन्यकर्मियों की मौत

**कराकास।** वेनेजुएला में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प के दौरान दो सैनिकों की मौत हो गई। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने संवाददाताओं से कहा, नेशनल गार्ड के दो सैनिकों की हत्या कर दी गई। हमारी संवेदनाएं उनके परिवारों और बच्चों के साथ है। इससे पहले एक व्यक्ति की मौत की खबर आई थी। वेनेजुएला में चुनाव 28 जुलाई को हुये थे।

### 9/11 के मुख्य आरोपी से समझौते की सहमति रद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने 11 सितम्बर, 2001 के हमलों के आरोपी मास्टरमाइंड और दो अन्य प्रतिवादियों की सजा कम करने के वास्ते समझौते के लिए इस सप्ताह के शुरू में बनी सहमति शुक्रवार को रद्द कर दी और उन्हें मृत्युदंड के मामलों के रूप में बहाल कर दिया। यह कदम क्यूबा के ग्वांतानामो बे स्थित सैन्य आयोग द्वारा घोषणा के दो दिन बाद उठाया गया है।

# आंदोलनकारियों ने वार्ता का न्योता अस्वीकारा

ढाका, एजेंसी

- ढाका की मुख्य सड़कों पर प्रदर्शनकारियों का घेराव

बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के नेताओं ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के वार्ता के न्योते को अस्वीकार कर दिया और राजधानी ढाका की मुख्य सड़कों पर प्रदर्शनकारियों द्वारा घेराव किये जाने के बाद, शनिवार को फिर से तनाव फैल गया। यह स्थिति आरक्षण विरोधी प्रदर्शनों में 200 से अधिक लोगों की मौत होने के कुछ दिन बाद पैदा हुई है। बांग्लादेश में हाल में पुलिस और मुख्य रूप से प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच हिंसक झड़पें हुईं, जो विवादास्पद कोटा प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर रैली निकालने के कारण सुरक्षाबलों को निगरानी रखने का आदेश दिया गया है।

### आरक्षण आंदोलनकारी आज से असहयोग आंदोलन पर

**बांग्लादेश।** बांग्लादेश में भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के नेताओं ने शुक्रवार को घोषणा की कि वे रविवार से अपना राष्ट्रव्यापी असहयोग आंदोलन शुरू करेंगे। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक आरक्षण सुधार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले नेताओं ने शनिवार को हाल ही में हुई हत्याओं के खिलाफ अपने असहयोग आंदोलन की घोषणा की और अपनी नौ सूत्री मांगों की वकालत की।

## अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने माना ट्रंप की सुरक्षा में हुई चूक

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सीक्रेट सर्विस ने 13 जुलाई को पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में चूक को स्वीकार किया है। ट्रंप एक रैली में उस समय बाल-बाल बच गए, जब 20 वर्षीय एक हमलावर ने उन पर कई गोलियां चलाईं। इस हमले में वह जख्मी हो गए थे और दाहिने कान के ऊपरी हिस्से पर चोट आई थी। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के कार्यवाहक निदेशक रोनाल्ड रोवे ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 13 जुलाई की घटनाओं में चूक के लिए सीक्रेट सर्विस पूरी तरह से जिम्मेदार है। यह एक मिशन विफलता थी। हमारी एजेंसी की एकमात्र जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि उन लोगों को कभी भी खतरा न हो जिनकी सुरक्षा का जिम्मा हमारे ऊपर है।

# कम लोकतांत्रिक तरीके से उम्मीदवार बनीं हैरिस

वाशिंगटन, एजेंसी

- राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की प्रचार अभियान टीम ने किया दावा
- कमला के चयन की प्रक्रिया को साम्यवादी चीन की याद दिलाने वाला करार दिया




अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की प्रचार अभियान टीम ने शुक्रवार को दावा किया कि कमला हैरिस सबसे कम लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गईं डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी हैं, क्योंकि उनके नाम पर एक भी वोट नहीं पड़ा। ट्रंप की प्रचार अभियान टीम ने कमला के चयन की प्रक्रिया को साम्यवादी चीन की याद दिलाने वाला करार दिया।

भारतीय-अफ्रीकी मूल की कमला (59) ने शुक्रवार को पर्याप्त डेलीगेट के वोट हासिल कर लिए, जिसके बाद उन्हें आधिकारिक तौर पर सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार घोषित किया गया। राष्ट्रपति चुनाव में उपराष्ट्रपति कमला का मुकाबला पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप (78) से होगा। ट्रंप की प्रचार अभियान टीम ने कहा, अमेरिकी इतिहास की सबसे कम लोकप्रिय उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को उनके नाम पर एक भी वोट पड़े बिना आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया गया।

### ट्रंप ने प्रतिबंध लगाने के लिए गूगल पर साधा निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने उनसे जुड़ी खबरों और तस्वीरों पर प्रतिबंध लगाने संबंधी खबरों को लेकर गूगल पर शुक्रवार को निशाना साधा। फॉक्स न्यूज के साथ साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा, गूगल का रवैया बहुत खराब रहा है। वे बहुत गैर-जिम्मेदार रहे हैं और मुझे लगता है कि गूगल बंद होने की कगार पर पहुंचने वाला है, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि कांग्रेस (अमेरिकी संसद) इसे स्वीकार करेगी। मुझे सचमुच ऐसा नहीं लगता।

### ट्रंप को धमकी देने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धमकी देने और बिना लाइसेंस के हथियार रखने के आरोप में वाशिंगटन डीसी में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। वाशिंगटन डीसी के मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा, जांचकर्ताओं की जांच के दौरान टेक्सास के सैन एंटोनियो की रहने वाली 41 वर्षीय क्रिस्टीना मोंटोया को बिना लाइसेंस के पिस्तौल रखने, बिना पंजीकरण के बंदूक रखने और पूर्व राष्ट्रपति को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि वह महिला टेक्सास से वाशिंगटन डीसी आई थी।

# प. एशिया में तैनाती बढ़ाएगा अमेरिका

## इजराइल की रक्षा के लिए लड़ाकू विमानों का दस्ता और विमान वाहक पोत भेजने का फैसला

वाशिंगटन, एजेंसी



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के मद्देनजर अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने वहां लड़ाकू विमानों का दस्ता और विमान वाहक पोत तैनात करने का फैसला किया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने यह जानकारी दी। पेंटागन ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने ईरान और उसके सहयोगियों के संभावित हमलों से इजराइल की रक्षा करने और अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पश्चिम एशिया में सैन्य उपस्थिति बढ़ाने का निर्णय लिया है।

पेंटागन ने एक बयान में कहा कि रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने यूरोप और पश्चिम एशिया के क्षेत्रों में अतिरिक्त बैलिस्टिक मिसाइल से लैस जहाज और विध्वंसक पोत तैनात करने का भी आदेश दिया है। इसके अलावा, ऑस्टिन वहां जमीन से वार करने वाली अतिरिक्त बैलिस्टिक मिसाइल भेजने की दिशा में भी कदम उठा रहे हैं। अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाने का फैसला ऐसे समय में किया है, जब अमेरिकी नेताओं ने यह चिंता जताई है कि इजराइल के हालिया हमलों में हमास और हिजबुल्ला के शीर्ष कमांडरों के मारे जाने के कारण क्षेत्र में हिंसा बढ़ सकती है, क्योंकि दोनों उग्रवादी समूहों के अलावा ईरान ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है।

### हवाई हमले में नौ फिलिस्तीनी आतंकी मारे गए : इजराइल

**जेइटा (वेस्ट बैंक)।** उत्तरी वेस्ट बैंक में किये गए दो इजराइली हवाई हमले में नौ फिलिस्तीनी आतंकी मारे गए हैं। इजराइली सेना यह जानकारी दी। इजराइली सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने शनिवार सुबह उत्तर-पश्चिम वेस्ट बैंक के तुलकारेम शहर के उत्तर-पश्चिम में एक ग्रामीण इलाके में पांच आतंकवादियों को ले जा रहे एक वाहन को निशाना बनाया। वाहन में सवार लोग हमला करने के लिए जा रहे थे। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इन लोगों के शवों को पास के अस्पताल ले जाया गया।

### हवाई हमले में हिजबुल्ला के सैन्य अधिकारी की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में इजरायल द्वारा किए गए हवाई हमले में हिजबुल्ला के एक सैन्य अधिकारी की मौत हो गई। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि एक इजराइली ड्रोन ने दक्षिण-पश्चिमी नगरपालिका बाजौरीह में मुख्य सड़क पर यात्रा कर रही एक कार पर तीन एयर-टू-ग्राउंड मिसाइलें दागीं, जिससे उसके चालक की मौत हो गई, जिसके शव को एम्बुलेंस द्वारा टायर शहर में इतालवी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। मृतक की पहचान अली नाजिह अब्दुल अली के रूप में की गई है, जो दक्षिण-पश्चिमी लेबनान के शहर एतात में एक हिजबुल्ला सैन्य अधिकारी था, जो सीमावर्ती क्षेत्र के पश्चिमी क्षेत्र में सक्रिय था। इसके अलावा, इजराइल ने शुक्रवार रात को सीरियाई-लेबनानी सीमा पर हावश अल-सैय्यद अली क्षेत्र में खाद्य आपूर्ति से लदे ट्रकों को निशाना बनाते हुए तीन हमले किए, जिसमें सीरियाई चालक घायल हो गया।

### इजराइल में अमेरिकी दूतावास ने अलर्ट जारी किया

**यरूशलम।** यरूशलम में अमेरिकी दूतावास ने एक नया सुरक्षा अलर्ट जारी कर अमेरिकी नागरिकों से बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के कारण संभावित अचानक हवाई हमलों से सावधान रहने का आग्रह किया है। दूतावास ने शुक्रवार को सलाह में कहा, क्षेत्रीय तनाव में वृद्धि के कारण, यरूशलम में अमेरिकी दूतावास लगातार और बारीकी से सुरक्षा स्थिति की निगरानी कर रहा है। अमेरिकी दूतावास अमेरिकी नागरिकों को सावधानी बरतने और व्यक्तिगत सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने की निरंतर आवश्यकता की याद दिलाता है क्योंकि मोर्टार और रॉकेट फायर और मानव रहित विमान प्रणाली (यूएएस) घुसपैठ सहित सुरक्षा घटनाएं अक्सर बिना किसी चेतावनी के होती हैं। एडवाइजरी में कहा है कि सुरक्षा माहौल जटिल है।

# हनियेह की हत्या में ईरानी एजेंटों का हाथ

जेरूसलम, एजेंसी

- ब्रिटेन के समाचार पत्र द टेलीग्राफ ने आईआरजीसी के अज्ञात स्रोतों के हवाले से यह रिपोर्ट दी

फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हनियेह को जिस रिमोट कंट्रोल्ड विस्फोटक उपकरण से मारा गया था, उसे गेस्ट हाउस के कमरे में रखने के लिए इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प (आईआरजीसी) एजेंटों की मदद ली थी। ब्रिटेन के समाचार पत्र द टेलीग्राफ ने आईआरजीसी के अज्ञात स्रोतों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है।

इस सप्ताह की शुरुआत में न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट दी थी कि हनियेह की हत्या उस विस्फोटक से की गयी, जिसे दो माह पहले मोसाद द्वारा किराये पर लिये गये आईआरजीसी के एजेंटों ने तेहरान के उस गेस्टहाउस में रखा गया था जहां वह ठहरा हुआ था। समाचार पत्र ने कहा कि उत्तरी तेहरान में आईआरजीसी गेस्टहाउस के कमरों में कथित तौर पर तीन विस्फोटक उपकरण रखे गए थे। जहां हनियेह की रुकने की उम्मीद थी। अखबार ने कहा कि रिमोट कंट्रोल्ड उपकरणों में 31 जुलाई को विदेश से विस्फोट किया गया था।

### ईरान ने दर्जनों अधिकारियों को किया गिरफ्तार

**तेहरान।** ईरान में हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हनियेह की हत्या की जांच के बीच उच्च पदस्थ खुफिया और सैन्य अधिकारियों सहित दर्जनों कानून प्रवर्तन अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है। स्थानीय मीडिया सूत्रों ने जांच से जुड़े ईरान के सूत्रों के हवाले से शनिवार को यह जानकारी दी।

### कम दूरी के रॉकेट से हनियेह को निशाना बनाया: ईरान

**यरूशलम।** ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड ने कहा है कि हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हनियेह की हत्या कम दूरी वाले एक रॉकेट हमले के जरिये की गई और अमेरिका पर इस इजराइली हमले का समर्थन करने का आरोप लगाया। सरकारी टीवी में शनिवार को आई खबर में यह कहा गया है।

## ब्रिटेन के सुंदरलैंड में दंगों में तीन पुलिस अधिकारी घायल

**लंदन।** ब्रिटेन के सुंदरलैंड में हुए दंगों में तीन पुलिस अधिकारी घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रसारक स्काई न्यूज ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक विरोध प्रदर्शन के दौरान एक पुलिस स्टेशन में आग लगा दी गई और अधिकारियों पर वस्तुएं फेंकी गईं जिससे वहां दंगे की स्थिति हो गयी। सुंदरलैंड में दंगे जाहितर तौर पर साउथपोर्ट में चाकूबाजी की घटना की प्रतिक्रिया थी, वहां हिंसक अव्यवस्था और चोरी सहित कई अपराधों के लिए आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पिछले हफ्ते, इंग्लैंड के साउथपोर्ट में बच्चों के डांस क्लब पर चाकू से किए गए हमले में तीन युवा लड़कियों की मौत हो गई थी।

# पाकिस्तान में आईएसआईएस कमांडर समेत तीन गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने देश के पंजाब प्रांत में आईएसआईएस के एक महत्वपूर्ण कमांडर सहित तीन कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को जानकारी दी।

पंजाब पुलिस के आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) ने एक बयान में कहा कि फैसलाबाद, झेलम और चकवाल शहरों में खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के दौरान तीन आईएसआईएस आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। सीटीडी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में आईएसआईएस का एक महत्वपूर्ण कमांडर अब्दुल वहाब भी शामिल है। अन्य दो आईएसआईएस आतंकवादियों की पहचान सैफुल्लाह और खुर्रम अब्बास के रूप में हुई है।

### पीटीआई नेता 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद की एक आतंकवाद विरोधी अदालत ने शनिवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सूचना सचिव रऊफ हसन को आतंकवाद से संबंधित एक मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जज ताहिर अब्बास सुप्रा ने हसन की सात दिनों की न्यायिक हिरासत की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया।

## रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने यूक्रेन के 75 ड्रोन मार गिराए

**मास्को।** रूस ने यूक्रेन के 75 ड्रोनों को मार गिराने का दावा किया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने कई क्षेत्रों में रात भर में 75 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया है। मंत्रालय ने कहा, रूसी शासन द्वारा रात में रूसी संघ के क्षेत्र में मानव रहित हवाई वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमले को अंजाम देने के प्रयास किया गया। इस दौरान ड्यूटी पर मौजूद वायु रक्षा प्रणालियों ने रोस्तोव क्षेत्र में 36 विमान-प्रकार के यूएवी को नष्ट कर दिया। वहीं, कुर्स्क क्षेत्र में आठ, बेलगोरोड क्षेत्र में नौ, ओर्योल क्षेत्र में 17, रियाज़ान क्षेत्र में दो और वोरोनिश क्षेत्र, आज़ोव सागर और क्रास्नोडार क्षेत्र में क्रमशः एक-एक यूएवी को मार गिराया गया।

# सोमालिया में आतंकवादी हमले में 31 लोगों की मौत

मोगादिशु, एजेंसी

- राजधानी मोगादिशु में समुद्र तट के किनारे स्थित एक होटल पर अल-शबाब आतंकियों का हमला

सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में समुद्र तट के किनारे स्थित एक होटल पर शुक्रवार शाम अल-शबाब आतंकवादियों के हमले में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गयी और 61 अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार की सुबह हमले की पुष्टि की।

उन्होंने बताया कि मोगादिशु में लीडो बीच होटल समुद्र तट पर स्थित होटलों और रेस्तराओं से घिरा एक लोकप्रिय हैंगआउट स्थल है और जहां सरकारी अधिकारी और व्यवसायी अक्सर आते-जाते रहते हैं। यहां कल शाम आतंकवादियों ने हमला किया। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया और होटल के अंदर विस्फोटकों में विस्फोट करने के बाद एक आत्मघाती हमलावर मारा गया।

सुरक्षा बलों ने समुद्र तट के किनारे स्थित होटल में फंसे कई नागरिकों को निकाला और इलाके में खड़ी विस्फोटकों से लदी एक गाड़ी को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर निष्क्रिय कर दिया। स्थानीय मीडिया पर साझा किये गये वीडियो में कई लोग समुद्र तट पर मृत अथवा बुरी तरह घायल पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं और कुछ लोग मदद के लिए पुकारते नजर आ रहे थे। अल-शबाब आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

## वियतनाम के राष्ट्रपति कम्युनिस्ट पार्टी के नये प्रमुख चुने गए



**नोम पेन्ह (कंबोडिया)।** वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम को देश की कम्युनिस्ट पार्टी का नया प्रमुख चुना गया है। वह गुयेन फू त्रोंग की जगह लेंगे, जिनका इस साल 19 जुलाई को निधन हो गया था। लाम कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ वियतनाम के महासचिव होंगे। इस पद को देश का सबसे शक्तिशाली राजनीतिक पद माना जाता है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि लाम राष्ट्रपति पद पर बरकरार रहेंगे या नहीं। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ वियतनाम के पूर्व महासचिव त्रोंग का 2011 में इस पद पर काबिज होने के बाद उनके निधन तक वियतनाम की राजनीतिक में दबदबा था।

## बॉलीवुड हलचल

# जो भी हो तुम खुदा की कसम लाजवाब हो...

- शकील बदायूंनी के जन्मदिवस पर खास

**मुंबई।** मशहूर शायर और गीतकार शकील बदायूंनी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके लिखे गीत आज भी संगीत प्रेमियों के जेहन जिंदा हैं। मैं शकील दिल का हूं तर्जुमा, कि मोहब्बतों का हूँ राजदान मुझे फख्रहै मेरी शायरी मेरी जिंदगी से जुदा नहीं उत्तर प्रदेश के बदांयू कस्बे में 03 अगस्त 1916 को जन्में शकील अहमद उर्फ शकील बदायूंनी बी .ए पास करने के बाद वर्ष 1942 में दिल्ली पहुंचे जहां उन्होनें आपूर्ति विभाग में आपूर्ति अधिकारी के रूप में अपनी पहली नौकरी की। इस बीच वह मुशायरों में भी हिस्सा लेते रहे जिससे उन्हें पूरे देश भर मे शोहरत हासिल हुई। अपनी शायरी की बेपनाह कामयाबी से उत्साहित शकील बदायूंनी ने नौकरी छोड़ दी और वर्ष 1946 में दिल्ली से मुंबई आ गये। मुंबई में उनकी मुलाकात उस समय के मशहूर निर्माता ए .आर . कारदार उर्फ कारदार साहब और महान संगीतकार नौशाद से हुयी।

## अर्जुन को पसंद आयी जान्हवी कपूर की फिल्म उलझ



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर को अपनी बहन जान्हवी कपूर की फिल्म उलझ बेहद पसंद आयी है। जंगली पिक्चर्स द्वारा प्रस्तुत, उलझ में जान्हवी कपूर, गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, मेयांग चांग, राजेश तैलंग, आदिल हुसैन और जितेंद्र जोशी की अहम भूमिका है। फिल्म उलझ 02 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी है। इस फिल्म की तारीफ कई सितारों ने की है। अब इस लिस्ट में अर्जुन कपूर का नाम भी शामिल हो गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म उलझ की तारीफ की है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अर्जुन कपूर ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, उलझ एक शानदार जासूसी ड्रामा है, जिसमें फिल्म के हर किरदार ने बेहतरीन अदाकारी दिखाई है। जान्हवी कपूर, आप अलग-अलग कंटेंट और जटिल किरदारों का चयन करती हैं। आप पर गर्व है। जासूसी सही तरीके से की गई है। शानदार अभिनय और अच्छे सिनेमा की सराहना करने वाले हर व्यक्ति को यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए।

### आईसी 814 द कंधार हाईजैक का टीजर रिलीज

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स इंडिया ने आईसी814 द कंधार हाईजैक का टीजर रिलीज कर दिया है। आईसी 814 द कंधार हाइजैक ड्रामा थ्रिलर है, जो 1999 के समय में हुई प्लेन हाईजैक की घटना पर आधारित है। विजय वर्मा इसमें पायलट के किरदार में नजर आएंगे। टीजर की शुरुआत में कुछ भारतीय यात्रियों को दिखाया गया है जो नेपाल के काठमांडू में त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार हो रहे हैं। विजय वर्मा एक पायलट के किरदार में नजर आ रहे हैं।

**खगोल विज्ञान** | एरियल पर 1986 में अंतरिक्ष यान वोयाजर 2 ने रेकी कर तस्वीरों को कैद किया था

# पानी का ठिकाना : यूरेनस के चांद पर छिपा है महासागर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पानी की तलाश में ब्रह्मांड की खाक छानने में जुटे खगोलविदों को एक नया ठिकाना मिला है, यह ठिकाना हमारे सौर परिवार के ग्रह यूरेनस का एक चंद्रमा है। जिसका नाम एरियल है। पता चला है कि चांद की इस दुनिया में महासागर छिपा हुआ है।

यूरेनस हमारे सौर मंडल के अंतिम छोर का ग्रह हैं। इसके चंद्रमा एरियल पर 1986 में अंतरिक्ष यान वोयाजर 2 ने रेकी की थी और एरियर की तस्वीरों को कैद किया था। मगर कई दशक बाद भी वैज्ञानिक तस्वीरों का अध्ययन नहीं कर पाए थे, मगर अब गहराई से देखा गया तो आश्चर्यजनक नतीजे सामने आए और पता चला कि एरियल के उपसतह में महासागर छिपा हुआ है। वैज्ञानिकों के अनुसार एरियल की सतह पर कार्बन डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड बर्फ के रूप में मौजूद है। इसकी पुष्टि के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से एरियल को देखा गया और इसकी सतह पर बर्फ से ढके महासागर होने की संभावना पुख्ता हो सकी।



अपने उपग्रहों के साथ यूरेनस।

वैज्ञानिक इस संभावना से इतने रोमांचित हैं कि वे एक अन्य संभावित समुद्री चंद्रमा, बृहस्पति के चंद्रमा यूरोपा पर एक अंतरिक्ष मिशन भेज रहे हैं। इस खोज के बाद वैज्ञानिकों को लगने लगा है कि ये समुद्री चंद्रमा मानव जीवन का घर हो सकते हैं। लॉरेल स्थित मैरीलैंड में जॉन्स हॉपकिन्स एप्लाइड फिजिक्स लेबोरेटरी के वैज्ञानिकों को इसका श्रेय जाता है।

### भौगोलिक दृष्टि से अनोखी दुनिया है एरियल की

**नैनीताल :** द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में अध्ययन प्रकाशित किया गया है। एरियल की सतह भौगोलिक दृष्टि से यूरेनस के 28 ज्ञात अन्य चंद्रमाओं में एक अनोखी दुनिया है। यह बड़े पैमाने पर पानी, कार्बन डाइऑक्साइड और अमोनिया बर्फ से ढका हुआ है। इस उपग्रह पर कार्बन डाइऑक्साइड बर्फ की मौजूदगी खगोलविदों को आश्चर्यचकित करती है।